# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्ष: 15 | अंक: 212

मूल्य: ₹3.00/-

पेज : 12

गुरुवार | 16 मई, 2024


# सीएए के तहत 14 लोगों को मिला नागरिकता प्रमाण पत्र

## गृह मंत्रालय ने सर्टिफिकेट जारी किया, 11 मार्च को लागू हुआ था कानून, गृह मंत्रालय ने दी जानकारी

- नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 किया गया था पेश
- नागरिकता के लिए करना होगा ऑनलाइन आवेदन
- आवेदक को बताना होगा कि वे भारत कब आए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के तहत 14 शरणार्थियों को नागरिकता प्रमाणपत्र का पहला सेट बुधवार को राजधानी दिल्ली में सौंपा गया है। केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला ने ये प्रमाणपत्र उनलोगों को सौंपे। इससे पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता देने की प्रक्रिया शुरू हो गई। गृह मंत्रालय ने इस बाबत जानकारी दी है। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) इस साल 11 मार्च को देश में लागू हो गया था। नागरिकता संशोधन विधेयक 2019 को संसद द्वारा पारित किया गया था। बाद में इस विधेयक को राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया था। सीएए के जरिए पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई समुदायों से संबंधित अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता लेने में आसानी होगी।

### रद्द हो जाएगा पंजीकरण

सीएए को बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के गैर-मुस्लिम प्रवासियों को भारतीय राष्ट्रीयता प्रदान करने के लिए दिसंबर 2019 में अधिनियमित किया गया था, जो 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत आए थे। नागरिकता अधिनियम में देशीयकरण द्वारा नागरिकता का प्रावधान किया गया है। आवेदक को पिछले 12 महीनों के दौरान और पिछले 14 वर्षों में से आखिरी साल 11 महीने भारत में रहना चाहिए। कानून में छह धर्मों (हिंदू, सिख, जैन, बौद्ध, पारसी और ईसाई) और तीन देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान) से संबंधित व्यक्तियों के लिए 11 वर्ष की जगह छह वर्ष तक का समय है। कानून में यह भी प्रावधान है कि यदि किसी नियम का उल्लंघन किया जाता है तो ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों का पंजीकरण रद्द किया जा सकता है।

### नागरिकता संशोधन कानून की 3 बड़ी बातें...

- **किसे मिलेगी नागरिकता:** 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश से धार्मिक आधार पर प्रताड़ित होकर भारत आए हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के लोगों को नागरिकता दी जाएगी। इन तीन देशों के लोग ही नागरिकता के लिए आवेदन कर सकेंगे।
- **भारतीय नागरिकों पर क्या असर:** भारतीय नागरिकों से सीएए का कोई सरोकार नहीं है। संविधान के तहत भारतीयों को नागरिकता का अधिकार है। सीएए या कोई कानून इसे नहीं छीन सकता।
- **आवेदन कैसे कर सकेंगे:** आवेदन ऑनलाइन करना होगा। आवेदक को बताना होगा कि वे भारत कब आए। पासपोर्ट या अन्य यात्रा दस्तावेज न होने पर भी आवेदन कर पाएंगे। इसके तहत भारत में रहने की अवधि 5 साल से अधिक रखी गई है। बाकी विदेशियों (मुस्लिम) के लिए यह अवधि 11 साल से अधिक है।

### सीएए के 3 फैक्ट

- **3 देशों के गैरकानूनी मुस्लिम इमिग्रेंट्स का क्या:** सीएए विदेशियों को निकालने के बारे में नहीं है। इसका गैरकानूनी शरणार्थियों को निकालने से लेना-देना नहीं है। ऐसे शरणार्थियों के लिए विदेशी अधिनियम 1946 और पासपोर्ट अधिनियम 1920 पहले से लागू हैं। दोनों कानूनों के तहत किसी भी देश या धर्म के विदेशियों का भारत में प्रवेश या निष्कासन किया जाता है।
- **सीएए को अब तक क्यों टालती रही सरकार:** भाजपा शासित असम-त्रिपुरा में सीएए को लेकर आशंकाएं रही हैं। सबसे पहले विरोध भी असम में हुआ। सीएए में व्यवस्था है कि जो विदेशी 24 मार्च 1971 से पहले असम आकर बस गए, उन्हें नागरिकता दी जाए। इसके बाद बांग्लादेश अलग देश बन गया था।
- **सीएए को लेकर लोगों को क्या आशंका थी:** सीएए को देश में एनआरसी यानी नेशनल सिटीजनशिप रजिस्टर बनाने की सीढ़ी के तौर पर देखा गया। लोगों को आशंका थी कि विदेशी घुसपैठिया बताकर बड़ी संख्या में लोगों को निकाल बाहर किया जाएगा। पड़ोसी देश बांग्लादेश में आशंका व्यक्त की गई कि सीएए के बाद एनआरसी लागू होने से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी शरणार्थी उसके यहां लौट आएंगे।

### 1955 के कानून में बदलाव किया गया

नागरिकता संशोधन विधेयक 2016 पेश किया गया था। इसमें 1955 के कानून में कुछ बदलाव किया जाना था। 12 अगस्त 2016 को इसे संयुक्त संसदीय कमेटी के पास भेजा गया। कमेटी ने 7 जनवरी 2019 को रिपोर्ट सौंपी थी। सिटिजनशिप अमेंडमेंट बिल को गृहमंत्री अमित शाह ने 9 दिसंबर 2019 को लोकसभा में पेश किया था। 11 दिसंबर 2019 को राज्यसभा में इसके पक्ष में 125 और खिलाफ में 99 वोट पड़े थे। 12 दिसंबर 2019 को इसे राष्ट्रपति की मंजूरी मिल गई थी।

### किन राज्यों में विदेशियों को नागरिकता दी जा रही है?

नागरिकता अधिनियम 1955 के तहत 9 राज्यों के 30 से अधिक जिला मजिस्ट्रेट और गृह सचिवों को नागरिकता देने के अधिकार दिए गए हैं। ये राज्य हैं- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा, पंजाब, क्क दिल्ली, महाराष्ट्र।

### 4 साल में 3,117 अल्पसंख्यकों को मिली नागरिकता

गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने दिसंबर 2021 में राज्यसभा में बताया था कि साल 2018, 2019, 2020 और 2021 के दौरान पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए कुल 3,117 अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता दी गई। हालांकि आवेदन 8,244 मिले थे। वहीं, गृह मंत्रालय की 2021-22 की रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल-दिसंबर 2021 में कुल 1,414 विदेशियों को भारतीय नागरिकता दी गई।

### चार राज्यों में सीएए के विरोध में प्रस्ताव पारित हो चुका है

सीएए बिल के संसद के दोनों सदनों से पास होने के बाद 4 राज्य इसके विरोध में विधानसभा में प्रस्ताव पारित कर चुके हैं। सबसे पहले केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने दिसंबर 2019 में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पेश करते हुए कहा कि यह धर्मनिरपेक्ष नजरिए और देश के ताने-बाने के खिलाफ है। इसमें नागरिकता देने से धर्म के आधार पर भेदभाव होगा। इसके बाद पंजाब और राजस्थान सरकार ने विधानसभा में सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। चौथा राज्य पश्चिम बंगाल था, जहां इस बिल के विरोध में प्रस्ताव पारित किया गया। पश्चिम बंगाल की सीएम ने कहा था- बंगाल में हम सीएए, एनपीआर और एनआरसी की अनुमति नहीं देंगे।




# 'विपक्ष आईसीयू में है, इन्हें वोट देकर ऑक्सीजन मत दीजिए'

**जन एक्सप्रेस | प्रयागराज**

सिराथू विधानसभा क्षेत्र के सैनी कस्बे में स्थित कृषि मैदान में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर जमकर तीखा हमला बोला। केशव ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस ये सारी पार्टियां आईसीयू में हैं। इसलिए इनको अपना वोट देकर इन्हे ऑक्सीजन मत दीजिए। यह लोग पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने नहीं गए और माफिया मुख्तार अंसारी की कब्र पर फूल चढ़ाने पहुंचे थे। कौशाम्बी संसदीय सीट से सांसद व भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के समर्थन में पहुंचे केशव ने का हेलीकॉप्टर से उतरने पर भाजपा नेताओं ने फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जय श्रीराम से अपने भाषण की शुरुआत की। मौर्य ने कहा कि कौशाम्बी लोकसभा में विनोद सोनकर प्रत्याशी नहीं हैं बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और सीएम योगी के प्रत्याशी हैं, इसलिए आप अपना वोट खराब मत करिए और अपना आशीर्वाद देकर मोदी सरकार को देकर भारी बहुमत से जिताइए। केशव प्रसाद ने आगे कहा कि कई ऐसे अवसर आते हैं जब आपको पछताना पड़ता है, इसलिए इस बार का लोकसभा का चुनाव ऐसा नहीं है, जिसमें आप बाद में पछताएं इसलिए मजबूत भारत और सबका साथ सबका विकास के लिए मोदी को फिर से पीएम बनाने के लिए अपना आशीर्वाद दीजिए। डिप्टी सीएम ने कहा कि समाजवादी पार्टी का अस्तित्व नहीं बचेगा। क्योंकि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा 80 सीट पाने जा रही है।

### सरायअकिल एक हजार लोगों का मुकदमा वापस: केशव

केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सपा, बसपा और कांग्रेस के कार्यकाल में दंगे हुआ करता थे। सरायअकिल कस्बे के एक हजार लोग 31 साल पहले हुए दंगे का मुकदमा झेल रहे थे। जिसे सरकार ने वापस ले लिया है। कहा 2022 के चुनाव में थोड़ी सी चूक से हम तीनों विधान सभा सीट हार गए थे। इस बार कोई गलती नहीं होनी चाहिए। 400 पार में कौशाम्बी से विनोद सोनकर को सांसद बनाकर दिल्ली भेजना होगा। समाजवादी पार्टी में सूची बनाई जाती थी। गरीब को अमीर की सूची में रखा जाता था।

# पूर्व राज्यपाल कमला बेनीवाल का निधन

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर**



कांग्रेस की जाट राजनीति का चेहरा रहीं कमला बेनीवाल भी उपचुनावों से ही निकलीं। उन्होंने 1954 में आमेर विधानसभा सीट से उपचुनाव जीता। इसके बाद वे राजस्थान की उपमुख्यमंत्री से लेकर गुजरात और मिजोरम की राज्यपाल तक बनीं। साल 2003 में कमला बेनीवाल उपमुख्यमंत्री बनी। बतौर मंत्री बेनीवाल के बाद गृह, चिकित्सा और स्वास्थ्य, शिक्षा और कृषि सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विभाग रहे। अशोक गहलोत सरकार में भी वे राजस्व मंत्री रहीं।

### पार्टी में विभिन्न पदों पर भी रही

1977 के चुनावों के दौरान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव, राजस्थान कांग्रेस कार्यकारी समिति के सदस्य, राजस्थान महिला कांग्रेस के अध्यक्ष, राजस्थान प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य व बाद में चुनाव अध्यक्ष के रूप में कार्य किया।

### त्रिपुरा, गुजरात व मिजोरम की रह चुकी है राज्यपाल

डॉ. कमला को 2009 में त्रिपुरा का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। वह पूर्वोत्तर भारत के किसी भी राज्य की पहली महिला राज्यपाल थीं। एक महीने बाद, उन्हें 27 नवंबर 2009 को गुजरात का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जहां उन्होंने चार साल से अधिक समय तक सेवा की। 6 जुलाई 2014 को उनका तबादला मिजोरम के राज्यपाल पद पर कर दिया गया।

# राहुल गांधी के चुनावी यान के 'पायलट' बने सचिन पायलट

## मां सोनिया गांधी का आशीर्वाद रायबरेली से विजय श्री के लिए पर्याप्त नहीं, चुनाव को धार देने में जुटे सचिन

- कांग्रेस रायबरेली में किसी तरह का चुनावी उलटफेर नहीं चाहती
- सचिन पायलट कांग्रेस के युवा और प्रभावी चेहरों में से एक हैं
- उन्हें राजस्थान में कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाने का श्रेय दिया जाता है

**जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा**



**लखनऊ।** राहुल गांधी रायबरेली सीट पर किसी तरीके का रिस्क लेने के मूड में नहीं हैं। यही कारण है कि वो इस सीट को परिवार की पारंपरिक सीट होने और मां सोनिया गांधी के आशीर्वाद के भरोसे नहीं छोड़ रहे। इस सीट पर विजय श्री सुनिश्चित करने के लिए राहुल गांधी ने कांग्रेस की साफ सुथरी छवि के नेता सचिन पायलट को विशेष रूप से अपने चुनावी अभियान की कमान सौंपी है। उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट कांग्रेस के लिए परंपरागत चुनाव क्षेत्र रहा है। सोनिया गांधी से पहले इस सीट से इंदिरा गांधी भी सांसद रह चुकी हैं। अब सोनिया गांधी ने यह सीट बेटे राहुल गांधी के हवाले किया है। लोकसभा चुनाव-2024 में राहुल गांधी ने कांग्रेस की ओर से इस सीट से पर्चा भरा है। दिलचस्प बात यह है कि राहुल गांधी केरल के वायनाड सीट से भी कांग्रेस उम्मीदवार हैं। दूसरी तरफ, अमेठी सीट से गांधी परिवार का कोई भी सदस्य चुनाव नहीं लड़ रहा है। यहां से राहुल गांधी को चुनावी हार का सामना करना पड़ा था। बहरहाल, रायबरेली सीट से चुनाव मैदान में उतरे राहुल गांधी के लिए सिर्फ सोनिया गांधी का आशीर्वाद पर्याप्त नहीं हो रहा है। उन्हें सचिन पायलट का भी भरपूर साथ चाहिए। यही वजह है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता यहां लगातार राहुल के लिए प्रचार कर रहे हैं। सचिन पायलट रायबरेली में राहुल गांधी के लिए धुआंधार चुनाव प्रचार कर रहे हैं। सबके मन में एक ही सवाल उठ रहा है कि आखिरकार सचिन पायलट इस हाई-प्रोफाइल लोकसभा सीट पर इतने एक्टिव क्यों हैं? दरअसल, राहुल गांधी को अमेठी से रायबरेली सीट पर शिफ्ट किया गया है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी में हार का सामना करना पड़ा था। ऐसे में कांग्रेस रायबरेली में किसी तरह का चुनावी उलटफेर नहीं चाहती है। सचिन पायलट कांग्रेस के युवा और प्रभावी चेहरों में से एक हैं। उन्हें राजस?थान में कांग्रेस को फिर से सत?ता में लाने का श्रेय दिया जाता है। हालांकि, सीएम की कुर्सी उनकी पहुंच से दूर रही थी।

### रायबरेली के लोग मन बना कर बैठे हैं कि राहुल गांधी को जिताना है: सचिन पायलट

लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण में रायबरेली की सीट पर सबकी नजर है। इस सीट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सामने बीजेपी उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह चुनावी मैदान में हैं। सोनिया गांधी का गढ़ रही इस सीट पर अब बेटे राहुल गांधी विरासत संभालने की कोशिश कर रहे हैं और उनके लिए कांग्रेस पूरी ताकत लगा रही है। इसी बीच राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट उनके प्रचार के लिए रायबरेली पहुंचे। यहां सचिन पायलट ने राहुल गांधी की जीत को लेकर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि रायबरेली में एकतरफा चुनाव है। यहां से राहुल गांधी रिकॉर्ड मतों से जीत कर आएंगे। सचिन पायलट ने कहा कि राहुल गांधी के चुनाव लड़ने से न केवल रायबरेली में बल्कि पूरे प्रदेश में इंडिया गठबंधन को मजबूती मिल रही है। रायबरेली के लोग यहां मन बना कर बैठे हैं कि राहुल गांधी को जिताना है।

### कांग्रेस में बतौर स्टार प्रचारक सचिन की काफी डिमांड है

राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ कद्दावर नेता सचिन पायलट मंगलवार को रायबरेली चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। कांग्रेस में बतौर स्टार प्रचारक उनकी काफी डिमांड है। वहीं, सचिन पायलट के राहुल गांधी का करीबी भी माना जाता है। सचिन पायलट का ऐसे में चुनाव प्रचार करने के लिए रायबरेली आना सहज ही था। राहुल गांधी के साथ कांग्रेस भी चाहती है कि रायबरेली में साफ-स्वच्छ और ऊर्जावान नेता जनता के बीच पार्टी के एजेंडे को ले जाए। बता दें कि राहुल गांधी जब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे तब सचिन पायलट उनके पार्टी सुधार मुहिम को आगे ले जाने वालों में बड़ी भूमिका निभाई थी। उन्होंने राहुल गांधी का विश्वास हासिल किया था। अब सचिन पायलट राहुल गांधी के लिए रायबरेली में चुनाव प्रचार का अभियान चला रहे हैं।

**रिपोर्ट** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जालौन लोकसभा क्षेत्र के उरई में एनडीए के संयुक्त प्रत्याशी भानु प्रसाद वर्मा के समर्थन में की जनसभा

# इस चुनावी महाभारत में दुर्योधन और दुशासनों के खिलाफ कृष्ण की भूमिका में हैं पीएम मोदी: योगी

- सीएम योगी ने कहा, ये चुनाव रामभक्तों और राम द्रोहियों के बीच हो रहा है, जिसमें रामद्रोहियों का हमेशा पतन हुआ है
- ये जो रामद्रोही हैं वो केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं, वहीं मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है: सीएम योगी
- बुंदेलखंड के डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाली तोप जब भारत की सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तानियों की पैंट गीली हो जाती है: मुख्यमंत्री

**जन एक्सप्रेस | जालौन**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को जालौन लोकसभा क्षेत्र के उरई में केंद्रीय मंत्री और भाजपा, अपना दल, राष्ट्रीय लोकदल, निषाद पार्टी, सोहेल देव राजभर पार्टी के संयुक्त प्रत्याशी भानु प्रसाद वर्मा के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में सीएम योगी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के नेताओं पर जमकर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आज सुबह सुबह ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान सुन रहा था। उन्होंने कहा कि चुनाव में दो ध्रुवीकरण हो चुके हैं। खड़गे जी से कहना चाहता हूं कि देश का चुनाव ध्रुवीकरण के बीच नहीं, ये चुनाव तो रामभक्तों और राम द्रोहियों के बीच में हो रहा है। एक तरफ सभी रामद्रोही खड़े हैं, रामभक्तों पर गोली चलाने वाले खड़े हैं, देश के साथ गद्दारी करने वाले और पाकिस्तान का राग अलापने वाले खड़े हैं, उन दुर्योधन और दुशासनों के खिलाफ इस महाभारत में आज मोदी जी भारतीय जनता पार्टी का सारथी बनकर कृष्ण की भूमिका में खड़े हैं। सीएम योगी ने कहा, रामद्रोही हमेशा पराजित हुआ है, पतन को प्राप्त हुआ है। ये जो रामद्रोही हैं, ये केवल अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। इनको न जाति की चिंता है, न प्रदेश की चिंता है और न देश की चिंता है, इन्हें न आपकी आस्था की चिंता है, न गरीब की चिंता है, न किसान की चिंता है, न महिलाओं की चिंता है न बेटियों की चिंता है। इनको सिर्फ परिवार की चिंता है। वहीं मोदी जी के लिए 140 करोड़ का भारत ही उनका परिवार है। इस अवसर पर भाजपा की जिलाध्यक्ष उर्मिजा दीक्षित, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान,विधायक गौरी शंकर वर्मा, मूलचंद्र निरंजन, जवाहर सिंह राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष चित्रकूट अशोक जाटव, जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम, पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, नरेंद्र सिंह जादौन, लोकसभा प्रभारी मदन पांडे, संयोजक श्याम सिंह सिसोदिया, आरएलडी अध्यक्ष मनोज बुधौलिया, जिलाध्यक्ष ध्रुव गुप्ता, सोहेल देव राजभर पार्टी के अध्यक्ष कालूराम प्रजापति, लोकसभा क्लस्टर के प्रभारी संतविलास शिवहरे उपस्थित रहे।

### अब पलायन नहीं करेगा बुंदेलखंड का नौजवान

अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि हमारा जालौन डिस्ट्रिक्ट कालपी के कागज और जालौन के मटर के लिए विख्यात है। वन डिस्ट्रिक्ट और वन प्रोडक्ट के आधार पर यह दोनों चीजें आज वैश्विक मान्यता को प्राप्त कर रही हैं। जालौन बुंदेलखंड का प्रवेश द्वार है। आज से दस साल पहले इसकी स्थिति क्या थी। सपा, बसपा और कांग्रेस ने बुंदेलखंड को माफिया के हवाले कर दिया था। इन्होंने इस पूरे क्षेत्र के संसाधनों को लूटा खसोटा था। इस पूरे क्षेत्र को अराजकता की ओर धकेलने का काम किया था। यहां के विकास को बाधित किया था। जिसका दुष्परिणाम था कि नौजवान पलायन कर रहा था। किसान आत्महत्या कर रहा था। बेटी और व्यापारी सुरक्षित नहीं थे। आज दस वर्ष में हमारा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे के साथ फोर लेन की कनेक्टिविटी से जुड़ चुका है। हर घर जल की योजना जमीनी धरातल पर दिखाई दे रही है। डिफेंस कॉरिडोर में बनने वाली तोप जब भारत की सीमा पर गरजती है तो पाकिस्तानियों की पैंट गीली हो जाती है।

### पाकिस्तान का राग अलापने वाले कटोरा लेकर वहीं जाएं

विपक्षी दलों पर प्रहार करते हुए सीएम ने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के समय में आतंकी विस्फोट होते थे, राम भक्तों पर गोली चलती थी। मोदी जी के नेतृत्व में बदलते हुए भारत को हमने देखा है। नया भारत देश को सम्मान दे रहा है, देश को सुरक्षा दे रहा है, आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या का समाधान कर रहा है। आज मोदी जी के शासन में पटाखा भी जोर से फट जाए तो पाकिस्तान सफाई देता है कि मेरा हाथ नहीं है, क्योंकि उसे पता है कि समय रहते सफाई नहीं दी तो भारत का बहादुर जवान पाकिस्तान में घुसकर उसकी ऐसी तैसी कर देगा। ये कांग्रेस के लोग धमकी देते हैं कि पाकिस्तान के पास एटम बम है तो हमारा एटम बम क्या फ्रिज में रखने के लिए है। भारत 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त राशन दे रहा है तो पाकिस्तान में एक किलो गेहूं के लिए छीनाझपटी हो रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अवैध शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि चैकी प्रभारी खोही परिक्रमा मार्ग उप निरीक्षक रमेश सिंह तथा आरक्षी आशीष कुमार द्वारा अजय सोनी निवासी शिवरामपुर सोनारन पुरवा को 40 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

### बतासे के कारखाने में लगी आग, लाखों का माल राख

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मोहल्ला सूर्य नगर में संचालित बताशे के कारखाने में आग लग गई। इससे इलाके में हड़कंप मच गया और लोगों ने बोरिंग चलाकर आग पर काबू पाया। तब तक कारखाने में रखे बतासे सहित लाखों रुपए की सामग्री राख हो गई। शहर के मोहल्ला सूर्यनगर निवासी गुड्डू के मकान में शब्बीर पुत्र नासिर के द्वारा लंबे समय से बताशे का कारखाना संचालित किया जा रहा था। बुधवार की दोपहर कारखाने में बतासे बनाने का काम चल रहा था। तभी अज्ञात कारणों के चलते कारखाने में आग लग गई और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इस दौरान मौजूद मोहल्ले के लोगों ने अपने-अपने घरों से बोरिंग चलाकर किसी तरह आग पर काबू पाया। तब तक कारखाने में बने रखे बताशे व अन्य सामग्री जलकर राख के ढेर में तब्दील हो गई। फिलहाल आग लगने से कारखाने में लाखों रुपए के नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है।

### मोबाइल में तेज गाना बजाने को लेकर चले लाठी डंडे

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** मोबाइल से तेज आवाज में गाना बजाने को लेकर युवकों में कहा सुनी होने लगी। गाली गलौज के साथ-साथ लाठी-डंडा चलने लगें। सर में डंडा लगने से एक युवक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया। कोतवाली क्षेत्र के सिहारी निवासी युवक अंशुमान सिंह अपने दरवाजे बैठकर मोबाइल से गाना सुन रहा था। पड़ोसी युवक आशीष सिंह की गाना बजाने को लेकर अंशुमान सिंह से कहासुनी होने लगी। मामला गाली गलौज के लाठी डंडा चल गए। जिसमें अंशुमान के सिर में डंडा लगने से गिर गया। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल अंशुमान सिंह को एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया ।जहां इलाज चल रहा हैं ।कोतवाल नागेंद्र पाठक का कहना है कि अंशुमान ने आशीष के खिलाफ तहरीर दे दी हैं। शीघ्र ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बकरी बचाने को लेकर अधेड़ के तालाब में मौत

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** तालाब में डूब रही बकरी को बचाने को लेकर अधेड़ ने छलांग लगा दी। गहरे गड्ढे में युवक डूब गया। शोरगुल सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने युवक को तालाब से निकालकर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर। मौत की खबर सुन घर में कोहराम मच गया। तहसील क्षेत्र के कासिमपुर निवासी सुनील कुमार वाल्मीकि 42 की बकरी खेत में चर रही थी। आवारा कुत्तों ने बकरी पर हमला कर दिया। बकरी ने तालाब में छलांग लगा दी।

# जिलाधिकारी ने दिलाई वोट करेगा चित्रकूट की शपथ

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द की उपस्थिति में बुधवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाए जाने के उद्देश्य से स्वीप कार्य योजना अंतर्गत स्पोर्ट्स स्टेडियम में जन जागरूकता का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जनपद मुख्यालय के विभिन्न कॉलिजों के छात्र-छात्राओं, आम जनमानस व अधिकारियों, कर्मचारियों ने वोट करेगा चित्रकूट का सिंबल बनाकर मतदाता जागरूकता की शपथ ली गई।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि 20 मई को मतदान प्रतिशत बढाए जाने के लिए लगातार अभिनव प्रयास जनपद में मतदाता जागरूकता के आयोजित कराए जा रहे हैं ताकि जनपद में मतदान शत प्रतिशत कराया जा सके। उन्होंने कहा कि स्टाफ व कॉलिज के बच्चों के साथ सिंबल बनाकर वोट करेगा चित्रकूट की शपथ भी दिलाई गई है। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर छाया, पानी आदि की व्यवस्था भी कराई गई है ताकि मतदाताओं को मतदान करने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। साथ ही जनपद का मतदान शत प्रतिशत रहे। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक जनपद में मतदान करने के लिए आंगनवाडी आशा एएनएम व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को लगाकर गांव-गांव में जागरूक कराया जा रहा है ताकि महिलाओं का प्रतिशत अधिक से अधिक रहे। उन्होंने जनपद की सभी महिला मतदाताओं से अपील की कि अपने मताधिकार का प्रयोग करके मतदान प्रतिशत को बढाएं। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुरेश प्रसाद ने किया।
इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम, आलोक सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लव प्रकाश यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद कर्वी लाल जी यादव, डिप्टी आरएमओ अविनाश चंद्र झा, यात्री कर अधिकारी संतोष कुमार तिवारी, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह, सफाई निरीक्षक चित्रकूट नगर पालिका परिषद कमलाकांत शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## मारपीट के मामले में दोष सिद्ध होने पर दो आरोपियों को सजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गाली गलौच व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने दो आरोपियों को सात दिन साधारण कारावास के साथ एक-एक हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अभियोजन अधिकारी बृजमोहन ने बताया कि गाली गलौच व मारपीट के मामले में राजापुर थाने में चुनकनवा यादव उर्फ नबी, अभिषेक उर्फ शेरा निवासीगण छीबों के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था।
बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकान्तधर दुबे ने बुधवार को निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी चुनकनवा यादव उर्फ नबी, अभिषेक उर्फ शेरा को सात दिन साधारण कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

## प्रतियोगिता के जरिए मतदाताओं को किया गया जागरूक



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कानपुर प्रांत द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत बुधवार को सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मतदान करना कितना आवश्यक है, छात्राओं द्वारा अपने विचार निबंध एवं पोस्टर के माध्यम से बताए गए। हमारा देश प्रजातांत्रिक देश है, जहां पर प्रत्येक नागरिक के मत के अनुसार देश में सरकार का गठन होता है। लोकतंत्र में निर्वाचन की प्रक्रिया से सत्ता स्थापित होती है। साथ ही लोक के लिए कार्य करती है। लोकसभा चुनाव के रूप में लोकतांत्रिक उत्सव का समय आ गया है और वह चुनाव भारत की आगामी 5 वर्ष की दिशा तय करेगा। ऐसे में सभी नागरिक सजक्तापूर्वक इस लोकतांत्रिक उत्सव में भाग लें।

## मां का प्यार एक शानदार रत्न है, जिसे संजोकर रखा जाना चाहिए

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



परमहंस संत रणछोडदास महाराज की कृपा से संचालित सदगुरू शिक्षा समिति के तत्वधान में माँ की महिमा को याद करने के लिए सद्गुरु सभागार विद्याधाम में मातृ दिवस मनाया गया। एक विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम मैं और मेरी माँ प्री-प्राइमरी कक्षाओं के लिए आयोजित किया गया था। यह एसपीएस और विधाधाम का संयुक्त उत्सव था। छात्रों ने अपनी माताओं के साथ कार्यक्रम में भाग लिया, खेल-खेले और एक टीम के रूप में नृत्य भी किया। सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के निदेशक एवं ट्रस्टी डॉ. बी.के. जैन ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम को मनाने का वास्तविक उद्देश्य हमारे जीवन में माँ के त्याग को समझना तथा उन्हें हमेशा अपने हृदय में संजोना है। अध्यक्ष सद्गुरु शिक्षा समिति उषा जैन ने कहा कि हमारे जीवन में माताओं का योगदान शब्दों से परे है, उसे मापा नहीं जा सकता। मां का प्यार एक शानदार रत्न है, जिसे संजोकर रखा जाना चाहिए। इस अवसर पर ट्रस्टी डॉ. इलेश जैन ने अपनी माँ उषा जैन को एक प्यार भरा, मार्मिक संदेश भेजा जो सभी के लिए एक सुखद आश्चर्य था। इसे कार्यक्रम के वाह क्षण के रूप में लिया गया। जिसने सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सह प्राचार्या अंजली भटनागर ने किया।इस मौके पर सद्गुरु पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राकेश तिवारी, विधाधाम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य शंकर दयाल पांडेय, शिक्षा समिति के सचिव आर बी सिंह चैहान आदि मौजूद रहे।

## डीएम व एसपी ने लिया स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने बुधवार को लोकसभा सामान निर्वाचन-2024 के निर्वाचन को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर चित्रकूट इण्टर कॉलिज चित्रकूट में 236 विधानसभा चित्रकूट एवं 237 विधानसभा मानिकपुर मऊ के लिए पार्टी रवानगी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
जिलाधिकारी ने कार्मिक काउंटर, ट्रांसपोर्ट, पुलिस काउंटर, पार्किंग, मेडिकल कैंप आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि जीजीआईसी में पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि ग्राउंड में पानी का टैंकर व साफ सफाई कराकर पानी का भी छिडकाव कराएं। उन्होंने कहा कि जीजीआईसी में साफ सफाई के साथ पार्किंग साइन बोर्ड लगाए। उन्होंने कार्मिक काउंटर के सम्बन्ध में कहा कि 12 काउंटर कर्वी व 11 काउंटर मानिकपुर के लिए अलग-अलग बैरिकेटिंग कराकर व गलियारा को बंद भी कराएं। ट्रांसपोर्ट के सम्बन्ध में एआरटीओ प्रवर्तन को निर्देशित किया कि 18 मई को सभी गाडियां खडी हो जानी चाहिए। उन्होंने पार्टी रवानगी के साथ पुलिसकर्मियों के काउंटर के सम्बन्ध में कहा कि चित्रकूट बाल विद्यालय चित्रकूट के तरफ इनका एक काउंटर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि गाडियों के ड्राइवर के लिए अलग से पंडाल बनाकर कुर्सियां लगवाए। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उप जिलाधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि हर काउंटर का बैनर जिस पर बूथ वाइस भी लिखा रहे बनवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेडिकल कैंप भी लगवाए एवं ओआरएस भी रखना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि पानी का टैंकर व मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था सफाई कर्मी के साथ सुनिश्चित कराएं।
इसके बाद जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर स्थल सीतापुर में स्ट्रांग रूम की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि काउंटर के पास से कोई भी सामान्य व्यक्ति नहीं घुसने चाहिए, उसकी बैरिकेडिंग कराएं एवं रिसीविंग टेबल अलग बनाएं। उन्होंने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि रामायण मेला स्थल के पास के ग्राउंड की भी साफ सफाई रखें। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरा जहां पर आवश्यक है, उसको लगाना अभी से सुनिश्चित कराएं। जिलाधिकारी ने पानी का टैंकर, पार्किंग की व्यवस्था, सुरक्षा के लिए बैरक व्यवस्था का जायजा लिया।
इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल आदि मौजूद रहे।

## जुआं खेलते हुए 11 जुआरी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक श्यामदेव सिंह व प्रभारी निरीक्षक एसओजी एमपी त्रिपाठी एवं उनकी टीम द्वारा रामभवन उर्फ भुवन यादव निवासी भुईहरी, सरजूशरण अवस्थी निवासी खोही परिक्रमा मार्ग, सरजू मिश्रा, कल्लू यादव निवासीगण भैसोदा, बब्लू निवासी कधई पुरवा ग्राम भैसोदा, पवन कुमार यादव, तेजभवन निवासीगण कहेटामाफी, नीतेश सिंह, शैलेन्द्र कुमार श्रीवास निवासीगण पीलीकोठी थाना नयागांव जनपद सतना, भरमदीन निवासी लालापुर, कमलापति निवासी गोबरिया को ताश के पत्तों मे हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड से 65,500 रुपये, 52 ताश के पत्ते व जामा तलाशी से 1635 रुपये तथा 4 मोटरसाइकिल, 10 मोबाइल, 5 घडी (हाथ घडी), 5 किलो सूखा गाँजा बरामद हुये। आरोपियों के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। साथ ही रामभवन के कब्जे से 5 किलो सूखा गाँजा बरामद किया गया। आरोपी के विरुद्ध कोतवाली कर्वी में एनडीपीएस एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान एसओजी टीम के मुख्य आरक्षी जीतेन्द्र कुमार, नीतेश समाधिया, आरक्षी रोहित सिंह, रोशन सिंह, गोलू भार्गव, पवन कुमार, ज्ञानेश मिश्रा, राघवेन्द्र, कोतवाली कर्वी उप निरीक्षक प्रशिक्षु कुंवर प्रखर सिंह आदि मौजूद रहे।

## इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट के लिए 31 मई तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

**कम्पार्टमेन्ट परीक्षा का शुल्क 306 रूपए निर्धारित है।**

जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित वर्ष 2024 की हाईस्कूल परीक्षा में इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट में कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिए अहं परीक्षार्थियों का ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर 31 मई की मध्यरात्रि 12 बजे तक स्वीकार किया जायेगा। हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के सम्बन्ध में इम्प्रूवनेन्ट परीक्षा के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए एक विषय में तथा कम्पार्टमेन्ट के अन्तर्गत परीक्षार्थी अपने अनुत्तीर्ण हुए दो विषयों में से केवल किसी एक विषय में ही परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। जिसकी परीक्षा शुल्क 256.50 रूपए निर्धारित है। उन्होंने इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के सम्बन्ध में बताया कि इण्टरमीडिएट परीक्षा में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित परीक्षार्थी किसी एक विषय में, कृषि भाग-1 एवं 2 में निर्धारित विषयों में किसी एक प्रश्नपत्र में एवं व्यावसायिक वर्ग के ट्रेड विषय के किसी एक प्रश्नपत्र में अनुत्तीर्ण परीक्षार्थी कम्पार्टमेन्ट परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अहं माने जायेंगे। जिसकी परीक्षा शुल्क 306 रूपए निर्धारित है। परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क को कोषागार में चालान के माध्यम से माध्यमिक शिक्षा परिषद के निम्नांकित मद में जमाकर शुल्क के चालान की मूल प्रति के साथ हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट परीक्षा, इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के आनलाइन भरे गये आवेदन की प्रति को डाउनलोड करके परिषद के सम्बन्धित क्षेत्रीय कार्यालयों को रजिस्टर्ड डाक से निर्धारित अंतिम तिथि के बाद तीन दिन के अन्दर भेजना आवश्यक होगा।
हाईस्कूल की इम्प्रूवमेन्ट, कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित तथा प्रयोगात्मक, प्रोजेक्ट (आन्तरिक मूल्यांकन) एवं इण्टरमीडिएट की कम्पार्टमेन्ट परीक्षा के लिखित एवं प्रयोगात्मक दोनों भागों में अनुत्तीर्ण रहे परीक्षार्थियों को दोनों भागों की परीक्षा में सम्मिलित होना होगा। किसी विषय के दोनों में से एक भाग में अनुत्तीर्ण तथा दूसरे भाग में उत्तीर्ण दोनों भागों की परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं। इनकी लिखित एवं प्रोगात्मक परीक्षाओं की तिथियों की सूचना बाद में विज्ञापित की जायेगी।

## इलाहाबाद विवि: पीजी में प्रवेश के लिए 16 मई से शुरू होंगे आवेदन

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

इलाहाबाद विश्वविद्यालय (इविवि) एवं संघटक महाविद्यालयों में परास्नातक (पीजी) के पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 16 मई से शुरू होने जा रही है। पंजीकरण और आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पांच जून निर्धारित की गई है।
इविवि प्रवेश प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो.जेके पति के अनुसार आवेदक वेबसाइट के माध्यम से या इविवि की वेबसाइट www.allduniv.ac.in पर उपलब्ध पीजी एडमिशन-2024 के लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण करा सकेंगे। प्रवेश परीक्षा जून के तीसरे सप्ताह में संभावित है और परिणाम जुलाई के पहले सप्ताह तक घोषित कर दिए जाएंगे। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग जुलाई के तीसरे सप्ताह से शुरू होगी। परास्नातक प्रवेश परीक्षा (पीजीएटी) सत्र 2024-25 के तहत कुल 60 पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिए जाएंगे। पीजीएटी-1 के तहत एलएलबी, एमकॉम एवं एलएलएम सहित 32 पाठ्यक्रमों, पीजीएटी-2 के तहत बीएड, एमएड, एमबीएआरडी एवं एमबीए सहित 24 पाठ्यक्रमों और इंस्टिट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज (आईपीएस) के तहत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एमसीए, एमएससी फूड टेक्नोलॉजी, एमवोक मीडिया स्टडीज एवं पीजीडीसीए में दाखिले होंगे। पाठ्यक्रमों के बारे में विस्तृत जानकारी इविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रवेश परीक्षा का पैटर्न और तरीका पिछले वर्ष के समान ही होगा। एलएलबी, एमकॉम और एलएलएम सहित पीजीएटी-1 के तहत सभी 32 पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों मोड में आयोजित की जाएगी। पीजीएटी-2 और आईपीएस के व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा केवल ऑनलाइन मोड में कराई जाएगी।
इविवि में पीजी में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा देश के 11 शहरों में आयोजित की जाएगी।

## समय से वाहन उपलब्ध न कराने पर होगी कार्यवाही: विवेक शुक्ला

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न कराने के लिए एवं मतदान कर्मियों को मतदेय स्थल तक पहुंचाने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा जनपद के वाहनों को हर हाल में 16 मई को चित्रकूट इण्टर कॉलिज में वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।
सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला ने बताया कि अधिग्रहित वाहनों को किराए में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। शासन की ओर से किराया वृद्धि से सम्बन्धित पत्र जारी किया गया है। पिछले चुनाव में महज 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। किराया बढोतरी के सम्बन्ध में वाहन स्वामियों को जानकारी दी जा चुकी है। चुनाव के लिए चिन्हित वाहनों का अधिग्रहण किया जाना है, उनके स्वामियों को अधिग्रहण नोटिस जारी की गई है। 16 मई को ससमय पर वाहन उपलब्ध नहीं करने पर पंजीयन निलंबित करते हुए वाहन स्वामियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की जाएगी। पोलिंग पार्टी व पुलिस के लिए लगभग 250 बस एवं प्रशासन तथा पुलिस के लिए लगभग 400 हल्के वाहनों की आवश्यकता है।
उन्होंने बताया कि शासनादेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन में अधिकृत भारी वाहनों के दैनिक किराया के दरों में 40 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। चालक को छोडकर किराया की राशि सीटों का वजन के अनुसार तय की गई है। वाहन के लिए तेल अलग से उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि बसों के किराए में सीट क्षमता के अनुसार वृद्धि की गई है। 15 से 24 सीटर बस का किराया 1697 रुपए प्रतिदिन, 25 से 34 सीटर बस का किराया 1912 रुपए, 35 से 40 सीटर बस का किराया 2139 रुपए, 41 से 45 सीटर तक बस का किराया 2213 रुपए, 46 सीटर या उससे अधिक बस का किराया 2510 रुपए दैनिक तय किया गया है।
इसके अतिरिक्त ईंधन दूरी के अनुसार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद के वाहनों को प्रत्येक दशा में 16 मई को चित्रकूट इण्टर कॉलिज में वाहन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं, जो भी वाहन मालिक अपने वाहनों को ससमय उपलब्ध नहीं कराएगा, उनके विरुद्ध जनप्रतिनिधि अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी। इसके लिए वाहन मालिक स्वयं उत्तरदाई होगा।

### नपा बालिका इंटर कॉलेज ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** वुधवार को नगर पालिका बालिका इंटर कॉलेज कालपी की वरिष्ठ शिक्षका अपर्णा शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं के द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाकर मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिये जागरुकता अभियान चलाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित के निर्देश के अनुक्रम में अपर्णा शर्मा,रंजना रानी द्विवेदी, योगशिखा कान्हेरे, सीमा, आदि शिक्षिकाओं के अलावा सेजल, हिरा, ममता, रीना, वैष्णो, आफरीन आदि छात्राओं ने विद्यालय के पास रावगंज, गणेशगंज, मोहल्लों में भ्रमण कर के मतदाताओं को जागरूक करने की नियत से हस्ताक्षर कराए। उन्होंने कहा कि आगामी 18 मई को छात्राओं के द्वारा घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क किया जायेगा तथा पीले चावल बांटकर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए पोलिंग बूथों में पहुंचने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

### बाइक तोड़ने तथा दुर्घटना में घायल करने पर तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** 25 दिन पहले कोतवाली क्षेत्र में दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत हो गई। जिसमें घायल करने व बाद में मोटरसाइकिल को तोड़कर क्षतिग्रस्त करने के मामले में तीन नामजद लोगों के खिलाफ कोतवाली में अभियोग दर्ज कराया गया है। देवकली निवासी नाथूराम पुत्र हरचरण ने अभियोग दर्ज कराते हुए बताया कि दिनांक 22 अप्रैल की दोपहर मेरे पुत्र कन्हैया अपनी मोटरसाइकिल नंबर यूपी-92-एई-4683 से देवकली से बाजार जा रहा था। तभी विपरीत दिशा से आरोपी पवन पुत्र पप्पू निवासी हीरापुर अपनी मोटरसाइकिल नंबर यूपी-92-एई-6861 से तेजी व लापरवाही से चलते हुए नूर मोहम्मद के खेत के समीप मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी।

## जल-जंगल-जमीन-पर्यावरण बचाओ के रूप में मनी टिकैत की पुण्यतिथि

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



किसान नेता बाबा चैधरी महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण बचाओं संकल्प दिवस मनाया गया। भाकियू जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के निर्देश पर लवेद खण्डेहा किसान चैराहा स्थित स्मारक किसान नेता बाबा चैधरी महेन्द्र सिंह टिकैत की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर 13वीं पुण्यतिथि मनाई गई। साथ ही सदर तहसील कर्वी एवं राजापुर में हवन करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की गई।
जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि बाबा टिकैत युग पुरूष थे, जिनका जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण बचाओं संकल्प है। इसी के चलते आज के दिन पूरे भारत में किसान संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाता है। तहसील अध्यक्ष राजकिशोर सिंह ने बताया कि चित्रकूट में जल एवं जंगल का दोहन किया जाता है। जिला उपाध्यक्ष शिवदयाल सिंह बघेल ने कहा कि यदि वन कटान चित्रकूट में होता रहा तो वो दिन दूर नही जब आम जनमानस में पर्यावरण का बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोग बारिश के पानी, शुद्ध वातावरण को तरसेंगे। जिला प्रशासन को वन कटान पर कठोर से कठोर कार्यवाही करनी चाहिए। इस अवसर पर उपस्थित किसानों ने संकल्प लिया कि जल, जंगल, जमीन व पर्यावरण को बचाने में अपना पूरा सहयोग करेंगे।
इस मौके पर सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, जिला मण्डल सचिव उदयनारायण सिंह, राममूरत नामदेव, बीरेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, अर्जुन सिंह, शत्रुघ्न सिंह, नरेश तिवारी, बद्री प्रसाद, विजय कुमार, शिव सिंह, नरेश सिंह, रामेश्वर, श्रीकेशन, कमलेश, रामशरण राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 41.0 (+1.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 25.0 (0.0)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 62 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 15 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# झोपड़ों पर जब गरजा महाबली

# तब ऊपर वाले की ओर निहार फूट फूट कर रोए गरीब






### गरीबों को बेघर करने वाले नगर निगम को नहीं दिख रहा है शॉपर्स स्टॉप मॉल का अवैध अतिक्रमण, के.डी.ए. के न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बाद भी हो गया शुभारंभ तो फूट फूट कर रोए गरीब

जन एक्सप्रेस | कमलेश फाइटर

**कानपुर नगर।** शहर में कल झकरकटी बस अड्डा के पास बने तालाब के किनारे कई वर्षों से बनी झोपड़ियों को अवैध अतिक्रमण बताते हुए उन पर बुलडोजर चलाकर उजाड़ दिया गया। इस मामले में गरीबों ने जिलाधिकारी से कई मर्तबा ज्ञापन पत्र देकर ऊजाड़े जाने से पहले कहीं और आशियाना दिए जाने की बात रखी थी लेकिन उन्हें कहीं और आशियाना नहीं दिया गया और ठीक मतदान के दो दिन बाद नगर निगम के प्रवर्तन की टीम ने लगभग दो दर्जन परिवारों के सभी झोपड़ों पर (जे.सी.बी.) बुलडोजर चला कर उजाड़ डाला। जैसे-जैसे गरीबों के आसियानों पर बुलडोजर चल रहा था वैसे-वैसे ही गरीब अपनी आंखों से आंसुओं की धार बहा रहे थे और ऊपर वाले की ओर देखकर सिर्फ और सिर्फ यही कह रहे थे कि प्रभु अब आप ही हमारा सहारा हैं।

आपको बताते चलें कि कानपुर नगर निगम के द्वारा टाटमील क्षेत्र स्थित झकरकटी बस अड्डे के पास स्थापित वर्षो पुराने तालाब का सुंदरीकरण करण करने का प्रस्ताव अभी हाल ही मे पारित किया गया था। जिसके बाद तालाब के किनारे ही लगभग 45 वर्षों से झोपड़ी बनाकर रह रहे गरीबों को चेतावनी देते हुए उनके अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए कहा गया था। गरीबों के द्वारा नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के साथ-साथ जिलाधिकारी कानपुर नगर से ज्ञापन पत्र कई मर्तबा देकर यह गुहार लगाई गई थी कि उनके पास सर छुपाने के लिए कोई भूखंड अथवा छत नहीं है जिला प्रशासन सरकार की किसी भी योजना के अन्तर्गत उन्हें छोटे-छोटे मकान ही दिलवा दें। इन गरीबों की माने तो जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन भी दिया था कि उनके लिए कोई बैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। लेकिन 13 मई को शहर में मतदान होने के ठीक दो दिन बाद ही नगर निगम का प्रवर्तन अमला बस्ती को उजाड़ने चिलचिलाती हुई दोपहर में पहुंच गया। और बस्ती वालों से कहा कि वह अपने झोपड़ों से सामान निकालना क्योंकि उनके झोपड़ों को तोड़ा जाना है। इतना सुनते ही बस्ती वालों की आंखों में आंसू निकल आए सभी हाथ जोड़कर अनुनय विनय करने लगे लेकीन प्रवर्तन वाले नहीं माने। बस्ती वालों का कहना था कि पहले हमारे लिए कहीं पर मकान का इंतजाम करवा दीजिए फिर हम खुद चले जाएंगे लेकीन उनकी नहीं सुनी गई। किसी ने उन्हें राय दी कि वह जाकर तत्काल जिलाधिकारी राकेश कुमार से मिल ले तो शायद कोई राहत मिल सकती है।

बस्ती की लगभग दो दर्जन महिलाएं सीधे जिलाधिकारी के कार्यालय कुछ पुरुषों के साथ पहुंची और ज्ञापन पत्र देकर वहां पर मौजूद एसीएम से गुहार लगाई तो भी कुछ भी हल नहीं हो पाया। बस्ती में निवास करने वाली प्रिया ज्योति रामवती आदि ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि वह कई वर्षों से यहां पर गरीबों की हालत में झोपड़ी डालकर निवास कर रहे हैं उनके पास शहर में कहीं कोई अन्य भूखंड अथवा मकान नहीं है जिसमें जाकर वह अपने छोटे-छोटे बच्चों का सर छुपा कर उनका पालन पोषण कर सके जब उन्हें नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों ने बस्ती खाली करने के लिए कहा था तभी से लेकर अब तक वह सभी जिलाधिकारी से मकान की मांग कर रहे थे और मकान मिल जाने के बाद बस्ती खाली करने की भी बात कह रहे थे।

चुनाव के पहले आश्वासन खूब मिला था लेकिन मतदान होने के बाद उन्हें बेघर कर दिया गया है।

### जब गरीबों के आसियानों पर हो सकती है कार्रवाई तो अवैध शॉपर्स स्टॉप पर कार्रवाई क्यों नहीं?




आपको इसी खबर में हम कानपुर शहर के चर्चित कोका-कोला चौराहे के ठीक जी टी रोड के किनारे बने शॉपर्स स्टॉप नाम के मॉल से रूबरू करा रहे हैं। इस शॉपर्स स्टॉप मॉल को पहले कान्हा गैलेक्सी के नाम से जाना जाता था। ध्यान से इस तस्वीर में देखिए कि फुटपाथ की जमीन पर भी इनका अवैध अतिक्रमण है। इसके साथ ही साथ पाठकों को यह भी अवगत कराना है कि यह माल पूर्ण रूप से अवैध है। क्योंकि माल को जितने मंजिल कमर्शियल उपयोग की अनुमति मिली थी उससे कहीं ज्यादा अवैध निर्माण कर लिया गया। शॉपर्स स्टॉप मॉल के मालिकान ने खुद कानपुर विकास प्राधिकरण में शपथ पत्र देकर मानक के अनुरूप निर्माण करने का वादा किया था लेकिन शपथ पत्र पर लिखित में कही हुई बात से वह मुकर गए और पूर्ण रूप से दो खंड अवैध निर्मित करके मॉल को आरंभ भी कर दिया। जहां एक ओर नगर निगम ने गरीबों को समय नहीं दिया तो वहीं दूसरी ओर शॉपर्स स्टॉप माल के अवैध निर्माण के संबंध में कानपुर विकास प्राधिकरण के न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के बाद भी प्राधिकरण के न्यायालय और हाईकोर्ट इलाहाबाद के आदेश की अवमानना करते हुए संपूर्ण मॉल तैयार करके इसका शुभारंभ भी कर दिया है। यहां पर नगर निगम के जिम्मेदारों को फुटपाथ का अवैध अतिक्रमण कतई भी नहीं दिखाई दे रहा है और ना ही कानपुर विकास प्राधिकरण के जिम्मेदारों को प्राधिकरण के न्यायालय और हाईकोर्ट इलाहाबाद के आदेश की अवमानना के साथ-साथ सरकार की छवि धूमिल होना भी नहीं दिखाई दे रहा है।

## जोन तीन में दिव्यांग ने खुद के अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए के.डी.ए. से लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर


राजेश कुमार शुक्ला




भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दिव्यांग जनों के सम्मान को लेकर काफी गंभीर रहते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के स्तर पर दिव्यांग जनों को राहत पहुंचाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं भी वर्तमान में चलाई जा रहे हैं इसके साथ ही जिला प्रशासन को भी सख्त निर्देश है कि दिव्यांग जनों के किसी भी मामले का तत्काल निस्तारण किया जाए। लेकिन कानपुर नगर में एक दिव्यांग बिल्डर से परेशान होकर कानपुर विकास प्राधिकरण पुलिस विभाग समेत अन्य जिम्मेदार विभागों के सामने गुहार लगा लगाकर थक चुका है लेकिन उसकी गुहार अभी तक किसी भी जिम्मेदार विभाग और उसके अधिकारी ने नहीं सुनी है।

आपको बताते चलें कि कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन तीन स्थित यू ब्लॉक निराला नगर के भवन संख्या 127/200 में निवास करने वाले राजेश कुमार शुक्ला जो दिव्यांग हैं। उन्होंने कामदगिरि डेवलपर्स के निदेशक शैलेंद्र मिश्रा के साथ एग्रीमेंट करके अपने भूखंड पर वैधानिक रूप से कानपुर विकास प्राधिकरण से नक्शा पास करा लेने के बाद अपार्टमेंट बनाने की इजाजत दी थी। लेकिन कामदगिरि डेवलपर्स के निदेशक शैलेंद्र मिश्रा के द्वारा कानपुर विकास प्राधिकरण से बिना नक्शा पास कराए पार्किंग में ही गैरकानूनी तरीके से जब फ्लैट का निर्माण कराया जाने लगा तो इस बात का विरोध राजेश कुमार शुक्ला के द्वारा बिल्डर से किया गया लेकिन बिल्डर ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द ही अलग से नक्शा दाखिल कर पार्किंग में बनाए जा रहे फ्लैट का नक्शा जरूर पास करवा लेगा। लेकिन उसके बाद भी शैलेंद्र मिश्रा के द्वारा। नक्शा पास नहीं कराया गया। लगातार राजेश कुमार शुक्ला प्रयास रत रहे कि बिल्डर शैलेंद्र मिश्रा नक्शा वैधानिक रूप से कानपुर विकास प्राधिकरण से पास करवा ले लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद खुद पीड़ित ने अपने भूखंड पर बने अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए कानपुर विकास प्राधिकरण को पत्र लिखा लेकिन मामला जस का तस है।

लेकिन दिव्यांग राजेश शुक्ला को बिल्डर के अवैध निर्माण के खिलाफ जाना महंगा पड़ चुका है। कई प्रकार से दिव्यांग को शैलेन्द्र मिश्रा और उनके साथियों के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है।...... *शेष जारी*

## आबकारी नियम को ताक पर रख निर्धारित स्थान से तीन किलोमीटर दूर खोल दी अंग्रेजी शराब की दुकान

**पार्षद अनिल यादव ने आबकारी विभाग में दिया शिकायती पत्र**

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर




शराब कारोबारियों का सिंडिकेट जिला प्रशासन पर इस कदर हावी है कि वह नियम कानून की धज्जियां खुले आम उड़ा रहा है ताजा मामला उस समय प्रकाश के आया जब पीएसी मोड़ स्थित श्यामनगर पी.ए.सी. मोड़ ए पते से रजिस्टर्ड अंग्रेजी शराब की दुकान को नियमो की अनदेखी करते हुए उस दुकान को जीटी रोड से बाईपास की तरफ तीन किलोमीटर रामादेवी रोड़ पर मंगलाविहार मे ले जाकर खोल दिया गया ऐसे में कई वर्षों से वहां पर अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित होने की वजह से वहां पर ग्राहकों का आना-जाना है लेकिन वहां पर जब आने के बाद शराब नहीं मिलती है तो शराब के शौकीनों को निराश होना पड़ता है नियम के मुताबिक जहां पर दुकान थी वहीं पर उसका रिनूवल किया गया है तो वह दुकान उस वित्तीय वर्ष तक वहीं पर दुकान चलेगी ऐसे में शराब कारोबारियों की दबंगई सामने आई है जोनल प्रभारी निरीक्षक श्री राम कनौजिया से बात की गई तो वह टालमटोल करते नजर आ रहे हैं लेकिन अब देखने वाली बात यह होगी कि ठेका संचालक पर जिला आबकारी अधिकारी किस तरह से कार्रवाई करते हैं वही दूसरी ओर मंगलाविहार के शराब ठेका संचालक अनिल यादव द्वारा आबकारी विभाग में शिकायत कर पुराने स्थान पर दुकान को ट्रांसफर किए जाने की मांग की है उन्होंने बताया जब से यह दुकान नियमो को ताक पर रखकर खोली गई दुकानदारी आधी हो गई है ऐसे में आबकारी द्वारा दिया जाने वाला टारगेट पूरा कर पाने कठिनाइयां आ रही है ?

## नवजात की मौत पर परिजनों ने किया हंगामा

जन एक्सप्रेस | विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में बुधवार को नवजात की मौत हो गई।परिजनों ने डॉ. पर इलाज के दौरान लापरवाही का आरोप लगाकर हंगामा किया। राजापुरवा निवासी राहुल कुमार ने बताया कि पत्नी रूमी 9 माह की गर्भवती थी। शनिवार को पत्नी के पेट में दर्द होने पर कानपुर मेडिकल कॉलेज के स्त्री रोग विभाग लेकर आए। यहां पर डॉ. की निगरानी में पत्नी को भर्ती कराया था। जहाँ ऑपरेशन से पत्नी ने एक बेटे को जन्म दिया था। बेटे के जन्म के समय सब कुछ सही बताया था। रविवार को जब बच्चे को दूध पिलाया गया तो उसने उल्टी कर दी। उसके बाद डॉक्टर ने बच्चे को एनआईसीयु में रख दिया। उसके बाद डॉक्टर ने बताया बच्चे को पीलिया हो गया है। इसके लिए इंजेक्शन लगेंगे। बच्चे को इंजेक्शन लगाने के लिए डॉक्टर तीन दिनों तक टहलाते रहे। कोई भी ठीक से ढंग से बात तक नहीं करता था। कहते थे कि अभी तक तुम्हारी कोई फाइल आई नहीं है चार-चार घंटे तक बैठे रखते थे। तीसरे दिन दोपहर में बच्चे की मौत हो गई तो डॉक्टरों ने हाथ खड़े कर दिए। डॉक्टरों की लापरवाही और बच्चे की मौत से गुस्साये परिजनों ने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। डॉक्टरों ने इसकी सूचना ऊपर अधिकारियों के साथ पुलिस को दे दी मौके पर स्वरूप नगर पुलिस पहुंची। राहुल कुमार ने बताया कि पत्नी को जिस दिन से भर्ती कराया है तब से 2500 रूपये की दवा बाहर से ला चुके हैं। रीढ़ की हड्डी की जांच भी बाहर के पैथोलॉजी से कराई। राहुल ने बताया कि वहां के स्टाफ, नर्स और डॉक्टर कोई भी ठीक ढंग से बात तक नहीं करता है ना ही कोई सही जानकारी देता है। मजबूरी में पत्नी को वहां से डिस्चार्ज करा लिया ताकि कोई घटना घट जाए। प्रमुख अधीक्षक डॉ. आरके सिंह ने बताया कि परिजनों की तरफ से कोई अभी तक कोई शिकायत नहीं आई है। यदि कोई लिखित में शिकायत करता है तो मामले की जांच कर दोषी डॉक्टर पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## स्कूलों को बम से उड़ाने की मिली धमकी के बाद डरा सहमा रहा शहर




जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर

दिल्ली एनसीआर और लखनऊ के बाद कानपुर के नामचीन सात स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद से शहर का पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में है। वहीं दूसरी ओर स्कूल का प्रबंध तंत्र तथा अभिभावक डरे सहमे हुए दिखाई दे रहे हैं। बुधवार को हर घर में स्कूलों को बम से उड़ा देने की धमकी की चर्चा खूब जम कर होती रही। जिन स्कूलों को उड़ाने की धमकी मिली थी उन स्कूलों में पुलिस ने जाकर बम स्क्वॉड व डॉग स्क्वायड के साथ बारीकी से निरीक्षण किया। फिलहाल अभी तक कहीं भी कोई अप्रिय घटना घटित नहीं हुई है और ना ही बम होने के कोई प्रमाण मिले हैं लेकिन फिर भी उसके बाद पुलिस प्रशासन कोई रिस्क नहीं लेना चाहता जिस कारण रात में भी पुलिस प्रशासन चौकन्ना रहा।

ज्ञातव्य हो कि बीती 13 मई को ई-मेल के जरिए सात स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। लेकिन, उस दिन वोटिंग के चलते स्कूल की छुट्टी थी, इसलिए मेल चेक नहीं हुआ। 14 मई की शाम को जानकारी मिलने के बाद पुलिस को सूचना दी गई थी। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर से स्कूल प्रबंधकों ने शिकायत दर्ज कराई है।

जिसके बाद बुधवार को पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड के साथ जांच करने सभी स्कूलों में पहुंचीं। पुलिस की जांच में सामने आया है कि धमकी भरे ई-मेल में रूसी सर्वर का इस्तेमाल हुआ है। वोटिंग वाले दिन दहशत का माहौल बनाने की साजिश थी। कई स्कूल कल ऐहतियात के तौर पर बंद थे तो कई स्कूलों में पढ़ाई चल रही थी। इसी बीच भारी फोर्स और बम स्क्वायड को देखकर बच्चे सहम गए। टीम स्कूलों में जांच कर रही है। हालांकि अभी तक बम जैसा कुछ मिला नहीं। जानकारों की मानें तो चुनाव को प्रभावित करने के लिए 13 मई को मेल भेजी गई थी, लेकिन स्कूल प्रबंधकों को इसकी जानकारी बाद में हो सकी। जिन स्कूलों को उड़ाने की धमकी दी गई, उनमें कई स्कूल मतदान केंद्र बनाए गए थे। वोटिंग वाले दिन दहशत का माहौल बनाने की साजिश थी। गुलमोहर पब्लिक स्कूल की प्रिंसिपल अमिता तिवारी ने बताया कि मंगलवार को पुलिस ने पूरे स्कूल का निरीक्षण किया और बम निरोधक दस्ते ने भी चप्पे चप्पे की छानबीन की, लेकिन कुछ भी नहीं मिला। बुधवार स्कूल बंद कर दिया गया है। आज से अपने समय पर स्कूल खुलेगा।अब तक की जांच में बम जैसा कुछ नहीं मिला। पुलिस के मुताबिक, बर्रा-8 के केडीएमए स्कूल, नौबस्ता के गुलमोहर स्कूल, नजीराबाद के सनातन धर्म मंदिर स्कूल, बिठूर के द चिंटेल्स , केंद्रीय विद्यालय आदि स्कूलों को मंगलवार देर शाम बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

### मेल भेजने वाले की अभी तक नहीं हो पाई है पहचान

पुलिस के मुताबिक, ई-मेल वाईफाई नेटवर्क के जरिए भेजी गई है या वीपीएन वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया है, इसका पता किया जा रहा है। इंस्ट्रूमेंट के नाम से आई ई-मेल को भेजने के लिए जीमेल का इस्तेमाल किया गया है। जिसमें भेजने वाले के नाम के स्थान पर instru-mentinbo&.ru लिखा है। इसके अलावा केडीएमए स्कूल को जो ई-मेल आई है, उसमें रिसीवर ईमेल के स्थान पर kvwarma-pur@gmail.com लिखा है। एसओ नजीराबाद कौशलेन्द्र सिंह के मुताबिक, सनातन धर्म स्कूल में जो मेल आई है, उसमें रिसीवर ईमेल में एक अन्य स्कूल का नाम लिखा है। इसी डोमेन से और राज्यों में भी धमकी दी गई वही पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि जयपुर, गुड़गांव, गाजियाबाद, दिल्ली और लखनऊ के पुलिस अधिकारियों से ई-मेल को लेकर चर्चा की गई है। वहां पर अधिकारियों ने जानकारी दी है कि जिस डोमेन से कानपुर के स्कूलों में ई-मेल आया है। उसी डोमेन का वहां भी प्रयोग हुआ है।

### पिता और चचेरे भाई पर लगाया दुष्कर्म करने का आरोप

जन एक्सप्रेस | कानपुर नगर। महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत रिश्ते को शर्मसार कर देने वाला मामला सामने आया है जहां एक पिता व चचेरे भाई ने नाबालिक मासूम को हवस का शिकार बनाया है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पीड़िता के प्रार्थना पत्र व बयान के आधार पर पिता और उसके चचेरे भाई के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है महाराजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिक मासूम ने अपने पिता व चचेरे भाई पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए महाराजपुर थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पीड़िता ने बताया कि वह 15 साल की है उसकी मां की मौत 3 साल पहले हो चुकी थी उसने बताया कि काफी समय से उसका पिता व उसका चचेरा भाई शोषण कर रहा था। घटना की सूचना पर तत्काल पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पीडिता का बयान दर्ज कर उसका मेडिकल परीक्षण कराया। पीड़िता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया वहीं इस संबंध में डीसीपी पूर्वी एसके सिंह ने बताया कि महाराजपुर क्षेत्र की एक लड़की ने अपने पिता व चाचा के लड़के पर दुष्कर्म का आरोप लगाने की सूचना पर पुलिस तत्काल संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है जांच पड़ताल चल रही है।

## धूमधाम से मनाया गया स्थापना दिवस

**जन एक्सप्रेस/सोहावल-अयोध्या।** बुधवार भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक तहसील सोहावल प्रांगण में वरिष्ठ प्रदेश सचिव फरीद अहमद की अध्यक्षता में बाबा महात्मा टिकैट की पुण्यतिथि और दूसरा स्थापना दिवस धूम धाम से मनाई गई और भंडारे का भी कार्यक्रम कराया गया प्रदेश सचिव फरीद अहमद ने बताया कि बाबा महेंद्र सिंह टिकैत उत्तर प्रदेश में किसानों के हक के लिए किसान संगठन बनाया और किसानों के लिए गांव से लेकर दिल्ली तक किसानों के हक के लिए लड़ाई लड़ने का कार्य किया सरकार किसी की भी रही हो पीछे हटने का नाम नहीं लिया और ना ही कभी सरकार से समझौता करने का काम किया अभी हाल में लखनऊ शक्ति भवन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष हरनाम सिंह वर्मा ने सरकार से आंदोलन कर किसानों के ट्यूबवेल की बिल माफ करवाया और गन्ने का करोड़ों रुपए का पेमेंट दिलवाया जिला अध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा किसने की हित की लड़ाई हमेशा लड़ी जाएगी और बाबा महेंद्र सिंह टिकैत के नक्शे कदम पर चलकर लड़ाई लड़ते रहेंगे।

# सातवें चरण तक जनता का गुस्सा भी सातवें आसमान पर होगा

### हमारी सरकार बनी तो हम किसानों का कर्ज माफ करेंगे: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को यहां केन्द्र की मोदी सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा सावधान हो जाईए, इस बार यह सरकार आ गई तो न देश बचेगा न ही संविधान। उन्होंने कहा कि मंहगाई से लेकर रोजगार और किसानों के मुद्दे पर सरकार ने केवल धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि पीडीएफ गठबंधन की सरकार बनी तो किसानों का कर्जा ही नहीं युवाओं को रोजगार और महिलाओं को हर साल एक लाख रुपए मिलेगे।

मवई चौराहे पर एक बाग में गठबंधन प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में आयोजित जनसभा में अखिलेश यादव ने जनता से सवाल जवाब भी खूब किए। उन्होंने कहा कि अयोध्या से इस सरकार की विदाई का बड़ा संदेश जाना चाहिए। कहा पीडीए नहीं जनता चुनाव लड़ रहे हैं, सातवें चरण तक जनता का गुस्सा भी सातवें आसमान पर होगा। कहा भाजपा ने सिर्फ अमीरों का कर्जा माफ किया है। हमारी सरकार बनी तो हम किसानों का कर्जा माफ करेंगे। हमारे युवाओं ने मेहनत की, तैयारी की।सालों तक लगे रहे कि उन्हें नौकरी मिलेगी। लेकिन, ये दुर्भाग्य है। इस सरकार में पेपर लीक हो गया। उनकी सारी मेहनत पानी में मिल गई। नौजवानों को भाजपा नौकरी नहीं दे पा रही है। किसानों की बोरी ने इन्होंने पांच किलो खाद चोरी की। फिर से सरकार आई, तो ये लोग 10 किलो चोरी करेंगे।

सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा किसानों की आय दोगुनी करने की बात करती थी, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। आज तक कितने किसानों की आय दोगुनी हुई। सिर्फ भाजपा वालों का विकास हुआ। भाजपा काले कानून लेकर आई थी। जो महंगाई बढ़ाई है न उसको आप जानते ही होंग।

उन्होंने लोगों से सवाल किया कि मोटरसाइकिल 5 साल पहले कितने में आती थी। डीजल कितना महंगा कर दिया। दवा महंगी कर दी जो पैरासिटामॉल 500 एमजी की आती थी। आज वो भी 650 वाली काम कर रही है। उन्होंने कहा कि खाकी वर्दी वालों को तो जबरदस्ती वैक्सीन लगवा दी। जिन्होंने लगवाई है उनको दिल की बीमारी जल्दी हो रही है। भाजपा ने सबसे चंदा वसूल लिया। इसी वजह से महंगाई है। ये लोग बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले परिवारवाद की बात करते हैं अब यह पीडीए ही मेरा परिवार है। सभा में उन्होंने मित्रसेन यादव का भी नाम लेकर डैमेज कंट्रोल का प्रयास किया। इस मौके पर इंडिया गठबंधन के तमाम नेतागण मौजूद रहे।

## पूर्व राज्यमंत्री ने अयोध्या विधानसभा के शिवदासपुर गांव में लगाई चौपाल

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पूर्व राज्यमंत्री व सपा नेता पवन पांडे ने अयोध्या विधानसभा के शिवदासपुर गांव में लगाई चौपाल, बोले इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही गरीबों के कर्ज होंगे माफ, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के समर्थन में पवन पांडे ने वोट मांगा और कहा कि अगर इंडिया की सरकार बनेगी तो सभी गरीबों का कर्ज माफ हो जाएगा और गरीबों के उत्थान के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जाएगी, पवन पांडे ने कहा कि अखिलेश यादव और राहुल गांधी जो कहते हैं वह करते हैं, भाजपा किसान गरीब दलित और मुस्लिम विरोधी है इस सरकार को उखाड़ फेंकना है, चौपाल का संचालन विधानसभा उपाध्यक्ष लाल बहादुर शुक्ला ने किया, चौपाल को पंकज पांडेय छात्र सभा के राष्ट्रीय नेता सुनील सोनी नागेश्वर नाथ कोरी दयाराम कोरी क्षितिज पटेल मोहम्मद जमील देव कुमार वर्मा सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया।

## लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम, एसपी व सीडीओ ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष,पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला मजिस्ट्रेट निशा अनंत, पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने नोडल अधिकारियों के साथ बैठक किया।बैठक में चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों व कार्यों की विस्तृत जानकारी ली।जिलाधिकारी ने वेबकास्टिंग,सीसीटीवी कैमरा, वाहनों की उपलब्धता,वाहनों में जीपीएस,बूथों पर आवश्यकसुविधाएं मॉडल बूथ,पिंक बूथ,सेल्फी पॉइंट, पोलिंग पार्टियों की रवानगी की तैयारी सहित अन्य कार्यों को लेकर गहनता से समीक्षा किया।

तथा संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समयावधि के अंतर्गत सभी कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया।इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता,एडीएम न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा,अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह,समस्त उपजिलाधिकारी सहित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

## पचहत्तर माइक्रो आब्जर्वर एवं प्रशिक्षण से छूटे हुए चालीस मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण संपन्न



**जन एक्सप्रेस। अमेठी**

लोकसभा चुनाव को सही ढंग से संपन्न कराने के लिए बुधवार को मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में प्रेक्षक डा एन युवराज व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में 75 माइक्रो आब्जर्वर तथा द्वितीय प्रशिक्षण से छूटे हुए 40 मतदान कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण प्रोजेक्टर के माध्यम से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया।प्रशिक्षण में सभी माइक्रो आब्जर्वर को मतदान प्रक्रिया माकपोल,ईवीएम के सीलिंग की प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।साथ ही हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया।माइक्रो आब्जर्वर मतदान दिवस को मतदान दल के द्वारा किए जाने वाले संपूर्ण मतदान की प्रक्रिया का सूक्ष्मता से अवलोकन करेंगे।और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रपत्र में सामान्य प्रेक्षक को देंगे। प्रशिक्षण में सामान्य प्रेक्षक ने माइक्रो आब्जर्वर को निर्वाचन के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि चुनाव कार्य सुचारू रूप से संचालन हेतु अपने दायित्व का निष्ठा पूर्वक निर्वहन करें।भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया निष्पक्ष,पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करना है।आप सभी की ड्यूटी माइक्रो आब्जर्वर के रूप में लगाई गई है।इस हेतु आप सभी सौंपी गई जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से निर्वहन कर निर्वाचन कार्य में सहभागिता प्रदान करें। इसके साथ ही उन्होंने माइक्रो आब्जर्वर के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आप लोग मतदान स्थल पर मतदान की तैयारी का आकलन करेंगे मतदान स्थल पर मतदान से पूर्व सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे रैंप,पेयजल,उचित प्रकाश, शौचालय,छाया आदि व्यवस्था देखेंगे।साथ ही द्वितीय प्रशिक्षण से छूटे हुए चालीस मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें उन्हें मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी महत्वपूर्ण बातों की जानकारी दी गई।

## मतदाता जागरूकता हेतु वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जनपद के मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता द्वारा विकासखंड अकबरपुर टांडा कटेहरी के 111 ग्राम पंचायतो की कूड़ा उठाने वाली गाड़ी को मतदाता जागरूकता हेतु हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि ये गाड़ियां निर्वाचन तक प्रतिदिन गांव में जाकर मतदाताओं को जागरूक करने संबंधी ऑडियो चलाई जाए, जिससे जनपद में मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इस प्रकार के कार्यक्रम जनपद के अन्य विकास खण्डों में भी आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आम जन से अपील की गई है कि 25 मई को अपने बूथ पर जाकर मतदान करें एवं आसपास के लोगों को भी मतदान में प्रतिभाग के लिए जागरूक करें।

अवगत कराना है कि विगत दिनों में भी जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह द्वारा लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु कार्यक्रम किया जा रहा हैं जिनमें नुक्कड़ नाटक, आमंत्रण पत्र, विद्यालयों में छात्रों के माध्यम से रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित अन्य कार्यक्रम भी कराई जा रही हैं।जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा स्वयं भी ग्रामों में जाकर लोगों को अक्षत, पुष्प के साथ आमंत्रण पत्र देकर जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान मौके पर जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी, डीपीआरओ तथा अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

## मोदी की गारंटी लेकर हमें हर घर तथा हर व्यक्ति तक है पहुंचना: वेद प्रकाश

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने अयोध्या विधान सभा में शक्ति केन्द्र अकवारा तथा अलावल पुर शक्ति केन्द्र पर पन्ना प्रमुखों के साथ बैठक की। पूराबाजार के पलिया रिसाली में चौपाल लगाया। बैठक में विधायक ने सभी पन्ना प्रमुखों को वोटिंग के दिन मतदान समाप्ति तक बूथ पर डटे रहने को कहा।उन्होनें कहा बूथ विजय ही चुनाव में विजय का मूल मंत्र है। बूथ विजय की सारी जिम्मेदारी पन्ना प्रमुखों पर है। भाजपा केन्द्र से लेकर बूथ स्तर तक का पदाधिकारी पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी में है। बूथ समिति और पन्ना प्रमुख साथ मिलकर पार्टी के लिए मतदान के लिए जनजागरण अभियान चलाएं। हर घर हर मतदाता से सम्पर्क करें।पीएम मोदी ने देश में सभी को न्याय, सभी के लिए घर, जल, पढ़ाई, दवाई, सुरक्षा व सम्मान के साथ विकसित भारत की गारंटी दी है। संविधान की मजबूती, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के मार्ग पर चलते हुए पिछड़ों और अनुसूचित जाति के आरक्षण की रक्षा भी मोदी जी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि यह सभी मोदी जी की गारंटी लेकर हमें प्रत्येक घर तथा प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचना है। परिवार पर्ची, मतदाता पर्ची तथा पीएम मोदी के गारंटी का पत्रक प्रत्येक घर पहुंचे यह सभी पन्ना प्रमुखों को सुनिश्चित करना है।बैठक में शम्भू नाथ सिंह दीपू, अमल गुप्ता, दीपेन्द्र सिंह, वरूण चौधरी, देवता पटेल सहित बूथा समिति व पन्ना प्रमुखों की मौजूदगी रही।

## सीएम की रैली को लेकर भाजपा लोकसभा कार्यालय में चल रहा है बैठकों का दौर

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अमानीगंज बाजार में होने वाली रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी जुट गए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को अमानीगंज बाजार स्थित बीबीएस मेमोरियल हास्पिटल के पीछे मैदान में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। सभा को लेकर लोकसभा चुनाव कार्यालय पर बैठकों का दौर चल रहा है। सभा में बूथ स्तर से लोगों सहभागिता को लेकर शक्ति केन्द्र व मंडल के पदाधिकारियों से सम्पर्क, संवाद व सामंजस्य बनाया जा रहा है।

सभा को लेकर कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में लोक सभा संयोजक बांके बिहारी मणि त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को लेकर पदाधिकारीयों तथा जनप्रतिनिधियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। सभा स्थल पर टेंट, पेयजल की व्यवस्था, मंच साज-सज्जा, साउंड सिस्टम, आवागमन के लिए सुलभ मार्ग, गाड़ियों की पार्किंग तथा अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया है।जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में दिव्य व भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद आम जनमानस में असीमित उत्साह है। 4 जून 400 पार का नारा अब स्वंय जनता लगा रही है। सीएम की सभा में मिल्कीपुर तथा रूदौली के सभा बूथों से लोगों की सहभागिता हो पदाधिकारी इसे सुनिश्चित करें।बैठक में लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, जिला महामंत्री राघवेन्द्र पाण्डेय सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।सभा स्थल का पदाधिकारियों ने किया निरीक्षण

भाजपा पदाधिकारियों ने योगी आदित्यनाथ की अमानीगंज बाजार में होने वाली सभा के स्थल का निरीक्षण किया। सीएम योगी आदित्यनाथ दिन में 2 बजे जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

## कांग्रेस के गारंटी कार्ड पर भाजपा के पास कोई जबाब नहीं है: राजीव शुक्ला

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**




कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद पूर्व कैबिनेट मंत्री राजीव शुक्ला ने बुधवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से बताया कि इस बार इण्डिया गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिल रहा है।और इण्डिया गठबंधन देश में सरकार बनाने जा रही है।

उन्होंने बताया कि रायबरेली सीट पर राहुल गांधी काफी वोटों से विजयी हो रहे हैं।वहीं अमेठी में कांग्रेस प्रत्याशी के एल शर्मा की भी जीत का अन्तर बहुत ज्यादा रहेगा। उन्होंने बताया कि इनका 400 पार एक मजाक बन गया है।जनता इनके दो ही कार्यकाल से परेशान हो गयी है।जनता परिवर्तन चाहती है।अब तक चार चरण हो गये है। पांचवां चरण 20 मई को होगा। और जनता खुलती नजर आ रही है। जनता के अन्दर एक बदलाव आ गया है।जनता इनके झूठे वादों को जान चुकी है।और इनका परित्याग इस चुनाव में कर रही है।इस बार इन्डिया गठबंधन की पूर्ण बहुमत की सरकार बन रही है। एक सवाल के जबाब उन्होंने पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई की सराहना की।उन्होंने कहा पूर्व प्रधान मंत्री अटल बिहारी वाजपेई पक्ष में रहे हो या विपक्ष में रहे हो वे मुद्दे पर ही बहस करते थे। लेकिन आज की भाजपा पार्टी ने अटल बिहारी वाजपेई के विचारो को नकार दिया है।आज मंच पर एक ही रट हिन्दू मुस्लिम इसके अलावा इनके पास कोई मुद्दा नहीं है।इस बार कांग्रेस पार्टी के गारंटी कार्ड पर उनके पास कोई जबाब नहीं है।उन्होंने कहा कि कांग्रेस के एजेंडे पर देश वासी विश्वास करके कांग्रेस के पक्ष में वोट कर रहे हैं।आगामी चार जून को कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत हासिल करके देश में सरकार बनाएगी।इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अलोक शर्मा कांग्रेस जिला प्रवक्ता अरविंद चतुर्वेदी,मीडिया प्रभारी अनिल सिंह आदि मौजूद रहे।

## स्लोगन व मौखिक रूप के द्वारा लोगों को मतदान का महत्व समझाया

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक सरस्वती शिशु मंदिर रामनगर अयोध्या के भैया बहनों द्वारा मतदान जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का प्रारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय के भैया बहनों ने लोगों को वोट डालने को लेकर जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार के स्लोगन द्वारा तथा मौखिक रूप के द्वारा लोगों को मतदान का महत्व समझाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के आचार्य बंधु अमित पांडेय, अभिषेक, अजय, शिव, अचल, सोनम, पायल सोनी, शालिनी सिंह तथा समस्त महिला आचार्य भी उपलब्ध रहीं। यह रैली विद्यालय से निकलकर नाका हनुमानगढ़ी होते हुए रामनगर और फिर विद्यालय पर आकर समाप्त हुई आपको बताते चलें नगर का सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रामनगर विद्यालय विद्या भारती द्वारा संचालित है।

## 84 कोसी परिक्रमार्थियों का श्रीरामाश्रम में किया गया स्वागत

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

सदगुरु कृपा मंडल के तत्वाधान में 84 कोसी परिक्रमा पूरी कर अयोध्याधाम लौटे परिक्रमार्थियों का बुधवार को प्रसिद्ध पीठ श्रीरामाश्रम रामकोट में भव्य स्वागत किया गया। जहां श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज ने परिक्रमा में शामिल सभी साधु-संतों एवं भक्तजनों का रामनामा ओढ़ाकर स्वागत-सम्मान किया। उसके बाद सभी परिक्रमार्थियों ने श्रीराम आश्रम में भंडारा प्रसाद पाया। इससे पहले चौरासीकोसी परिक्रमा में शामिल हजारों की संख्या में साधु-संतों और भक्तों के जत्थे ने पौराणिक रामकोट की परिक्रमा किया। रामकोट परिक्रमा पूरी कर परिक्रमार्थी बड़ी यज्ञवेदी स्थित सीताकुंड के लिए रवाना हो गए। जहां उनके द्वारा सीताकुंड की भी परिक्रमा किया गया। फिर सभी परिक्रमार्थी प्रतिष्ठित पीठ श्रीरामाश्रम रामकोट पहुंचे। वहां उन्होंने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। उसके बाद श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती महाराज द्वारा परिक्रमार्थियों का भेंट-विदाई किया गया। फिर 84 कोस परिक्रमा का समापन हुआ। श्रीरामाश्रम पीठाधीश्वर महंत जयराम दास वेदांती ने कहा कि 84 कोसी परिक्रमा में शामिल सभी साधु-संतों का आश्रम पर स्वागत हुआ।

सभी संतों का भेंट-विदाई किया गया। चौरासी कोसी परिक्रमा बहुत ही पौराणिक परिक्रमा है। जो अनवरत चलती रहनी चाहिए। साल के बारहों महीना यह परिक्रमा हो। इससे हमारे सनातन धर्म का व्यापक प्रचार-प्रसार होगा। सनातन धर्म को मजबूती और लोगों को परिक्रमा करने की प्रेरणा मिलेगी। श्रीसदगुरू कृपा मंडल अयोध्याधाम 84 कोसी परिक्रमा के संचालक स्वामी गयाशरण ने कहा कि चौरासी कोस की परिक्रमा से भक्तों का जीवन धन्य हो जाता है। लाखों वर्ष की प्राचीन परंपराओं को जीवंत करने वाले भक्तों की समर्पण और भक्ति को सदा नमन है।

## कांग्रेस मजदूरों, गरीबों, किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है: मल्लिकार्जुन खड़गे

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**

बुधवार को कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में पहुंचे मल्लिकार्जुन खड़गे का जोरदार स्वागत किया गया और चेयरमैन शत्रोहन सोनकर ने भारतीय संविधान की किताब भेंट की। जनसभा को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि ये चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है, ये कोई मामूली चुनाव नहीं है ये तो देश के भविष्य को बनाने का चुनाव है। अगर इसमें कोई गलती हुई तो देश मनुस्मृति से चलेगा क्योंकि ये संविधान को खत्म कर देना चाहते हैं। देश के गरीबों के लिए लड़ने वाला एकमात्र नेता राहुल गांधी है। जिन्होंने कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक पैदल चले। आप बताओ देश में ऐसा कोई व्यक्ति किसी पार्टी में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि युवाओं के पास रोजगार नहीं हैं।

लोगों के पास खाने के लिए नहीं है लेकिन मोदी को इसकी परवाह नहीं है बल्कि उनका पूरा ध्यान सत्ता बचाने पर है। सोनिया गांधी ने 2004 और 2009 में जब सत्ता मिली तो उन्होंने सत्ता ठुकरा दी थी और देश को मजबूत और खुशहाल बनाने के अर्थशास्त्री मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाया लेकिन मोदी सबकुछ भूलकर सत्ता में बने रहने के लिए काम कर रहे हैं। खरगे ने कहा कि गांधी परिवार ने राजनीति को सेवा का माध्यम बनाया है। हमेशा से बलिदान देकर देश की सेवा की। कांग्रेस मजदूरों, गरीबों और किसानों के हक की लड़ाई लड़ती है। भाजपा अमीरों और पूंजीपतियों को लाभ देने का काम करती है।

## देश में तीसरी बार बनने जा रही है मोदी सरकार: अनुप्रिया पटेल

**जन एक्सप्रेस/जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने बछरावां में एक जनसभा को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह को जीताने की अपील की अनुप्रिया पटेल ने कहा एनडीए गठबंधन से दिनेश प्रताप सिंह चुनाव लड़ रहे हैं अपना दल के सभी कार्यकर्ता मिलकर दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव जिताने का काम करेंगे। भूपेश बघेल के उस बयान पर की राहुल गांधी को एक सांसद के रूप में नहीं बल्कि एक प्रधानमंत्री के रूप में जनता चुनने जा रही है आप लोग बताइए इस पर अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भ्रम का कोई इलाज नहीं होता है। आज देश के अंदर एनडीए गठबंधन की बयार बह रही है। आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हैट्रिक लगाने का मन देश की जनता ने बना लिया है। तीसरी बार फिर हमारी सरकार बनने जा रही है। चार जून को हमारी सरकार बनने जा रही है।

## ग्रामीण नन्हीं बालिकाओं के सशक्तिकरण का एनटीपीसी ने उठाया बीड़ा

**जन एक्सप्रेस। ऊंचाहार, रायबरेली**



सतत विद्युत उत्पादन के द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिए एनटीपीसी उतनी ही जिम्मेदारी व संवेदनशीलता के साथ परियोजनाओं के आसपास की नन्हीं प्रतिभाओं की छिपी हुई मेधा को निखारने का एक महा अभियान चला रखा है। बालिका सशक्तिकरण अभियान के माध्यम से पिछले कई वर्षों से एनटीपीसी ऊंचाहार आसपास के गांवों की बालिकाओं को एक नया मंच देकर उनकी प्रतिभा को निखारने व व्यक्तित्व को संवारने का निरंतर प्रयास कर रहा रहा है। अभी तक सैकड़ों बालिकाओं को इस मुहिम से लाभान्वित किया जा चुका है। इसी क्रम में इस वर्ष भी बालिका सशक्तिकरण अभियान के तहत 120 बालिकाओं को 'सपनों की उड़ान' जैसे नारे गढ़कर संकल्प शक्ति का एक नया प्रयोग किया गया है। कार्यक्रम का शुभारंभ ऊंचाहार परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा तथा प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की अध्यक्षा तरूणा छाबड़ा व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया।

श्री छाबड़ा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें प्रसन्नता है कि हमें बालिकाओं के सशक्तिकरण का अवसर मिला है। इसके अंतर्गत बालिकाओं के कौशल को विकसित करके उनके व्यक्तित्व को बहुआयामी बनाया जाएगा। श्री छाबड़ा ने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से प्रशिक्षित बालिकाओं को 'सपनों की उड़ान' भरने की इच्छाशक्ति को नया संबल मिलेगा।

उद्घाटन समारोह के दौरान पिछले वर्ष की बालिकाओं ने सांस्कृतिक नृत्य व गीत की प्रस्तुति दी। इसी के साथ इस वर्ष प्रतिभाग करने वाली बच्चियों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यशाला की फैकल्टी संस्था माई जेनआई की प्रतिनिधि वंदिता सैमुअल ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताते हुए कहा कि बालिकाओं के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें शिक्षा के अलावा कराटे, गीत-संगीत, डांस, योगा व गुड टच-बैड टच आदि के विषय में बताया जाएगा। साथ ही ये प्रयास किया जाएगा कि बालिकाओं का आत्मविश्वास प्रबल हो सके।

इसके पूर्व मानव संसाधन प्रमुख रूमा दे शर्मा ने सभी का स्वागत किया और कहा कि एनटीपीसी ऊंचाहार के आंगन से प्रशिक्षित होकर यह बालिकाएं न केवल स्वयं को सशक्त करेंगी बल्कि भारत को सशक्त करने में बड़ी भूमिका निभाएंगी। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने बालिकाओं के साथ केक काटा तथा उनका मुंह मीठा करवाकर उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर प्रबंधक स्नेहा त्रिपाठी ने किया।

इस अवसर पर महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) अतुल कमलाकर देसाई, महाप्रबंधक (ईंधन प्रबंधन) के डी यादव, महाप्रबंधक (प्रचालन) राजेश कुमार, अस्सिस्टेंट कमांडेंट सीआईएसएफ रामफल, अस्सिस्टेंट कमांडेंट सीआईएसएफ (फायर) आर एस सिरोही, पुरवारा ग्राम प्रधान आनंद पांडेय, जसौली ग्राम प्रधान शमशाद, बिकई के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुभाष मौर्या, खुर्रमपुर के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनय शुक्ला, यूनियन व एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, अन्य विभागाध्यक्ष, प्रियदर्शिनी लेडीज़ क्लब की वरिष्ठ सदस्याएं, मानव संसाधन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व बड़ी संख्या में कर्मचारी, महिलाएं व बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) डॉ. दिशा अवस्थी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 42°C | 26°C |
| कानपुर | 42°C | 27°C |
| देहरादून | 37°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 42°C | 29°C |

# उत्तर प्रदेश में गठबंधन जीतेगा 79 सीटें, लड़ाई 'क्योटो' में : अखिलेश

## लखनऊ में खड़गे बोले, मोदी मंगलसूत्र नहीं काम पर मांगें वोट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ में बुधवार को इंडी गठबंधन की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव मौजूद रहे। खड़गे ने कहा- देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। चार चरणों के चुनाव में इंडी गठबंधन मजबूत दिख रहा है। मोदी की सरकार इस बार नहीं बनेगी। इंडी गठबंधन की सरकार बनने जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा- 10 साल दिल्ली और 7 साल यूपी की सरकार ने झूठे वादे किए। इंडी गठबंधन उत्तर प्रदेश में 79 सीटें जीत रहा है। वाराणसी का इशारा करते हुए कहा कि %क्योटो% में लड़ाई है। ये 400 पार का नारा इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि देश का संविधान बदलना चाहते हैं। ये पूरे देश की मिली-जुली तहजीब को बदलना चाहते हैं। पूरे देश को एक रंग में रंगना चाहते हैं। इंडी गठबंधन के लिए जनता का समर्थन दिखाई दे रहा है। आने वाले समय में 140 करोड़ की जनता भारतीय जनता पार्टी को 140 सीटों के लिए भी तरसा देगी। भारतीय जनता पार्टी का रथ फंसा नहीं धंस गया है। उनकी भाषा बदली है। देश की जनता बदलाव चाहती है। थार वाली घटना अभी किसान भूले नहीं हैं। उनकी सरकार में लाखों किसानों ने आत्महत्या की है। बुंदेलखंड में बीजेपी का खाता नहीं खुलेगा। वहां भारतीय जनता पार्टी को खंड-खंड कर देंगे। खड़गे ने कहा- सरकारी संस्थानों में पद खाली हैं, लेकिन केंद्र सरकार उनको भरने के लिए राजी नहीं है। हमारी पार्टी बेरोजगारी और महंगाई के खिलाफ लड़ रही है। हम लोग अमीर और गरीब के अंतर को मिटाने के लिए लड़ रहे हैं। मैंने अब तक नहीं देखा कि 26 पार्टी मिलकर एक साथ खड़ी हों, यह देश का भविष्य बनाने वाला चुनाव है। हमारी आगे की पीढ़ी को बचाने की लड़ाई है। मैं थोड़ा लड़ाकू रहने के कारण अब तक जिंदा हूं, मैंने बहुत से चुनाव लड़े और आप लोगों की दुआ से कांग्रेस में रहकर जीत मिली। 2019 में हार हुई, लेकिन परवाह नहीं है। रिजर्वेशन लेने वाले थोड़े लोग हो सकते हैं, लेकिन देश के संविधान को बचाने के लिए हम सबको लड़ना होगा।



### बीजेपी की बूथ कमेटी बनी अब लूट कमेटी

अखिलेश ने कहा- चौथे चरण का चुनाव खत्म हो चुका है। भारतीय जनता पार्टी का झूठ जितना पहाड़ चढ़ना था चढ़ चुका है। चोटी से अब उतरना शुरू हो गया है। भारतीय जनता पार्टी अपने ही नरेटिव में उलझ गई है। बीजेपी की बूथ कमेटी अब लूट कमेटी बन गई है। उन्होंने कहा- आने वाले समय में 140 करोड़ की जनता 140 सीट भी नहीं देगी। नौजवान परीक्षा के पेपर लीक होने से परेशान हैं। भारतीय जनता पार्टी पर अब कोई भरोसा नहीं करेगा। क्योंकि किसी को पता नहीं था कि अग्निवीर योजना आएगी, नोटबंदी हो जाएगी।

### इस चुनाव में दो विचारधाराओं की लड़ाई

खड़गे ने कहा- ये चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इस चुनाव में दो विचारधाराओं की लड़ाई है। एक तरफ गरीबों के पक्ष में लड़ने वाली पार्टी एक होकर लड़ रही है, दूसरी तरफ अमीरों को लेकर चलने वाली पार्टी है। हमारी लड़ाई गरीबों के लिए है। जिनको एक वक्त का खाना भी नहीं मिलता। जिनको नौकरी नहीं मिल रही है।

### संविधान को बदलने की हो रही कोशिश

हम आपके लिए आपकी तरफ देख कर काम कर रहे हैं। बीजेपी के लोग जहां मजबूत हैं, वहां हमारे लोगों को नॉमिनेशन डालने से रोक रहे हैं। डराने का काम कर रहे हैं। देश को हमने बहुत कुछ दिया है। गांधी जी ने आजादी दिलाई। समानता के लिए उन्होंने पूरी कोशिश की। वही संविधान चल रहा है लेकिन ये लोग उसे बदलने की कोशिश कर रहे हैं।

### अपने नेताओं को क्यों नहीं समझाते मोदी

खड़गे ने कहा- मोहन भागवत कहते थे अगर हम आएंगे तो बदलाव लाएंगे। लेकिन मोदी उनको क्यों नहीं निकालते जो संविधान को बदलने की बात करते हैं। बार-बार अपने भाषण में मटन-चिकन और मंगलसूत्र की बात करते हैं। अगर वोट मांगना है तो अपने काम के दम पर वोट मांगें। आज मैनें सुना कि वो कह रहे थे कि मैं गरीब मां का बेटा हूं, लेकिन अपने लोगों को सुधारने के लिए कुछ नहीं करते। अपने नेताओं को नहीं समझाते। मोदी इतना झूठ बोलते हैं कि उसकी कोई सीमा नहीं। वो कहते हैं अगर तुम्हारे घर दो भैंस हैं तो एक मुसलमान को दे देंगे।

### हमारी गारंटी 10 किलो राशन देंगे

खड़गे ने कहा- हमारी सरकार आने पर हम जातीय जनगणना करने वाले हैं। अलगाव के लिए नहीं, बल्कि आर्थिक स्थिति के अनुसार पॉलिसी बनाने के ऐसा किया जाएगा। कांग्रेस को जितनी गालियां देते हैं, उतना राम का नाम भी नहीं लेते होंगे। आप 5 किलो राशन देने की बात करते हैं, लेकिन फूड सिक्योरिटी एक्ट तो हमने लाया। अगर गठबंधन की सरकार आएगी तो हम 10 किलो राशन देंगे। इसकी मैं गारंटी लेता हूं।

# नगर-निगम टीम को बंधक बनाया

## राजनाथ सिंह के कार्यक्रम से पहले अतिक्रमण हटाने गए थे, व्यापारियों ने किया विरोध

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ के हिवेट रोड पर नगर निगम कर्मचारियों को व्यापारियों ने बंधन बना लिया। नगर निगम के कर्मचारी राजनाथ सिंह के कार्यक्रम से पहले अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। करीब 40 मिनट तक 20 से ज्यादा कर्मचारियों को बंधक बनाए रखा। जानकारी के बाद जोनल अधिकारी को मौके पर आना पड़ा। व्यापारियो ने उन्हें भी बंधक बना लिया। काफी देर तक बहस हुई। जिसके बाद व्यापारियों ने कर्मचारियों को छोड़ा।

### जुर्माना लगाया तो व्यापारियों का गुस्सा फूटा

शहर के अमीनाबाद इलाके में केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जनसभा थी। जनसभा से पहले शाम को करीब 4 बजे नगर निगम की टीम अतिक्रमण हटाने हिवेट रोड पर पहुंची थी। व्यापारी अपनी दुकान के साथ ही सड़क पर कुछ हिस्से में अपना सामान रखे थे। थोड़ी देर तक कर्मचारियों ने बात किया और उनका सामान कब्जे में ले लिया। व्यापारियों ने टाइल्स समेत अपने सामान की मांग की। जिसपर कर्मचारियों ने जुर्माना भरने को कहा।

### व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है

लखनऊ के नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने दैनिक भास्कर से बातचीत में कहा कि अभी मामले की जानकारी नहीं है। नगर निगम की टीम अपना काम कर रही है। अगर किसी ने भी अवरोध किया होगा तो कार्रवाई की जाएगी।

### अमीनाबाद से लेकर पूरे इलाके में चला अभियान

सीएम योगी आदित्यनाथ और रक्षामंत्री राजनाथ के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने से पहले अमीनाबाद झंडे वाला पार्क के चारों तरफ अभियान चलाया गया। नगर निगम और पुलिस की टीम ने करीब दो किलोमीटर के दायरे में अतिक्रमण और जाम से सभी इलाकों को मुक्त करा दिया। इसमें नजीराबाद, गुईंन रोड, श्रीराम रोड, लाटूश रोड समेत कई इलाके शामिल है।

### हिवेट रोड पर 10 फिट तक अतिक्रमण

हिवेट रोड पर 500 से अधिक दुकानें हैं। इनमें बड़ी संख्या में टाइल्स की दुकानें शामिल हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि रोड की चौड़ाई करीब 25 फीट है। लेकिन दुकानदार दोनों तरफ से करीब 10 फीट सड़क पर कब्जा करके बाहर दुकान लगा देते हैं। इससे हिवेट रोड पर ज्यादा समय तक जाम लगा रहता है। साथ ही बाजार आने वालों को भी समस्या होती है। इसी को देखते हुए नगर निगम ने यह कार्रवाई की।

## भाजपा प्रन्याशी ने विशाल जनसभा को किया संबोधित, सरकार की गिनाई योजनाएं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के मलिहाबाद विधान सभा में आदर्श कोल्ड स्टोरेज के पास भारतीय जनता पार्टी द्वारा विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। बता दें कि फिर से मोदी सरकार बनाने के समर्थन में विशाल जनसभा को उत्तर प्रदेश के मंत्री दयाशंकर सिंह व मंत्री गुलाबो देवी ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार में आम जनमानस व जनता का काम ऐसे ही होता रहे और विश्व में भारत का मान सम्मान बना रहें और आप सभी मोदी को वोट देकर भारत को मजबूत बनाने का काम करें। कौशल किशोर ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में विकसित भारत का सपना पूरा हो रहा हैं जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुनहरा होगा और आत्मनिर्भर भारत बने इसलिए 20 मई को एकतरफा भाजपा को वोट करने और फिर एक बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प सभी ने लिया है।

# मौंदा कोटेदार हर गरीब के राशन में प्रति यूनिट पर एक किलो राशन का लगा रहें बट्टा

जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत

**लखनऊ।** सरोजनी नगर ब्लाक क्षेत्र कि ग्राम पंचायत मौंदा में कोटेदार हर राशनकार्ड धारक के प्रति यूनिट पर कर रहा अपना हाथ साफ। जानकारी अनुसार ग्राम पंचायत मौंदा का मजरा उदित खेड़ा निवासी प्रवीन कुमार ने मौंदा कोटेदार बाबूलाल पर आरोप लगाते हुए बताया कि 6 यूनिट 30 किलो राशन लेने आया था राशन लेते ही प्रवीन कुमार को सक हुआ कि राशन पूरा 30 किलो नहीं है, उसने तुरंत बगल में एक दुकान पर तौलाया तों 30 किलो राशन में से करीब 4 किलो राशन कम निकला, जिसके बाद राशनकार्ड धारक ने कोटेदार बाबूलाल से इसकी शिकायत कि वहीं कोटेदार ने बताया कि हमें यह तौलने वाला कांटा ब्लाक से मिला है और मैं इसी तौलने वाले कांटे पर तौलकर दे रहा हूं, अन्य किसी कांटे का तौला मैं मानूंगा, इसी दौरान राशनकार्ड धारक राजरानी, रूपनारायण, नन्हक्के आदि लोगों ने भी बताया कि कोटेदार द्वारा इसी तरह कि धांधली कि जा रहीं हैं और सभी को राशन कम दिया जा रहा।




- आपको जो जानकारी मिली है वह ग़लत है : कोटेदार मौंदा बाबूलाल
- मैंने बात किया हूं, बस इतना कह कर फोन काट दिया : सूर्यनाथ

"मेरा भाई प्रवीण कुमार राशन लेने मौंदा कोटे पर 6 यूनिट 30 किलो राशन लेने गया था, भाई को शक हुआ और उसने तुरंत मुझे फोन कर जानकारी दी कि राशन कम है, मैं पहुंचा और कोटेदार को लेकर बगल में स्थित दुकान पर राशन तौलाया तों करीब 4 किलो राशन कम निकला, इसी दौरान जब मैंने संबंधित अधिकारी सूर्यनाथ को इसकी जानकारी दी तो सूर्यनाथ ने बताया कि अभी चुनाव चल रहा है अभी कुछ नहीं होगा कांटे को लेकर लेटर जारी करूंगा, यदि सील टूटी होगी तो कार्रवाई करूंगा, जब हमने उनसे कहा कि हमने जब दूसरे कांटे पर तौलाया है उसमें राशन काम निकला है, इतना सुनते ही सूर्यनाथ भड़क गए और कहने लगे कि आप कौन होते हैं तौलाने वाले।

– ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ अमरेश कुमार यादव

# लखनऊ के व्यापारी से 50 लाख की ठगी, फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर फ्रॉड, शाहरुख खान के बेटे के ड्रग्स केस में भी फंसा था आरोपी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के व्यापारी से फैशन टीवी के डायरेक्टर काशिफ खान ने 50 लाख रुपए की ठगी की है। आरोपी व्यापारी से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क में आया और उसे टीवी की फ्रेंचाइजी देने का ऑफर किया। कहा- 3 साल में कुल आमदनी का 85 प्रतिशत प्रॉफिट दूंगा। इसका एग्रीमेंट भी किया। लेकिन बाद में मुकर गया। व्यापारी ने पैसे वापस मांगे तो काशिफ जान से मारने की धमकी देना लगा। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। काशिफ शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान के ड्रग्स केस में भी आरोपी बन चुका है। शालीमार गैलेंट, गोमती नगर विस्तार में रहने वाले मनोज कुमार अग्रवाल कारोबारी हैं। 2022 में सोशल मीडिया के जरिए उनकी मुलाकात



फैशन टीवी के एमडी काशिफ खान से हुई। काशिफ खान ने लखनऊ में फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी देने की बात कही। उनसे कहा कि लखनऊ में उनके साथ मिलकर बिजनेस करेंगे। फ्रेंचाइजी को लेकर मनोज की काशिफ की टीम के दुष्यंत सिंह, प्रियेश जैन, हार्दिक गौर से मुलाकात हुई। कंपनी के बारे में पूरी डिटेल देकर 18 लाख 88 हजार रुपए ले लिए और एग्रीमेंट करा लिया। एग्रीमेंट में लिखा था कि लखनऊ में वो किसी अन्य के साथ व्यापार नहीं करेंगे। इसके बाद मनोज को झांसा दिया कि वो एक सैलून खोलना चाहते हैं। मनोज उनके झांसे में आकर अगस्त 2023 में 20 लाख 65 हजार रुपए चेक के जरिए और दे दिए। इसके बाद एक एग्रीमेंट भेजा जो लीगल नहीं था। इसका विरोध करने पर आगे अनुबंध बदलने की बात कही। कुछ दिन बाद व्यापारी को पता चला कि आरोपी किसी अन्य व्यक्ति से फ्रेंचाइजी को लेकर बातचीत कर रहा हैं। जिसके बाद मनोज ने ईमेल से जवाब मांगा तो सही जवाब नहीं मिला। काशिफ से संपर्क करने की कोशिश की तो नहीं हो पाई। जिसके बाद मनोज ने जालसाजों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई।

### आरोपी काशिफ ड्रग्स मामले में भी फंस चुका

2021 में एनसीबी ने मुंबई की क्रूज पार्टी में शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान पर कार्रवाई की थी। जिसमें काशिफ खान का नाम सामने आया था। जिसके बाद मंत्री नवाब मलिक ने काशिफ के ऊपर गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि खान ड्रग्स, सेक्स और पोर्न रैकेट चलाता है। काशिफ ने ही रेव पार्टी का आयोजन किया था।

### ग्वालियर में 10 महीने पहले कर चुके धोखाधड़ी

इंदौर में फ्रेंचाइजी की फूड शॉप खुलवाने के नाम पर ग्वालियर के आयुष चौहान और उसकी बहन से 47.20 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में थाटीपुर पुलिस ने फैशन टीवी मुंबई की डायरेक्टर रुक्मणि हुड्?डा, काशिफ खान और दुष्यंत पर मामला दर्ज कराया था। आयुष ने बताया कि वह इंदौर में एफटीवी की फ्रेंचाइजी के नाम से फूड शॉप खोलना चाहता है। आरोपी दुष्यंत ने बताया कि सबसे पहले आपको कंपनी की फीस 40 लाख रुपए देनी होगी। जीएसटी अलग से देना होगा और शॉप खुलने के बाद प्रॉफिट की 7 फीसदी रॉयल्टी भी देनी होगी।

# भारत देश आज विश्व में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नाम रोशन कर रहा हैं : राजनाथ सिंह

- मोदी ने गरीबों के लिए महन्वपूर्ण योजनाएं चलाकर दिया सहारा : राजनाथ सिंह
- भाजपा के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी सहित अन्य कार्यकर्ता रहे मौजूद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ जिले के बीकेटी विधानसभा के इंटर कॉलेज में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा एक विशाल जनसभा का आयोजन किया गया। बता दे कि इस विशाल जनसभा आयोजन में मुख्य अतिथि भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री राजनाथ सिंह व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर शामिल होकर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने की अपील की। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी व विधायक ने फूलों की माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। वहीं विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत आज विश्व पटेल पर अपना परचम लहरा रहा है यह हमारे लिए गर्व की बात है आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जो गरीब निचले पायदान के व्यक्ति को दो ज़ोन की रोटी नहीं खा पाते थे उनको मोदी सरकार ने फ्री राशन, स्वास्थ्य, शौचालय,आवास अन्य कई ऐसी-ऐसी महत्वपूर्ण योजनाएं चलाकर उन गरीबों का कल्याण किया हैं जो पूर्वीती सरकारों में विपक्षी पार्टियों ने घोटाले पर घोटाले कर देश को कंगाल बना दिया था, भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेकों अनेक ऐसे कार्य किये जिससे भारत की जनता व भारत आज विश्व में नाम रोशन कर रहा हैं। वहीं राजनाथ सिंह ने सभी से अपील करते हुए कहा कि फिर एक बार मोदी सरकार बनाकर भारत को और मजबूत बनाना आप सबका कर्तव्य हैं। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में देश सुरक्षित है और विकसित भारत का सपना भी आज पूरा हो रहा हैं। वहीं इस मौके पर बीकेटी विधानसभा के गांवों कस्बों अन्य जिलें के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारीगण ,बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, विधायक डॉक्टर नीरज बोरा, एमएलसी पवन सिंह चौहान, लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, कई वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हुए। इस जनसभा में केन्द्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि भारत को अगर मजबूत बनाना है तो तीसरी बार मोदी सरकार बनाना हमारा परम कर्तव्य है मोदी सरकार में आज भारत को ऊंचाइयों को छू रहा हैं जो की पूर्ववर्ती सरकारों में घोटाले पर घोटाले करके भारत को गिराने का काम कर रहे थे आज मोदी के नेतृत्व में भारत उन ऊंचाइयों को छू रहा है जो विश्व के देशों के बड़े-बड़े नेताओं के मुख से सुनने को मिलता है।

# एस आर ग्लोबल स्कूल, बक्शी का तालाब, लखनऊ में सीबीएसई टापर्स का हुआ प्रतिभा सम्मान समारोह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

एस आर ग्लोबल स्कूल, बक्शी का तालाब, लखनऊ में आज सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 2024 की उद्घोषणा के उपरांत सभी प्रतिभावान छात्र - छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया 7 गौरतलब है कि दिनांक 13.5.2024 को सीबीएसई बोर्ड का परीक्षा परिणाम जारी हुआ था जिसमें एस आर ग्लोबल स्कूल के होनहारों ने शत प्रतिशत परीक्षाफल देकर जनपद में ही नहीं पूरे प्रदेश में अपना नाम रोशन किया है 7 बच्चों के सतत प्रयास व कड़ी मेहनत के फलस्वरूप प्राप्त हुई सफलता से एस आर ग्लोबल स्कूल स्वयं को गौरन्वित महसूस कर रहा है 7 आज के प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संस्थान के आदरणीय चेयरमैन व माननीय सदस्य विधान परिषद श्री पवन सिंह चौहान जी रहे जिन्होंने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को अंगवस्त्रम (फटका) व माला पहनाकर स्वागत किया 7 माननीय सदस्य विधान परिषद श्री पवन सिंह चौहान जी द्वारा विद्यालय के कक्षा 10 के सभी 79 होनहारों व कक्षा 12 के सभी 31 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं जिन्होंने कक्षा 10 व



12 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये उन्हें टैबलेट, ट्राली बैग, स्कूल बैग, स्मार्ट वाच, मिल्टन वाटर बाटल, अकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड की स्कूल ट्राफी देकर सम्मानित किया गया 7 अपने उद्बोधन में संस्थान के आदरणीय चेयरमैन सर ने बच्चों को सतत एवं निरन्तर प्रयत्न करने के लिए प्रेरित किया तथा अपने छात्र जीवन की उपलब्धि एवं प्रारम्भिक कठिनाइयों का उल्लेख करते हुए निरन्तर प्रयास एवं लक्ष्य की एकाग्रता को सफलता का मंत्र बताया 7 प्रतिभा सम्मान समारोह कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अभिभावकों को मंच पर संस्थान के चेयरमैन श्री पवन सिंह चौहान द्वारा सम्मानित किया गया 7 विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र प्रथम श्रीवास्तव ने 97.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया 7 कक्षा 10 के अन्य 79 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में मनीष कुमार (96.6 प्रतिशत), दिव्यांशी सिंह (96.2 प्रतिशत), वनिशा राज (96.2 प्रतिशत), आशू खरवार (95.6 प्रतिशत), प्रतिभा मिश्रा (95.6 प्रतिशत), कशनी मिश्रा (95.4 प्रतिशत), करुनेंद्र प्रताप सिंह यादव (95 प्रतिशत), वनिशा मौर्या (95 प्रतिशत), यशी पाण्डेय (94.8 प्रतिशत), अभिवंत मौर्या (9.8 प्रतिशत), नैन्सी यादव (94.8 प्रतिशत), अलंकृता रस्तोगी (94.2 प्रतिशत) अभिराज पाण्डेय (94 प्रतिशत), परी शुक्ला (94 प्रतिशत) एवं शौर्य चौहान (94 प्रतिशत) सहित अन्य 62 मेधावियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर अपना मान बढाया है 7 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की इसी श्रृंखला में कक्षा 12 की होनहार छात्रा श्रिया सिंह ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपना व अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है 7 छात्रा श्रिया सिंह के अतिरिक्त कुशाग्र चन्द्र (95.6 प्रतिशत), आयूषी मौर्या (95.2 प्रतिशत), वैष्णवी अवस्थी (94.8 प्रतिशत), वैभव बंसल (94.4 प्रतिशत), अंशिका (94.4 प्रतिशत), शिवांश यादव (94.2 प्रतिशत), देविका भल्ला (94.2 प्रतिशत) अथर्व शर्मा (94.2 प्रतिशत), पुष्पेन्द्र कुमार (93.4 प्रतिशत), सौम्य अग्रवाल (93.4 प्रतिशत), प्रतिष्ठा शुक्ला (92.4 प्रतिशत), महिमा वर्मा (92.4 प्रतिशत), एवं अनामिका भारती (92 प्रतिशत) सहित अन्य 17 मेधावियों ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम की 2024 में अपना नाम स्वर्ण अक्षरों में अंकित कराया है 7 विद्यालय के डीन अकेडमिक दीपक सिंह ने अपने सभी प्यारे बच्चों अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई दी और अपने उद्बोधन में कहा कि प्यारे बच्चों आप ही हमारी ताकत हो, आप ही हमारा मान- सम्मान हो और आप ही हमारा भविष्य हो 7 आप की कड़ी मेहनत ने जो कर दिखाया है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# लोकतंत्र के लिए!

**वह भी कांग्रेस की ही पहल थी। अनेक प्रदेश की सरकारों को उठाने-गिराने का खेल भी चलता रहा। धारा 370 को लेकर भी कांगेस ने जिस मनोवृत्ति का प्रदर्शन किया वह संविधान की प्रतिष्ठा के अनुकूल न था। पिछले कांग्रेसी शासन में घोटालों की धूम मच रही थी और लगातार तुष्टीकरण पर ज़ोर दिया जाता रहा ताकि वोट बैंक को साधा जा सके । अब धर्म को आधार लेकर आरक्षण की बात और विभिन्न वर्गों को मुफ़्त की ख़ैरात बाँटने और क़र्ज़माफ़ी के प्रस्तावों के साथ जो बेहिसाब उद्घोषणाएँ हो रही हैं उनका कोई वित्तीय आधार नहीं दिखता।**

*जनता द्वारा, जनता का और जनता के लिए शासन के महास्वप्न को साथ लेकर लोकतंत्र की शासन-विधा आधुनिक युग में सबसे प्रबुद्ध, व्यावहारिक और विवेकशील सरकार चलाने की पद्धति के रूप में स्वीकार की गई है। उत्तर कोरिया और चीन जैसे देश ज़रूर इसके अपवाद हैं जहाँ भिन्न क़िस्म की शासन-व्यवस्थाएँ हैं। यह भी सही है कि जिन देशों में लोकतंत्र है सभी एक जैसे नहीं हैं। राजतंत्र और सैन्य हस्तक्षेप के विविध रूप ऐसे अनेक देशों में मिलते हैं जहां स्वतंत्रता पर पहरा है, अन्याय और असमानता है। इन भेदों के बावजूद लोकतंत्र की व्यवस्था में जनता के चुने प्रतिनिधि या सीधे जनता से चुने लोगों को शासन सँभालने की ज़िम्मेदारी सौंपी जाती है। इसके मूल में 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' का ही आदर्श सक्रिय है। सबकी भागीदारी के लिए अवसर देना, ज़िम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ शासन चलाना, शांति और समानता के सिद्धान्तों को ज़मीनी हक़ीक़त बनाने के साथ प्रतिबद्धता लोकतंत्र की जान होती है। यह सब लोकतंत्र को मानवता की वैचारिक प्रगति के इतिहास में एक ख़ास उपलब्धि बना देता है। आज के अधिकांश विकसित देशों की कहानी में वहाँ के दर्दभरे ख़ौफ़नाक अतीत की स्मृति आज भी लोगों को टीसती रहती है। लोकतंत्र की क़ीमत अब उन्हें भलीभाँति मालूम है। लोकतंत्र की सफलता के लिए ज़रूरी है कि जनता से शासन करने के लिए मिली शक्ति की स्वीकार्यता और ठीक-ठीक पहचान बनी रहे । यह भी ज़रूरी है कि शासन में सत्ता का वितरण विकेंद्रित हो और जनता से सलाह-मशविरा भी लगातार होता रहे। इसमें नियमित रूप से जाँच और संतुलन की व्यवस्था भी होनी चाहिए। चुनाव में मतदान से इसकी शुरुआत होती है, इसलिए नियमपूर्वक और समय से चुनाव होने चाहिए। नियमों और क़ानूनों का पालन होना चाहिए तथा क़ानून को ही सर्वोपरि माना जाना चाहिए। ज़रूरी यह भी है कि देश के नागरिकों के सभी मौलिक मानव अधिकारों की सुरक्षा अक्षत बनी रहे । इस सिलसिले में जीवन की, बोलने की, अभिव्यक्ति की और स्वच्छंद घूमने-फिरने की स्वतंत्रता को सुरक्षित रखना सरकार का बड़ा महत्वपूर्ण दायित्व बनता है। अब इस सूची में सिविल सोसाइटी और ग़ैर सरकारी संस्थाएँ (एनजीओ) की व्यवस्थाएँ भी जुड़ गई हैं। अक़्सर कहा जाता है कि लोकतांत्रिक शासन के संचालन की दृष्टि से न्यायपालिका, विधायिका, कार्यपालिका और मीडिया चार प्रमुख आधार-स्तंभ का काम करते हैं। इनकी संस्थाओं की स्वतंत्रता और स्वायत्तता अखंड बनी रहनी चाहिए। इसी तरह समानता, समता और बंधुत्व के सिद्धांत भी व्यापक संदर्भ का काम करते हैं जिससे अनुप्राणित हो कर ही नियम क़ानून बनाते हैं और उनका अनुपालन किया जाना चाहिए। सरकार एक जीवन-शैली जैसा उपाय है जो देश और समाज के स्वस्थ विकास के लिए प्रयुक्त होता है। गौर से देखें तो लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुचारु रूप से चलाने को सुनिश्चित करने में हर स्तर पर समाज की अधिकाधिक जन-भागीदारी होनी चाहिए। वह प्राण-वायु की तरह होती है, यदि वह अवरुद्ध हो जाय या उसके साथ अवांछित छेड़खानी हो तो लोकतंत्र और देश का स्वास्थ्य ख़राब हो जाएगा। यदि सन 1947 में स्वतंत्रता के बाद के देश की लोकतांत्रिक यात्रा पर निगाह डालें और इतिहास पर गौर करें तो कुछ तथ्य ध्यान आकृष्ट करते हैं। देश के संविधान में पहला संशोधन पंडित नेहरू के नेतृत्व में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने के लिए 1950 में किया गया । भारत के संविधान में शायद कुल 80 संशोधन कांग्रेस के कार्यकाल में किए गए ।*

---

## एक्सप्रेस आलेख

**एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में , आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी।**


# मोदी के लिए अपरिहार्य कैसे बने अमित शाह



आर.के. सिन्हा

**लोकसभा चुनाव 2024 के प्रचार के दौरान गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि नक्सलवाद के खिलाफ हमारी जंग जारी रहेगी। लोकसभा चुनावों से ठीक पहले नक्स लियों पर एक बहुत बड़ा ऑपरेशन हुआ, ऐसा पिछले साल दिसंबर महीने में भी देखने को मिला था। अमित शाह कह रहे हैं कि भाजपा के कमिटमेंट में कोई बदलाव नहीं आया है।**

अमित शाह राजधानी में अपने साउथ ब्लॉक के दफ्तर में जब काम करते होंगे, तब उनके जेहन में भी देश के पहले उपप्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार पटेल का ख्याल अवश्य आता होगा। लौह पुरुष सरदार पटेल नें भी इसी साउथ ब्लॉक में बने गृह मंत्री कार्यालय से ही से देश की आंतरिक सुरक्षा को एक नई दिशा दी थी। वे भी बोलने में कम और काम करने में अधिक यकीन करते थे। अमित शाह का एक गुण यह भी है कि वे किसी अनावश्यक विवाद को खत्म करने में देर नहीं करते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शायद सोचा होगा कि वे अमित शाह को देश का भावी प्रधानमंत्री बताकर एक विवाद खड़ा कर देंगे। पर उनकी यह मंशा सफल नहीं हुई, क्योंकि अमित शाह ने साफ कर दिया कि नरेन्द्र मोदी ही 2029 तक देश के प्रधानमंत्री बने रहेंगे। अमित शाह ने पहले भाजपा के संगठन में रहते हुए और फिर केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भाजपा अध्यक्ष रहते हुए उनके संगठनात्मक कौशल को सबने देखा, लेकिन जो लोग उन्हें गुजरात के दिनों से जानते थे, वे बहुत हैरान नहीं हुए। फिर, 2019 में, वह केंद्रीय गृह मंत्री बने, और इसके साथ ही शुरू हुआ कई बड़े फैसलों को लेने का दौर। पिछले पांच वर्षों में, अमित शाह ने आंतरिक सुरक्षा को नया रूप दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देखरेख में भारतीय दंड विधान (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) और साक्ष्य अधिनियम को बदला गया। अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे। नए आपराधिक कानून उनमें से एक को पूरा करते हैं। सरकार ने नए कानूनों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम नाम दिया है। गृह मंत्री के रूप में अमित, शाह को प्रधानमंत्री का विश्वास और पूरा भरोसा प्राप्त है। वास्तव में, जब कोई राजनीतिक या सरकारी मुद्दा प्रधानमंत्री मोदी के समक्ष लाया जाता है, तो कहा जाता है कि वह उस व्यक्ति से अमित शाह से भी सलाह लेने के लिए कहते हैं।



**अमित शाह मानते हैं कि कोई भी कानून 50 साल के बाद पुराना हो जाता है। 1860 से 2023 तक आईपीसी, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम में कोई परिवर्तन नहीं हुआ था। आपको याद होगा जब जब भारत अपना 75वां स्वाधीनता दिवस मना रहा था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने लाल किले की प्राचीर से पांच संकल्प किए थे।**

2019 में, गृह मंत्री बनने के तीन महीने बाद, अमित शाह संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के सरकारी कदम में सबसे आगे थे। इसके लिए कुशल राजनीतिक सूझबूझ की आवश्यकता थी। उन्हें प्रधानमंत्री मोदी का पूरा समर्थन हासिल था। चार साल बाद, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले की वैधता को बरकरार रखा, जो कि भाजपा ने भारत के अंतिम एकीकरण में सबसे बड़ी बाधा के रूप में देखा था। अमित शाह 2019 के नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) की पीछे प्रेरक शक्ति भी रहे हैं, जिसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि अफगानिस्तान, बांग्लादेश और पाकिस्तान के उत्पीड़ित हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई - जो 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके हैं - उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाए। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद आशंका थी कि सीएए को विपक्ष मुद्दा बनायेगा। पर यह नहीं हुआ। इसकी बेशक एक बड़ी वजह यह रही कि अमित शाह देश के मुसलमानों को भरोसा देता रहे कि सीएए कानून का उनसे कोई लेना-देना है। याद करें कि राजधानी के शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड के फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थीकि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा। पर यह नहीं हुआ। गृह मंत्री अमित मोदी बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा। पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे। सीएए, एनआरसी और धारा 370 जैसे मुद्दे काँग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया था और जल्दी ही यह हिंदू- मुस्लिम विवाद में बदला था। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए थे। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है, लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो ÷धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। खैर, अमित शाह की सरपरस्ती में , आंतरिक आतंकवाद का खतरा भी कम हुआ है। इस्लामिक स्टेट का उदय, पहले सीरिया और बाद में अफगानिस्तान में, चरमपंथी प्रवृत्ति वाले कई युवाओं को विदेशी जमीन में युद्ध लड़ने के लिए देश से बाहर जाते हुए देखा गया। इससे 2014 में कट्टरपंथ और ऑनलाइन ब्रेनवॉशिंग के नए खतरों के बारे में चिंता पैदा हुई थी, लेकिन गृह मंत्रालय और खुफिया एजेंसियां आज इनसे निपटने के लिए बेहतर तरीके से तैयार हैं। छत्तीसगढ़, बिहार और झारखंड के नक्सल प्रभावित राज्यों में, सुरक्षा बल धीरे-धीरे उन क्षेत्रों में वापस आ रहे हैं जिन्हें कभी रेड जोन माना जाता था।

---

## एक्सप्रेस कविता

*पलकों में समाँ जाऊंगा मैं।*
*तेरे सपनों में समां जाऊंगा मैं।*
*पवन बयार बन जाएगी तू,*
*महक बन फैल जाऊंगा मैं।।*
*.महलों की अजीम शान है तू।*
*आवारा,बंजारा बन जाऊंगा मैं ।।*

*कहां खोजूं किस दर पर जाऊं ।*
*तलाश में बावरा बन जाऊंगा मैं।।*
*न तेरा पता है ना तेरी कोई खबर,*
*हवा में खुशबू बन जाऊंगा मैं ।।*
*फुर्सत से करुंगा हिसाब ए जिंदगी,*
*तलाश में यायावर बन जाऊंगा मैं।।*
*सूरज की रोशनी सी रोशन तू,*
*रात का सितारा बन जाऊंगा मैं।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

***जीवन स्वयं को खोजने के बारे में नहीं है जिंदगी से तात्पर्य अपने आप को बनाना होता है***

---

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | नवमी 06:23 तक |
| नक्षत्रः | मघा 18:14 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | ध्रुव, 08:22 |
| सूर्योदयः | 05:31 |
| सूर्यास्तः | 19:04 |
| चंद्रमाः | सिंह राशि में |
| राहुकालः | 13:59-15:40 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:53-12:41 |

## जन एक्सप्रेस

### सरेआम हाथापाई !

*मारपीट हो रही ।*
*माननीय आवास ।।*
*सरेआम हाथापाई ।*
*थीं उनकी वो ख़ास ।।*
*है मर्यादा तार तार ।*
*नैतिकता दुहाई ।।*
*कट्टर इमानदार पर ।*
*ऐसी नौबत आई ?*
*चाल और चरित्र तो ।*
*पहले से उजागर ।।*
*पर ये तो घटनाएं मात्र ।*
*हैं गागर में सागर ।।*
*पर ऐसी ये कार्यशैली ।*
*पकड़ रही रफ़्तार ।।*
*आम आदमी का केवल ।*
*बचा यही अधिकार ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं मिलेट्स

**आज** के समय में खानपान और लाइफस्टाइल से जुड़ी गड़बड़ी के कारण इंसान बीमारियों का शिकार हो रहा है। डॉक्टर भी लोगों को यही सलाह देते हैं, कि बीमारियों से बचने के लिए डाइट का विशेष ध्यान रखें। खानपान से जुड़ी गलत आदतों के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता तो कमजोर होती ही है साथ ही शरीर के आंतरिक अंगों को भी नुकसान पहुंचता है। शरीर को हेल्दी और फिट बनाए रखने के लिए मिलेट्स का सेवन बहुत फायदेमंद माना जाता है। मिलेट्स यानी मोटे अनाज का सेवन भारत में पुराने समय से ही किया जा रहा है। पोषक तत्वों की भरपूर मात्रा से युक्त मिलेट्स शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

**मिलटेस खाने का सही तरीका क्या है?:** मिलेट्स कई तरह के होते हैं और हर मिलेट्स की अपनी खासियत होती है। आम भाषा में मिलेट्स को मोटे अनाज के नाम से भी जाना जाता है। ज्वार, बाजरा, कोदों, रागी आदि भारत में पाए जाने वाले मुख्य मिलेट्स हैं। इनका नियमित रूप से सेवन करने से बीमारियों के खतरे को कम करने और शरीर को हेल्दी रखने में मदद मिलती है। नोएडा स्थित आरोग्य हेल्थ सेंटर के क्लीनिकल डाइटिशियन डॉ वीडी त्रिपाठी कहते हैं, ÷मिलेट्स का



सेवन शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है, लेकिन गलत तरीके से इसका सेवन शरीर को गंभीर नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसलिए हमेशा इसे सही ढंग से ही खाना चाहिए।

**मिलेट्स खाने का सही तरीका इस तरह से है**

**संतुलित मात्रा में करें सेवन:** मिलेट्स का सेवन हमेशा संतुलित मात्रा में ही करना चाहिए। इसका बहुत ज्यादा सेवन शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है। इसे आप अन्य चीजों के साथ मिक्स करके भी खा सकते हैं।

**मौसम के हिसाब से ही करें सेवन:** मिलेट्स का सेवन मौसम के हिसाब से ही करना चाहिए। गर्म तासीर वाले मिलेट्स का सेवन गर्मी के मौसम में करने से नुकसान का खतरा रहता है। जैसे बाजरे का सेवन गर्मियों में करने से बचना चाहिए।

**दाल और सब्जियों में मिक्स करें:** मिलेट्स का सेवन सीधे करने के बजाय इसे सब्जियों, दाल आदि में मिक्स करके खाएं। इससे नुकसान का खतरा भी कम होगा और पोषक तत्व भी बढ़ जाएंगे।

**खूब पानी पिएं:** मिलेट्स का सेवन करने के बाद पर्याप्त मात्रा में पानी जरूर पिएं। मिलेट्स खाने के बाद पानी कम पीने से आपको पेट से जुड़ी परेशानियों का खतरा रहता है।

**मिलेट्स खाने के फायदे**

मिलेट्स का सेवन शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। नियमित रूप से संतुलित मात्रा में इसका सेवन करने से शरीर को अनोखे फायदे मिलते हैं। मिलेट्स खाने के कुछ प्रमुख फायदे इस तरह से हैं-

**पोषण से भरपूर:** मिलेट्स में प्रोटीन, फाइबर, विटामिन, और मिनरल्स की अच्छी मात्रा होती है जो हमारे शरीर के लिए आवश्यक होती है।

**वजन कंट्रोल करे:** मिलेट्स के सेवन से वजन नियंत्रित रहता है और शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है।

**डायबिटीज में फायदेमंद:** मिलेट्स का सेवन इंसुलिन के स्तर को नियंत्रित करता है और डायबिटीज में फायदेमंद होता है।

**हार्ट के लिए फायदेमंद:** मिलेट्स में मौजूद फाइबर, प्रोटीन समेत अन्य पोषक तत्व हार्ट हेल्थ के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

---

## एक्सप्रेस विशेष

# वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण में वृद्धि से गरीब वर्ग तक सहायता पहुंचाना हुआ आसान



प्रहलाद सबनानी

**जनऔषधि केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो 50-90 प्रतिशत रियायती दरों पर आवश्यक दवाएं प्रदान कर रहे हैं। साथ ही, जल जीवन मिशन ने पूरे भारत में 75 प्रतिशत से अधिक घरों में नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करके एक बड़ा मील का पत्थर हासिल कर लिया गया है।**

**आपको** ध्यान होगा कि जब केंद्र सरकार वस्तु एवं सेवा कर को भारत में लागू करने के प्रयास कर रही थी तब कई विपक्षी दलों ने इस नए कर को देश में लागू करने के प्रति बहुत आशंकाएं व्यक्त की थीं। उस समय कुछ आलोचकों का तो यहां तक कहना था कि वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली देश में निश्चित ही असफल होने जा रही है एवं इससे देश के गरीब वर्ग पर कर के रूप में बहुत अधिक बोझ पड़ने जा रहा है। परंतु, केंद्र सरकार ने देश में पूर्व में लागू जटिल अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था को सरल बनाने के उद्देश्य से वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को 1 जुलाई 2017 से पूरे देश में लागू कर दिया तथा इस कर में लगभग 20 प्रकार के करों को सम्मिलित किया गया था। वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू करने के तुरंत उपरांत व्यापारियों को व्यवस्था सम्बन्धी कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ा था। परंतु, इन परेशानियों को केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों के सहयोग से धीरे-धीरे दूर कर लिया गया है। आज वस्तु एवं सेवा कर के अन्तर्गत देश में कर व्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है जिससे देश में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण कुलांचे मारता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को तेजी से आगे

**महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन प्रदान किये गए हैं। इन महिलाओं के जीवन में इससे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है क्योंकि ये महिलाएं इसके पूर्व लकड़ी जलाकर अपने घरों में भोजन सामग्री का निर्माण कर पाती थीं और अपनी आंखों को खराब होते हुए देखती थीं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत भी 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा को कायम रखा जा सका है।**

बढ़ाने के लिए धन की आवश्यकता होती है और यह धन देश की जनता से ही करों के रूप में उगाहे जाने के प्रयास होते हैं। उस कर व्यवस्था को उत्तम कहा जा सकता है जिसके अंतर्गत नागरिकों को कर का आभास बहुत कम हो। जिस प्रकार मधुमक्खी फूल से शहद कुछ इस प्रकार से निकालती है कि फूल को मालूम ही नहीं पड़ता है, ठीक इसी प्रकार की कर व्यवस्था केंद्र सरकार द्वारा, वस्तु एवं कर सेवा के माध्यम से, देश में लागू करने के प्रयास किये गए हैं। गरीब वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर को या तो शून्य रखा गया है अथवा कर की दर बहुत कम रखी गई है। इसके विपरीत, धनाढ्य वर्ग द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुओं पर कर की दर बहुत अधिक रखी गई है। वस्तु एवं सेवा कर की दर को शून्य प्रतिशत से लेकर 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत एवं 28 प्रतिशत अधिकतम तक रखा गया है। भारत में वस्तु एवं सेवा कर प्रणाली को लागू किया हुए 6.5 वर्षों से अधिक का समय हो चुका है एवं आज देश में अप्रत्यक्ष कर संग्रहण में लगातार हो रही तेज वृद्धि के रूप में इसके सुखद परिणाम स्पष्टतः दिखाई देने लगे हैं। दिनांक 1 मई 2024 को अप्रेल 2024 माह में वस्तु एवं सेवा कर के संग्रहण से सम्बंधित जानकारी जारी की गई है। हम सभी के लिए यह हर्ष का विषय है कि माह अप्रेल 2024 के दौरान वस्तु एवं सेवा कर का संग्रहण पिछले सारे रिकार्ड तोड़ते हुए 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है, जो निश्चित ही, भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती को दर्शा रहा है। वित्तीय वर्ष 2022 में वस्तु एवं सेवा कर का औसत कुल मासिक संग्रहण 1.20 लाख करोड़ रुपए रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2023 में बढ़कर 1.50 लाख करोड़ रुपए हो गया एवं वित्तीय वर्ष 2024 में 1.70 लाख करोड़ रुपए के स्तर को पार कर गया। अब तो अप्रेल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपए के स्तर से भी आगे निकल गया है। इससे यह आभास हो रहा है कि देश के नागरिकों में आर्थिक नियमों के अनुपालन के प्रति रुचि बढ़ी है, देश में अर्थव्यवस्था का तेजी से औपचारीकरण हो रहा है एवं भारत में आर्थिक विकास की दर तेज गति से आगे बढ़ रही है। कुल मिलाकर अब यह कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले 2/3 वर्षों में 5 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर मजबूती से आगे बढ़ रहा है। भारत में वर्ष 2014 के पूर्व एक ऐसा समय था जब केंद्रीय नेतृत्व में नीतिगत फैसले लेने में भारी हिचकिचाहट रहती थी और भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की हिचकोले खाने वाली 5 अर्थव्यवस्थाओं में शामिल थी। परंतु, केवल 10 वर्ष पश्चात केंद्र में मजबूत नेतृत्व एवं मजबूत लोकतंत्र के चलते आज वर्ष 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से आगे बढ़ रही है। वस्तु एवं सेवा कर के माध्यम से देश में कर संग्रहण में आई वृद्धि के चलते ही आज केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग को विभिन्न विशेष योजनाओं का लाभ पहुंचाये जाने के भरसक प्रयास किए जा रहे हैं। पीएम गरीब कल्याण योजना के माध्यम से मुफ्त अनाज के मासिक वितरण से 80 करोड़ से अधिक परिवारों को लाभ प्राप्त हो रहा है।

# मथना मजार शरीफ जाने के रास्ते पर जड़ा ताला नहीं खुलेगा जुम्मेदारो का तुगलकी फरमान







**देवकली रोड से जुड़ती हुई डामर रोड़ मथना मजार शरीफ़ तक आई है लेकिन बाउंड्री होने से लगभग 150 मीटर पर लोहे का गेट लगा कर ताला डाल दिया जिससे मजार शरीफ पर आने जाने वालों को काफी दिक्कत हो रही**

**जन एक्सप्रेस | सुनहरा**

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में देवकली रोड स्थित मथना गांव में सैय्यद सालार गाज़ी रहमातुल्लह की मजार तथा सैय्यद मस्तान मियां रहमातुल्लह की मजार एव कुतुब साहब रहमातुल्लह की मजार शरीफ पर दूर दराज से लोग आते हैं। मजार तक जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण 30-35 वर्ष पुराना है जिसका प्रयोग आम अवाम मुख्य सड़क मार्ग के रूप में कर रही है मजार शरीफ के आस पास गांव विशनूपुर, मथना, देवकली, सैदापुर के आदि लोगों अपने वाहन से आकर मजार पर पानी पीना रुकना वाहन खड़े करते थे करीब एक माह पूर्व गाजी बाबा की कमेटी के लोगों ने मजार शरीफ आने-जाने का सार्वजनिक सड़क मार्ग पर लोहे का भारी भरकम गेट लगाकर गेट में ताला डाल रखा है। उसके बगल में एक गेट बगिया के बीच में लगा है जिसमें बगिया में जाकर गहराई में गाड़ी खड़ी कर तब मजार पर आदमी जा सकता है जिस कारण बूढ़े व बच्चों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। कमेटी के जिम्मेदार इस ओर ध्यान तक नहीं दे रहे ताला पड़ने से उक्त गांव वाले काफी आक्रोशित है हर धर्म के लोगों का आना जाना है।लगा रहता है मथना स्थिति उक्त मजारों पर लेकिन इस तरह की जोर जबरदस्ती कर ताला डालना जिसमें काफी बुजुर्ग ई रिक्शा से बिल्कुल मजार तक आ जाते थे मजार शरीफ पर आने के लिए जो रास्ता है बहुत धूल मिट्टी है जो लगभग आठ फिट नीचे है रोड मजार से वहां से लोग अपना वाहन अंदर ले जाए फिर बाग से चढ़कर रोड पर चढ़े तब मजार तक पहुंच पाते हैं जिनको लेकर लोगों में काफी रोष व्याप्त है।

# मतदान के बाद जीत-हार पर लगने लगे दांव, चौक-चौराहों पर चुनाव की चर्चा जारी



**जन एक्सप्रेस | अमीन नगर खीरी**

कौन जीतेगा, किसकी होगी हार, कस्बे से लेकर गांव तक अब चुनाव पर ही चर्चा लोकसभा चुनाव लखीमपुर खीरी का खत्म हो गया हैं, लेकिन चुनाव को लेकर चर्चा और चकल्लस का दौर जारी है। लोकसभा मतदान के बाद अब जीत-हार के कयास लगने शुरू हो गए हैं और इसके साथ ही प्रत्याशियों पर दांव भी लगने लगे हैं। चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार व राजनीतिक दल अपने समर्थकों से क्षेत्रवार मतदान व वोटों के आंकड़ों को जुटाने में लग गए हैं, तो कहीं धोखे व पाला बदलने की भी खबरें सामने आ रही है। कोई कहता है कि 4 जून तक सब सामने आ जाएगा होटल, पान दुकान, सार्वजनिक चौक- चौराहों, चाय की टपरियों में अब पार्टियों के कार्यकर्ता के साथ-साथ चुनाव में दिलचस्पी रखने वाले लोग भी अपने-अपने आंकड़े बताकर जीत का दावा-प्रतिदावा कर रहे हैं। जीत-हार के दावों के बीच अब कोई शर्त लगाने की भी चुनौती दे रहा है। एक ओर सपा के समर्थक जीत के आंकड़े गिना रहे हैं तो दूसरी ओर बीजेपी के समर्थक केंद्र सरकार की योजनाओं के बल पर जीत के लिए आश्वस्त हैं।

### सबकी जुबां पर चुनाव की चर्चा

हालांकि सभी की जुबां पर चुनाव की चर्चा है।कौन जीतेगा,कौन हारेगा और कौन रहेगा दूसरे नम्बर पर, किसका दबदबा रहेगा तथा जीत-हार में कितना अंतर होगा। देश में किसकी सरकार बनेगी तथा किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी, इस पर भी लोग मोल-भाव कर रहे हैं।शांतिपूर्ण संपन्न हुए चुनाव के बाद अब सभी के जुबान में हार-जीत की समीक्षा का दौर तेजी से शुरू हो गया है. वहीं राजनीतिक पंडित भी अपना गुणा-भाग कर चुनावों के परिणाम निकालने लगे हैं और जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा, इस पर भी हर घंटे लोगों के दावे बदलने लगे हैं। दूसरी ओर मतदाताओं की चुप्पी ने भी प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

# महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई





**जन एक्सप्रेस | गोला गोकर्णनाथ खीरी**

बुधवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के पदाधिकारियों ने बाँकेगंज के ग्राम पकरिया संगठन के द्वितीय स्थापना दिवस पर महात्मा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। संगठन के भाकियू जिलाध्यक्ष कुलवंत सिंह जोशन ने कहा कि किसानों के मसीहा महेंद्र सिंह टिकैत को 'महात्मा बाबा' की उपाधि उनके संघर्षों के कारण मिली। देशभर में किसान, मजदूर और मजलूमों के हक के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया था, उन्हें हमेशा महानायक की भूमिका में याद किया जायेगा। बाबा को जाति धर्म से कोई मतलब नहीं था। वह किसानों के मसीहा थे। किसानों की जाति धर्म को उन्होंने कभी नहीं देखा। उनकी एक आवाज पर हजारों किसान एकत्र हो जाते थे। उनका योगदान युगों तक याद किया जायेगा।

उनके जीवन का उद्देश्य किसानों को इतना जागरूक करना था कि किसान की आवाज भी हुक्मरानों तक पहुंच सके।

किसानों को वाजिब हक दिलाने के लिए तमाम बड़े राजनेताओं से समय-समय पर टकराव मोल लिया।

इस मौके पर चंदन सिद्धू संजय वर्मा,सुरजीत सिंह, राहुल वर्मा, रवि वर्मा, महेंद्र वर्मा, रोहित, मान सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कीटों से बचायें गन्ना फसल

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**



बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल पलिया के यूनिट हेड ओ पी चौहान द्वारा ग्राम मरौचा, अतरिया, मकनपुर, मझगई आदि गांवों में भ्रमण कर कृषकों से सम्पर्क करके गन्ने की फसल की लगातार निगरानी रखने की अपील की गई।उन्होंने किसानों को बताया कि तापमान में वृद्धि होने के कारण मौसम काफी गर्म हो रहा है जिस कारण गन्ने की फसल में कीटों का प्रकोप ज्यादा रहने की सम्भावना होती है, जिसमें चोटी बेधक (भुण्डा), काला चिकटा, का प्रकोप दिखाई दे रहा है। चोटी बेधक (मुण्डा) की पहचान पौधे की मध्य पत्ती में गोला छर्रे जैसे छेद होते जो कि पत्ती को खोल कर देखने पर समानान्तरण दिखाई पड़ते हैं। इसका मादा कीट सफेद रंग का होता है एवं उदर भाग पर गुलाबी गुच्छा होता है। इसकी मैकेनिकल रोकथाम के लिए ग्रसित पौधों को जमीन की सतह से काटकर खेत के बाहर मिट्टी में दबा दें रासायनिक नियंत्रण के लिए कोराजन / सिटीजन 150 मि.ली. प्रति एकड़ 400 लीटर पानी में मिलाकर पौधे की जड़ों के पास ट्रेंचिंग करें एवं 24 घण्टों के अन्दर सिंचाई अवश्य कर दें।काला चिकटा एक प्रकार का चूसक कीट होता है जो पौधों की पत्तियों का रस चूसता है। इसकी रोकथाम के लिए डमिडाक्लोप्रिड 150 मि.ली. प्रति एकड 200 लीटर पानी अथवा क्लोरपाइरिफोस 500 मि.ली 0 प्रति एकड़ 200 लीटर में छिड़काव करना चाहिए। चीनी मिल द्वारा कोराजन /सिटीजन छूट पर उपलब्ध कराया जा रहा है। क्षेत्रभ्रमण के समय वरिष्ठ उप प्रबन्धक प्रबंधक- गन्ना राजीव तोमर, प्रवीन कुमार, यशवंत सिंह, अशोक मौर्य उपस्थित रहे।

## एसपी ने पैदल गस्त कर लोगो को दिया सुरक्षा का संदेश



**जन एक्सप्रेस | हरदोई**

पुलिस अधीक्षक केशव चन्द्र गोस्वामी द्वारा बुधवार को बिलग्राम क्षेत्र में सुरक्षा के दृष्टिगत भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों व बाजारों के अलावा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास पैदल गस्त कर व्यापारियों व आमजन को सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।एसपी ने व्यापारियों, दुकानदारों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से शांति व सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में आमजनमानस से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा भी दिलाया।इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिलग्राम, व प्रभारी निरीक्षक सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# भीषण गर्मी से इंसान व पशु पक्षी बेहाल

**जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी**



भीषण गर्मी में इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। पशु-पक्षी जहां छांव ढूंढ़ रहे हैं, वहीं जंगली जानवर पानी का सहारा ले रहे हैं। इन दिनों दुधवा के तालाबों में हाथियों को जल विहार करते देखा जा रहा है। इसके वीडियो और फोटो भी सामने आए हैं। भीषण गर्मी के चलते दुधवा टाइगर रिजर्व प्रशासन तालाबों, कच्चे व पक्के वाटरहोल्स में लगातार पानी भरवा रहा है। इन दिनों सारे वाटरहोल्स और तालाब पानी से लबालब भरे नजर आ रहे हैं। जंगल में पेड़ों की छांव में ठंडे पानी से अपने शरीर का तापमान कम करने के लिए हाथियों के एक झुंड ने तालाब में खूब स्नान किया। काफी देर तक चिंघाड़ते हुए हाथी तालाब में जल विहार करते नजर आए। इस बीच ये हाथी एक दूसरे पर सूंड़ से पानी के फौव्वारे छोड़ रहे थे। पेट्रोलिंग कर रही वन कर्मियों की टीमों ने इस नजारे को देख और अपने कैमरों में कैद किया। दुधवा टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर ललित कुमार वर्मा ने बताया कि दुधवा के जलाशयों में इस समय बाघ समेत विभिन्न दुर्लभ वन्यजीवों की अच्छी साइटिंग हो रही है। इन दिनों दुधवा और किशनपुर सेंक्चुरी में भ्रमण पर आ रहे सैलानियों को जलाशयों के आसपास बाघ, बाराहसिंगा हिरन समेत अन्य दुर्लभ वन्यजीवों के खूब दीदार हो रहे हैं। साथ ही जलाशयों में कलरव करते स्थानीय पक्षियों की चहचाहट से सैलानी मंत्रमुग्ध हो रहे हैं।

# लोडर की टक्कर से मासूम की मौत

**जन एक्सप्रेस | बहराइच**

गंगापुर में सोमवार की शाम घर के बाहर खेल रहे 15 माह के मासूम बालक को लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक सहित लोडर पुलिस के कब्जे में है।

मूर्तिहा थाना क्षेत्र के गंगापुर गांव निवासी विमलेश के पुत्र आयुष (15 माह) को घर के बाहर गंगापुर मंडी समिति मार्ग पर सिलिंडर भरे लोडर ने टक्कर मार दी। जिससे वह घायल हो गया और सीएचसी मोतीपुर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक के चाचा दुर्गेश ने बताया कि दो बहनों रुचि, निकिता में अकेला और छोटा भाई था। पिता मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मौत से मां अनीता सहित अन्य परिजनों में कोहराम है। मूर्तिहा थानाध्यक्ष अमितेंद्र कुमार सिंह का कहना है कि टक्कर मारने वाले लोडर को चालक सहित पकड़ लिया गया है। परिजन कोई

# लूट के दौरान विवाहिता की गोली मारकर हत्या



> महिला की गोली मारकर हत्या की गई है, जबकि उसका पति घायल है। पति की हालत खतरे से बाहर है। पुलिस उसका बयान दर्ज कर रिपोर्ट लिखेगी। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा।
>
> **घुले सुशील चंद्रभान**
> **एसएसपी**

**गांव के कच्चे रास्ते पर बदमाशों ने पति को बंदूक की बट से पीटकर घायल कर लिया**

**जन एक्सप्रेस | बरेली**

मंगलवार रात शीशगढ़-धनेटा रोड पर मायके से आ रही विवाहिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। गांव के कच्चे रास्ते पर बदमाशों ने पति को बंदूक की बट से पीटकर घायल कर लिया। आरोप है कि बदमाशों ने विवाहिता के जेवर लूट लिए। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने रात में दुनका चौकी के पास तीन घंटे जाम लगाया। एसएसपी के आश्वासन पर लोगों ने जाम तो खोल दिया पर देर रात तक शव नहीं उठने दे रहे थे। शाही के गांव बकैनिया वीरपुर निवासी राजकुमार की शादी एक साल पहले शीशगढ़ थाने के गांव मलसाखेड़ा निवासी हेमलता से हुई थी। हेमलता (22) सुबह पति के साथ मायके आई थी। मंगलवार शाम साढ़े पांच बजे राजकुमार बाइक पर हेमलता को लेकर ससुराल से अपने घर बकैनिया लौट रहे थे। बताते हैं कि दुनका से बकैनिया के कच्चे रास्ते पर करीब पांच सौ मीटर आगे बढ़ते ही पांच-छह बदमाशों ने राजकुमार को बंदूक की बट से ठोकर मार दी। इससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई।

बताते हैं कि बदमाश बट से राजकुमार को पीटने लगे तो हेमलता ने उनको बचाने की कोशिश की। तब बदमाशों ने उसे गोली मार दी। बताते हैं कि एक गोली सिर में और दूसरी सीने में लगी। इससे हेमलता की मौके पर ही मौत हो गई। आरोप है कि बदमाश उसके सारे जेवर लूट ले गए। थोड़ी देर बाद राहगीरों ने हेमलता को पहचानकर उसके पिता हरीश कुमार को सूचना दी। वह आए तो थोड़ी देर में दोनों गांवों के लोग जुट गए। शाम सात बजे दुनका चौकी के पास जाम लगा दिया। रात 10 बजे एसएसपी के आश्वासन पर जाम खोल दिया पर शव नहीं उठाने दे रहे थे। खबर लिखे जाने तक ग्रामीणों को समझाने का प्रयास जारी था। इधर, राजकुमार को शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पाली क्षेत्र में ट्रैक्टर से टकराकर पलटी डबल डेकर बस, बस में 70 नेपाली यात्री थे सवार

**पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से घायलों को पहुंचाया अस्पताल**

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



पाली थाना क्षेत्र में परेली गांव के पास एक तेज रफ्तार डबल डेकर बस ट्रैक्टर से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में पलट गई। बस पर 70 नेपाली यात्री सवार थे। 3 गंभीर घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल भेजा गया, कई अन्य यात्रियों को भी मामूली चोटे आईं। घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, सूचना मिलने के 1 घंटे बाद पाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार लखीमपुर जिले के पलिया से एक डबल डेकर बस 70 नेपाली सवारियों को लेकर मुंबई के लिए मंगलवार रात को निकली थी। बुधवार अलसुबह 4:30 बजे बस पाली-शाहाबाद मार्ग पर परेली के पास ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद सड़क किनारे खाई में पलट गई। घटना से बस में सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। सुबह टहलने निकले लोगों ने देखा तो मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और यह एंबुलेंस को दी। मौके पर आसपास के गांव के गांव के लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर लेकर चालक मौके से भाग गया, इसके अलावा डबल डेकर बस के भी चालक परिचालक मौके से फरार हो गए। करीब एक घंटे बाद पाली थाने के उपनिरीक्षक वीर बहादुर सिंह, दो ट्रेनी उपनिरीक्षक और कांस्टेबल मौके पर पहुंचे तथा 7 एंबुलेंस भी पहुंची। बस में फंसे हुए यात्रियों को ग्रामीणों ने बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल तीन यात्रियों को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा गया। इसके अलावा 6 अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जो अस्पताल नहीं गए। बस में सवार नेपाल निवासी ट्रैवल एजेंट धर्मराज ने बताया कि जनपद लखीमपुर के पलिया से डबल डेकर बस मुंबई जा रही थी तभी पाली थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद बस खाई में पलट गई। दुर्घटना के समय बस में 70 यात्री सवार थे जिसमें अधिकतर महिलाएं हैं। सभी यात्री नेपाल के निवासी हैं। दुर्घटना में बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और चारों तरफ यात्रियों का सामान बिखरा हुआ पड़ा है।

यहां यह भी बताना जरूरी होगा कि बीती सर्दियों में भी एक डबल डेकर बस इससे कुछ दूरी पर रोडवेज बस से टकरा गई थी, जिसमें डबल डेकर बस के परिचालक की मौत हो गई थी जबकि रोडवेज बस का चालक बुरी तरह घायल हुआ था।

# हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराया ट्रक

**दो बच्चों समेत पांच लोग घायल**

**जन एक्सप्रेस | शाहजहाँपुर**



शाहजहांपुर के अल्हागंज क्षेत्र में जलालाबाद-फर्रुखाबाद हाईवे पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ट्रक से टक्कर लग गई। हादसे में दो बच्चों समेत दंपती घायल हो गए। चालक को भी चोटें आईं हैं। हादसे के बाद ट्रक लेकर चालक चला गया। घायलों को फर्रुखाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अल्हागंज के ग्राम भरतौली निवासी पवन सिंह ट्रैक्टर ट्रॉली में गल्ला और भूसा भरकर फर्रुखाबाद के तिकोना चौकी स्थित मकान में जा रहे थे। उनके साथ पत्नी और दो छोटे बच्चे भी थे। ट्रैक्टर वानगांव निवासी विनोद चला रहा था। बुधवार सुबह करीब चार बजे ततियारी गांव के पास हाईवे पर पेट्रोल पंप के निकट उनकी ट्रॉली में भरे गल्ले का रस्सा ढीला हो गया। ट्रैक्टर रोककर विनोद रस्सा कसने लगा। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रहे ट्रक से ट्रैक्टर ट्रॉली को टक्कर लग गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि ट्रैक्टर टक्कर के बाद ट्रॉली के अंदर जा घुसा। हादसे में विनोद, पवन, पवन की पत्नी अंजली और उनके दो बच्चे वासू (नौ), अंश (सात) गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर चला गया। आसपास के लोगों ने आननफानन घायलों को बाहर निकाला। उन लोगों को फर्रुखाबाद के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# रोड क्रास कर रहे छात्र को रोडवेज बस ने मारी टक्कर, मौत

**गुस्साए परिजनों ने सीतापुर हरदोई मार्ग प्रतापनगर चौराहे पर किया जाम**

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के प्रतापनगर चौराहे पर स्कूल से पढ़कर रोड क्रास कर अपने घर जा रहा छह वर्षीय बच्चे को रोडवेज बस संख्या यूपी 34 टी, 9934 ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।गुस्साए परिजनों ने हरदोई सीतापुर मार्ग जाम कर हंगामा काटने लगे। सुचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वाशन देकर एक घंटे बाद जाम को खुलवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के झरोइया निवासी मनोज त्रिपाठी प्रतापनगर मे विगत वर्षो से मकान बनाकर रहता था।बुधवार दोपहर इनका छह वर्षीय पुत्र शौर्य त्रिपाठी न्यू कानपुर पब्लिक स्कूल से पढ़कर अपने घर वापस जा रहा था। इस दौरान यह जैसे ही रोड क्रास करने लगा। इस दौरान सामने से आ रही रोडवेज बस संख्या यूपी 34 टी,9934 ने जोरदार टक्कर मार् दी। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी। गुस्साए परिजनों ने हरदोई सीतापुर मार्ग जाम कर हंगामा काटने लगे। सुचना पर पहुंची पुलिस ने कार्यवाही का आश्वाशन देकर एक घंटे बाद जाम को खुलवाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए हरदोई भिजवाया।

### पहली बार स्कूल पढ़ने गया था छ वर्षीय बच्चा

छात्र के पिता मनोज त्रिपाठी ने बताया कि मेरा बच्चा पहली बार चौराहा स्थिति न्यू कानपुर पब्लिक स्कूल मे पढ़कर घर वापस आ रहा था। काश आज नहीं आगे साल भेजते तो ऐसा न होता।

### ऐसे ड्राइवरों पर होनी चाहिए कठोर से कठोर कार्रवाई

बताया जाता है कि प्रतापनगर चौराहे पर रोड क्रांस कर रहे बच्चे को टक्कर मारने वाला रोडवेज ड्राइवर तेज गति से गाडी चलाते हुए आ रहा था। स्थानीय लोगो ने बिलखते हुए कहा कि ऐसे ड्राइवरो पर कठोर से कठोर कार्यवाही होनी चाहिए।

कोतवाल संजय त्यागी ने बताया कि प्रतापनगर चौराहे पर हुए बच्चे की मौत के मामले पर मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही की जा रही है।

# सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में छात्रों ने फहराया परचम

**जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने मारी बाजी**

**जन एक्सप्रेस | हरदोई**



कछौना। केंद्रीय माध्यमिक बोर्ड सीबीएसई की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में कस्बा कछौना में स्थित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय के छात्रों ने परचम लहराया।

परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थी झूम उठे। यह छात्र आगे चलकर जीवन के विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य कर देश को मजबूत करने का कार्य करेंगे। उत्तीर्ण हुए सभी छात्र अपनी सफलता का श्रेय परिवार व गुरूजनों को दे रहे हैं। विद्यालय के कक्षा 10 के छात्र प्रशांत कुमार 82.6त्न, शुभम कुमार 78.6त्न, अमन कुमार 77त्न, कक्षा 12 के रोशन 84.6त्न, शिवा कुशवाहा 81.4त्न, राजवीर 79त्न, देवेश कुमार 75त्न अंक अर्जित कर परीक्षा उत्तीर्ण की। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय अपनी अलग पहचान बनाए है। शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय अपनी अलग पहचान बनाए है। ग्रामीण क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड शिक्षा प्रदान कर अलख जगा रहे हैं।

# 'पूरी जमीन हमारे नाम कर दो वर्ना तुम्हारा परिवार खत्म कर देंगे'

## सीएम के शहर में दबंगों के दबंगई का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से हो रहा वायरल

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर गोरखपुर में इन दिनों सोशल मीडिया पर दबंगों की दबंगई का विडियो खूब तेजी से वायरल हो रहा है, वायरल विडियो में पिडित द्वारा कहा जा रहा है कि मेरे पट्टीदारों द्वारा हमारी जमीन हड़पने का प्रयास किया जा रहा है और पुलिस के सामने ही दबंगों द्वारा हमें फावड़ा और लाठी डंडे लेकर जान मारने का प्रयास किया गया और डायल 112 की पुलिस टीम तमाशा बीन बनीं रही।
मामला जनपद के गुलरिहा थाना क्षेत्र के जंगल डुमरी नंबर 2 का है जहां एक पीड़ित अपनी जमीन पाने के लिए विगत 10 सालों से तहसील प्रशासन से लेकर पुलिस प्रशासन तक का चक्कर लगा परेशान हैं पीड़ित का आरोप है की उसके पट्टीदार उसकी जमीन हड़पना चाहते है जब वह अपनी जमीन पर जाता है तो उसके पट्टीदार लाठी, डंडे फावाडा व सब्बल लेकर उसे दौड़ा लेते हैं वह कई दिनों से अपने पाटीदारों के डर से छिप कर रहता है कहीं उसके पट्टीदार उसकी जमीन हड़पने के लिए उसकी हत्या ना कर दें। सोशल मीडिया वायरल विडियो में पिडित ने बताया है कि बीते रविवार शाम करीब 4 बजे अपनी जमीन पर निर्माण कार्य के लिए ईट उतरवाने जा रहा था तभी उसके पाटीदारों ने उसके ऊपर जानलेवा हमला कर दिया पीड़ित ने घटना की जानकारी पीआरबी 112 को दी मौके पर पहुंचे पुलिस ने समझाने बुझाने का प्रयास किया तो पुलिस की मौजूदगी में उसके पट्टीदार लाठी डंडे फवड़ा लेकर दौड़ा लिए पीड़ित ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाते हुए अपने रिश्तेदार के वहां चला गया और जैसे ही रिश्तेदार के पहुंचा तब तक एक नंबर से कॉल आया की अपनी पूरी जमीन हमारे नाम कर दो नहीं तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार की 6 महीने के अंदर हत्या कर देंगे,पीड़ित बेहद डरा हुआ है।
वायरल वीडियो है में साफ दिख रहा है कि पुलिस की मौजूदगी में पिडित के पट्टीदार उसके ऊपर जानलेवा हमला करने का प्रयास कर रहे हैं।

## खनन माफियाओं की दबंगई आई सामने



**जन एक्सप्रेस/गोरखपुर।** जनपद के पीपीगंज थाना क्षेत्रांतर्गत वार्ड नंबर 5 वीर बहादुर नगर में खनन माफियाओं द्वारा गरीब के खेत से जबरिया मिट्टी खनन का मामला प्रकाश में आया है जहां खनन माफियाओं के आतंक से भयभीत वृद्ध अपने जिविका के साधन अपनी कृषि भूमि की मिट्टी खनन माफियाओं से बचाने की गुहार पुलिस प्रशासन से लगा रहा है।
थाना क्षेत्र के वीर बहादुर नगर निवासी पीड़ित घूरे सहानी ने मिडिया से रुबरु होते हुए बताया कि उन्हीं के वार्ड के रहने वाले खनन माफिया आदित्य सहानी पुत्र रामअवध सहानी द्वारा उनके खेत से जबरन मिट्टी खनन कर लिया गया है। मिट्टी खनन की सूचना वृद्ध घूरे सहानी को हुई तो न्याय की गुहार लगाने पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यलय पहुंच कर आदित्य सहानी के विरुद्ध नामजद तहरीर दिया है।पिडित ने खनन माफिया आदित्य साहनी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेरे पास खेती योग्य इतनी ही जमीन है।

# प्रिया ने 12वीं कक्षा में प्रथम तो रिया ने दसवीं में किया स्कूल टॉप

- दोनों बहनों ने अपने स्वर्गीय दादा जी को बताया अपना आइकॉन
- पिता ने कहा मेरी बेटियां मेरा अभिमान

जन एक्सप्रेस। देवरिया



प्रिया मिश्रा बारहवीं विज्ञान वर्ग में कक्षा में प्रथम स्थान



रिया मिश्रा हाईस्कूल में स्कूल में प्रथम स्थान

जनपद में प्राथमिक से लेकर माध्यमिक तक शिक्षा के क्षेत्र में सीबीएसई बोर्ड शिक्षा पद्धति संचालित नामचीन शिक्षण संस्थान सनबीम स्कूल में अध्ययनरत दो बहनों में ने बड़ी बहन बारहवीं विज्ञान वर्ग और छोटी दसवीं में सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं।
बताते चलें कि जिले के सदर विकास खंड क्षेत्र के अहिल्यापुर गांव के मूल रहने वाले व वर्तमान में शहर के रामनाथ देवरिया मुहल्ला निवासी भाजपा नेता नरेंद्र मिश्र पप्पू की दोनों बेटियां शहर के सनबीम स्कूल में अध्ययनरत हैं बड़ी बेटी प्रिया मिश्रा ने जहां बारहवीं विज्ञान वर्ग में अच्छे अंक प्राप्त कर कक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है वहीं छोटी बेटी रिया मिश्रा ने दसवीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
प्रिया व रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गोलोकवासी दादा माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य रहे स्वर्गीय पंडित मुक्तिनाथ को देते हुए कहा कि दादा जी द्वारा दिए गए शिक्षण कार्य को गुणों को आत्मसात कर हम बहनों ने शिक्षा ग्रहण किया और विद्यालय के गुरुजनों ने मार्गदर्शन से आज हमें यह सफलता मिली है।
बारहवीं कक्षा के विज्ञान वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने के पश्चात अपनी आगे शिक्षा के बारे में प्रिया ने बताया कि मेडिकल की तैयारी करनी है तो वहीं दसवीं कक्षा में विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर उत्साहित रिया ने बताया कि वह बारहवीं की पढ़ाई के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई करना चाहती है। बेटियों की सफलता से प्रफुल्लित बरहज विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रत्याशी रहे भाजपा नेता नरेंद्र मिश्र पप्पू ने कहा मेरी बेटियां मेरा अभिमान है और देश के सभी बेटियां अपने पिता का स्वाभिमान है।
प्रिया, रिया की सफलता पर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सदर सांसद डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी, उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सदर विधायक डाक्टर शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, पूर्व मंत्री विधायक रुद्रपुर जयप्रकाश निषाद,एम एल सी डाक्टर रतनपाल सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह सहित गणमान्यों ने शुभकामनाएं देते हुए दोनों बहनों के उज्जवल भविष्य की कामना किया।

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना के नौरंगिया गांव के पूरब टोला मे ससुरालवालों की पड़ताड़ना के बाद मायके में रह रही एक विवाहिता का बुधवार सुबह को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।गुस्साए परिजनों ने ससुरालवालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर दाहसंस्कार से मना करते हुए शव को दरवाजे पर रख दिया।पुलिस के साथ पहुचे नायब तहसीलदार ने परिजनो को समझाते हुए कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया।
इस घटना के बाद ससुरालवाले घर छोड़कर फरार हैं। मिली जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के नौरंगिया के पूरब टोला निवासी इस्लाम अंसारी अपनी पुत्री आसमा की शादी विते
2019 मे पडोसी गांव सबेया आबदकारी निवासी मोहम्मदीन के पुत्र कुतुबुद्दीन से किया था।जिसमे तयंशूदा दहेज भी दिया गया था।जिससे एक पुत्र व एक पुत्री भी पैदा हुई थी।
उसके कुछ दिन बाद भी दहेज के लिए बार बार पड़ताड़ित किया जाता था और मारपीट भी किया जाता था।दो मई को ससुरालवाले उसे मारपीटकर बच्चो को छिनकर उसे घर से बाहर निकाल दिया था। वह किसी तरह अपने मायके पहुंची थी जिसे देखकर मां बाप दंग रह गए थे। उसे इलाज के लिए परिजन गोरखपुर ले गए जहां से इलाज जारी था। हालत मे सुधार नही होता देखकर पिता के तहरीर पर पुलिस ने पति कुतुबुद्दीन, ससुर मोहम्मदीन, ननद अफसाना, सास खुशुबू, देवर आरिफ के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न मारपीट सहित कई धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर मामले की अभी जांच कर रही थी कि बुधवार की सुबह मायके मे विवाहिता आसमा की संदिग्ध परिस्थितियों मे मौत हो गई।मौत के बाद परिजनों मे कोहराम मच गया और शव को दरवाजे पर रख दाह संस्कार करने से मना कर दिया। ससुरालवालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की मांग करने लगे।मौके पर पहुंचे हलका दरोगा श्रवण यादव पहुचकर काफी मनाने का प्रयास किया लेकिन परिजन नही माने।जिसकी जानकारी होते ही नायब तहसीलदार विशालदत्त त्रिपाठी मौके पर पहुंच गए और परिजनों को समझाते हुए दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर शव को पंचनामा कराने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## कुशल संगठनकर्ता थे सुशील मोदी: अजय

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** उपनगर स्थित भाजपा कैंप कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी के आकस्मिक निधन पर शोक सभा का आयोजन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया।वह कैंसर रोग से पीड़ित थे। सोमवार की रात उनका निधन हो गया। शोक सभा को संबोधित करते हुए विधानसभा प्रभारी अजय उपाध्याय ने कहा कि स्वर्गीय सुशील कुमार मोदी ने भारतीय जनता पार्टी को बिहार प्रदेश में मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उनके निधन से पार्टी की अपूर्णीय छति हुई है जिसकी भरपाई कर पाना असंभव है। भाजपा नेता सुशील कुमार शाही ने कहा कि स्वर्गीय सुशील मोदी सहज एवं सरल स्वभाव के धनी थे। विधानसभा संयोजक कुंज बिहारी सिंह ने कहा कि स्वर्गीय मोदी कुशल संगठन कर्ता एवं भाजपा के सच्चे सिपाही थे।

# लैंप लाइटिंग एंड ओथ टेकिंग सेरेमनी के माध्यम से नये छात्रों का हुआ स्वागत

जन एक्सप्रेस। महराजगंज




जनपद के केएमसी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में लैंप लाइटिंग एंड ओथ टेकिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया, जिसमे नये छात्रों का स्वागत गुलाब के साथ किया गया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे चेयरमैन विनय श्रीवास्तव, डीन पी पी गुप्ता, सहित सभी अतिथियों ने दीप जाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया इसके बाद सभी अतिथियों को बुके और फ्लॉवर पॉर्ट दे कर स्वागत किया गया। इसके बाद सभी नये छात्रों को उनके शिक्षकों ने कैंडल जलाकर स्वागत किया।
आपको बता दे कि 12 मई को महान नर्स फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्मदिन होता है। नर्सिंग की दुनिया में फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। यही वजह है कि 1974 में इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ नर्सेस ने तय किया कि हर साल 12 मई को नर्सेज डे के तौर पर मनाया जाएगा। इनको याद करते हुए प्रिंसिपल डॉक्टर भानुप्रिया द्वारा सभी छात्रों को उनके कर्तव्यों के लिए शपथ दिलाई गई। जिसमें एक नर्स /मेडिकल प्रोफेशनल के रूप में उनकी उपयोगिता बतायी गयी। इसके सभी छात्रों ने प्रिंसिपल के मध्यम से अपने कर्तव्यों को जाना। और यह शपथ लिया कि वह अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे। मरीजों के प्रति अपने कर्तव्यों पालन पूरी ईमानदारी से करेंगे। इसके बाद मुख्य अतिथि के रूप में विनय श्रीवास्तव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी सौभाग्यशाली है की आपको दूसरे की सेवा करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। आप समाज के खास अंग है आपको अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदारी रखते हुए काम करना चाहिए। बहुत कम लोगों को या अवसर प्राप्त होता है कि वह दूसरों की सेवा कर सकें। हम अपने संस्थान के माध्यम से यह प्रयास करते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी बच्चों को उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी नए छात्रों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी और कहा कि आप ऐसे ही नित्य नए आयाम को प्राप्त करते रहे, आपकी सफलता से हमें खुशी मिलती है। अपने बीच अतिथियों को प्रकार छात्र भी काफी प्रसन्न दिखे तालिया के साथ सभी का स्वागत व अभिनंदन किया।
इस अवसर पर केएमसी मेडिकल कॉलेज के डीन प्रोफेसर पी पी गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक सुरेश चुन्नीलाल गुप्ता, आईटीएम ग्रुप का कॉलेज के डायरेक्टर डॉक्टर आर गोपाल, फार्मेसी कॉलेज के निदेशक डॉ मनीष, इंजीनियरिंग कॉलेज के डीन अमित मिश्रा, अवनीश कुमार मिश्र सहित सैकड़ो अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार नामांकन पत्रों की जांच/स्क्रूटनी हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष, पारदर्शी, शान्तिपूर्ण व सकुशल ढंग से सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 65 कुशीनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु सामान्य प्रेक्षक दीपांकर चौधरी की अध्यक्षता में एवं रिटर्निंग ऑफिसर उमेश मिश्रा की उपस्थिति में नामांकन पत्रों की जांचध् स्क्रूटनी की गयी।
7 मई से 14 मई तक चलने वाले नामांकन के अंतर्गत कुल 18 में से नामांकन प्रपत्रों के जॉचध्संवीक्षा के उपरांत नामांकन पत्र पूर्ण रूप से सही मानक के अनुसार पाये जाने पर कुल 10 प्रत्याशियों का पर्चा स्वीकृत हुआ है। जिनमें भारतीय जनता पार्टी से विजय, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से स्वामी प्रसाद मौर्य, समाजवादी पार्टी से अजय प्रताप, बहुजन समाज पार्टी से शुभ नारायण चौहान, सहित निर्दल प्रत्याशी रामचंद्र सिंह, सुनील कुमार शुक्ला, हरिकेश, वेद प्रकाश, उत्कृष्ट मौर्य, अमीय उपाध्याय का पर्चा स्वीकृत हुआ है।
समस्त नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी भारत निर्वाचन आयोग के गाईडलाइन व नियमानुसार की गयी। जॉचध् स्क्रूटनी में 18 में 08 उम्मीदवारों का पर्चा अपूर्णध्त्रुटियुक्तध्अनिवार्य प्रपत्रों सहित हस्ताक्षर का अभाव आदि कमियों के कारण अस्वीकृत हो गया है। पर्चा अस्वीकृत होने वालों में-अमीरुद्दीन अपनादल यूनाइटेड तथा निर्दलीय प्रत्याशी अतुल निषाद ,श्याम बिहारी, उमेश, शिव कुमार, मोसाहेब, प्रियश तथा राजू है।
रिटर्निंग आफिसर उमेश मिश्रा द्वारा बताया गया कि नामांकन फार्म देते समय सभी प्रपत्रों के साथ चेकलिस्ट दिया गया था। सभी प्रत्याशियों को सभी प्रपत्रों के बारे में अवगत भी कराया गया। स्क्रूटनी कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया गया है।
जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी 17 मई तक अपना नामांकन वापस ले सकते है। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव मिश्रा, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर व्यास नारायण उमराव सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्दलीय प्रत्याशी गण आदि उपस्थित रहे।

## नाबालिक से दुष्कर्म पीड़ित की मां ने लगाई न्याय की गुहार

**जन एक्सप्रेस/पनियरा महराजगंज।** जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली नाबालिग से गांव के ही एक युवक द्वारा गांव के बाहर शौच के दरम्यान रास्ते में पहले से घात लगायें बैठे युवक द्वारा नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। लड़की के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर गांव के कुछ लोग मौके पर पहुंचे तो युवक फरार हो गया। लड़की की मां ने पनियरा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग किया है। सूत्रों के अनुसार सोमवार की शाम करीब 6 बजे किशोरी घर से शौच के लिए खेत की तरफ गई थी कि गांव के ही एक युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म किया गया और उसे शोरगुल न करने के लिए धमकी भी दी। पिडिता की मां ने बताया कि मैं बुखार से पीड़ित होने के कारण नगर में दवा लेने गई थी कि शौच के लिए खेत की जा रही मेरी नाबालिग लड़की के साथ गांव का ही एक युवक रास्ते में जबरजस्ती खींच कर अपने घर में ले जाकर दुष्कर्म किया और किसी से शिकायत करने पर जान माल की धमकी भी दिया।

# विकास का रोल मॉडल बनेगा देवरिया: अखिलेश प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस। देवरिया



लोकसभा क्षेत्र देवरिया से इंडिया गठबंधन प्रत्याशी अखिलेश प्रताप सिंह ने हजारों कार्यकर्ताओं व समर्थकों संग शहर के टाउनहॉल, सुभाष चौक, नगर पालिका चौराहा, रामलीला मैदान, हनुमान मंदिर, सी सी रोड, रामनाथ देवरिया, भटवलिया चौराहा, सिविल लाइंस होते हुए कोतवाली रोड तक पदयात्रा कर जनसंपर्क करते हुए जनसमर्थन की अपील किया।
जनसंपर्क के दौरान अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि लगातार चारो इंजन की सरकार होते हुए भी देवरिया मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। शहर में जाम की समस्या, व्यापारियों को व्यापार के लिए उचित सुविधा, युवाओं के रोजगार की व्यवस्था, महिलाओं के सुरक्षा और स्वरोजगार की व्यवस्था और अच्छी सड़कों का घोर अभाव है। उन्होंने कहा कि भाजपाई जनप्रतिनिधि इन मुद्दों पर कोई रुचि ही नहीं लेते बल्कि झूठे विकास का दावा कर अपनी पीठ थपथपाते है। श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र की जनता ने अगर अपना मत रुपी आशिर्वाद मुझे दिया तो देवरिया का परचम दिल्ली तक लहराएगा और देवरिया विकाश का रोल मॉडल बनेगा।
इस दौरान पूर्व मंत्री सुरेन्द्र सिंह,पूर्व विधान परिषद सदस्य जे पी जायसवाल, सपा प्रदेश सचिव विजयप्रताप यादव, सपा जिलाध्यक्ष व्यास यादव, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामजी गिरि, राघवेन्द्र सिंह राकेश, मुकुंदभाष्कर मणि, हृदयनारायण जायसवाल, रामप्रवेश यादव,विनोद जायसवाल, आनन्द श्रीवास्तव सोनू, गिरीश जायसवाल, रणवीर यादव, खुर्शीद आलम, दिव्यांश श्रीवास्तव, मनोज यादव, सत्यप्रकाश मणि, समीर पांडेय सहित हजारों लोग उपस्थित रहे।

# जन विश्वास पर खरा उतरना जनप्रतिनिधियों का परम धर्म: शशांक मणि त्रिपाठ

जन एक्सप्रेस। तरकुलवा देवरिया



लोकसभा क्षेत्र देवरिया के विधानसभा पथरदेवा के क्षेत्रांतर्गत तवकलपुर में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी का ग्रामवासियों ने जोरदार स्वागत किया। उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के निर्देशन में चल रहे गांव संपर्क अभियान में भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर जितेंद्र प्रताप राव, जिला महामंत्री रविंद्र किशोर कौशल मंडल, मंडल अध्यक्ष जीवनपति तिवारी, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष गुप्ता आदि लोगों ने सभा को संबोधित किया। स्वागत से अभिभूत भाजपा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि जनता के दिलों में विश्वास पैदा करना और उनके भरोसे पर खरा उतरना एक राजनेता का परम धर्म होता है, जो आज देश के प्रधानमंत्री के अंदर कूट-कूट कर भरा है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के विजन 2047 तक भारत विकसित देशों में से एक होगा। श्री मणि ने कहा कि पीएम मोदी के सपने को साकार करने के लिए राष्ट्र के विकास के लिए भाजपा के कमल निशान पर मतदान करें। ग्राम प्रधान रणजीत सिंह, चुन्नू राव, गोविंद प्रसाद, सत्येंद्र गुप्ता, ओंकार राव, दुष्यंत राव, राजेश सिंह सेंगर, राजू भारती, तरकुलवा नगर पंचायत अध्यक्ष जनार्दन कुशवाहा सत्यम अंकित राव आदि लोग उपस्थित थे मंच का संचालन कार्य सत्यम अंकित राव द्वारा किया गया।

## आबकारी दुकानें 23 की शाम से लेकर 25 की शाम तक रहेंगी बंद

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** जिला मजिस्ट्रेट अखंड प्रताप सिंह ने बिहार प्रांत के सिवान व गोपालगंज में 25 मई को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर जिले की सीमा से सटे तीन किमी क्षेत्र की समस्त आबकारी दुकानें बंद रहेंगी। इसी तरह 4 जून मतगणना दिवस पर लोक शांति बनाए रखने स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक मतदान कराए जाने के उद्देश्य से मद्यनिषेध लागू किए जाने के निर्देश निर्गत किए हैं। बिहार प्रांत के सिवान व गोपालगंज जिले की सीमा से 3 किमी क्षेत्र में देवरिया स्थित आबकारी दुकानें देसी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर व ताड़ी की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों व एफएल-7 बार अनुज्ञापन मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पूर्व से लेकर मतदान की समाप्ति तक की अवधि में 23 मई को सायं 06:00 बजे से 25 मई को सायं 06 बजे या मतदान समाप्ति होने की अवधि तक बंद रहेगी।

# उन्नीस नामांकन में सात स्वीकृत बारह नामांकन पत्र हुए अस्वीकृत

जन एक्सप्रेस। देवरिया




लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत आज 66-देवरिया संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए रिटर्निंग ऑफिसर/जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अध्यक्षता एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक टी अब्राहम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की गई। स्क्रूटनी के दौरान 7 नामांकन पत्र सही पाए गए, शेष 12 नामांकन पत्र अपूर्ण तथा त्रुटिपूर्ण सूचनाओं अथवा अधूरे दस्तावेजों की वजह से खारिज हो गए।रिटर्निंग ऑफिसर अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि जिन सात प्रत्याशियों के नामांकन पत्र सही पाए गए उनमें भारतीय जनता पार्टी के शशांक मणि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अखिलेश प्रताप सिंह, बहुजन समाज पार्टी के संदेश यादव, जनता समता पार्टी के मुक्तिनाथ सिंह, राष्ट्रीय समानता दल के अगम स्वरूप, निर्दल प्रत्याशी सत्येंद्र कुमार मल्ल तथा निर्दल प्रत्याशी रफीक अंसारी शामिल हैं।
रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि जिन 12 लोगों के नामांकन पत्र खारिज हुए हैं उनमें सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी के गंगा प्रसाद, अखिल भारत हिंदू महासभा के अशोक कुमार श्रीवास्तव, निर्दल घनश्याम यादव, मॉडरेट पार्टी के राजू चौहान, राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी के पारसनाथ, सुभाषवादी भारतीय समाज पार्टी के विजय जुआठा, बहुजन मुक्ति पार्टी के मणि यादव, शाने हिंद फोरम के शैलेंद्र, निर्दल रामदास, निर्दल संतोष, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के त्रिगुणानंद एवं परिवर्तन समाज पार्टी के हरिकेश शामिल हैं।रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नामांकन पत्र भरने वाले समस्त प्रत्याशियों को भरे गए नामांकन पत्र से संबंधित त्रुटियों की सूचना/नोटिस दी गई थी, इसके बावजूद कई प्रत्याशियों ने निर्धारित समय के भीतर उसे सही नहीं कराया। प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज होने की सूचना कारण सहित इलेक्शन कमीशन की वेबसाइट पर उपलब्ध होगी। रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नामांकन फार्म देते समय सभी प्रपत्रों के साथ चेकलिस्ट दिया गया था। सभी प्रत्याशियों को सभी प्रपत्रों के बारे में अवगत भी कराया गया। स्क्रूटनी कार्य में भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया गया है।रिटर्निंग ऑफिसर ने बताया कि नाम वापसी की अंतिम तिथि 17 मई है। इस दौरान एआरओ अंगद यादव, अपर उप जिलाधिकारी अवधेश निगम, जिला युवा अधिकारी नीतीश राय सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

# डिप्टी रजिस्ट्रार पर गिरी कर्मचारी के जहर खाने की गाज

**कर्मचारियों ने बंद रखा विश्वविद्यालय, कुलपति ने मानी सभी मांगे**

जन एक्सप्रेस | आगरा

डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के कर्मचारी द्वारा जहर खाने की घटना की गाज डिप्टी रजिस्ट्रार पर गिरी है।
कर्मचारी ने अपने शिकायती पत्र में डिप्टी रजिस्ट्रार पवन कुमार के नाम का जिक्र किया था। बुधवार को पूरा दिन विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने काम नहीं किया। सभी ऑफिस बंद रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन ने कर्मचारी के इलाज का खर्चा उठाने का आश्वासन दिया है। दूसरी तरफ सपा और कांग्रेस ने इस पूरे मामले की न्यायिक जांच की मांग की है।
विश्वविद्यालय में मृतक आश्रित कोटे से दिनेश कुशवाह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर कार्यरत हैं, खंदारी परिसर में वे माली के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने मंगलवार को अपने कौशलपुर स्थित घर पर विषाक्त पदार्थ खा लिया था। इलाज जीजी नर्सिंग होम में चल रहा है।
तबीयत में सुधार होने के बाद दिनेश ने आरोप लगाए हैं कि दो साल पहले डिप्टी रजिस्ट्रार पवन कुमार ने उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के आवास पर तैनात कर दिया था। मंत्री के बेटे अलौकिक उपाध्याय द्वारा उत्पीड़न



किया जा रहा था। छुट्टी के दिन भी बुलाते थे। उसके साथ मारपीट की गई। बुधवार को सुबह से दोपहर तक विश्वविद्यालय में कर्मचारियों ने सभी ऑफिस बंद रखे। किसी भी कर्मचारी ने अपने पटल पर काम नहीं किया। दूसरे शहरों से आने वाले छात्र भी वापस लौट गए। वीसी ऑफिस के बाहर धरना दिया। मांगे रखीं कि विश्वविद्यालय दिनेश के इलाज का खर्चा उठाए।
शिक्षा मंत्री के यहां दिनेश को अटैच करने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्यवाही हो। तीसरी मांग रखी कि दिनेश को वापस विश्वविद्यालय में अटैच किया जाए। कर्मचारियों के विरोध के बाद कुलपति प्रो. आशु रानी के निर्देश पर कुलसचिव राजीव कुमार ने आदेश जारी करते हुए पवन कुमार को डिप्टी रजिस्ट्रार के दायित्वों से मुक्त कर दिया। पवन कुमार डिप्टी रजिस्ट्रार प्रशासन थे। यह जिम्मेदारी अब डिप्टी रजिस्ट्रार ममता सिंह को दी गई है। सपा और कांग्रेस ने बुधवार को प्रेसवार्ता की। सपा के शहर उपाध्यक्ष निर्वेश शर्मा ने कहा कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच हो। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य अपूर्व शर्मा का कहना था कि जांच समिति से हम संतुष्ट नहीं हैं। जांच समिति में रिटायर्ड अधिकारी और छात्र सं गठनों के पदाधिकारियों को भी शामिल किया जाए। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष गौरव शर्मा का कहना था कि जो भी कर्मचारी शिक्षा मंत्री के यहां अटैच हैं, उनके नाम सार्वजनिक किए जाएं।

# विभागीय आदेशों को ठेंगा दिखा रहा इंटर कॉलेज का प्रबन्धतंत्र

**स्वामी लीलाशाह आदर्श सिन्धी इण्टर कॉलेज में आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां**

जन एक्सप्रेस | आगरा

स्वामी लीलाशाह आदर्श सिन्धी इण्टर कॉलेज, आगरा में खुलेआम विभागीय आदेशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। कॉलेज के प्रबन्धतन्त्र पर शिक्षा विभाग के सक्षम अधिकारियों के तमाम आदेशों की खुली अवहेलना करने के आरोप हैं। कॉलेज के प्रबन्ध तन्त्र ने गैर कानूनी ढंग से 01 जुलाई 2017 के एक समाचार पत्र में स्नातक वेतनक्रम में सात सहायक अध्यापकों की भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित कराया गया और तीन-तीन सौ रुपए के फार्म बेचे गये। शिकायतें प्राप्त होने पर तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक ने दिनांक 21.07.2017 के द्वारा भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गयी। उसके बाद भी प्रबन्धतन्त्र ने एक सुनियोजित षड़यन्त्र के तहत अपने तुच्छ स्वार्थ पूर्ति के लिए नये सिरे से 01 जुलाई 2017 को विज्ञापन जारी कर तीन-तीन सौ रुपए में फार्म बेचकर शिक्षित



बेरोजगारों से लाखों रूपयों की ठगी की गयी।
रोक के बावजूद फिर से पुनः नये सिरे से उन्हीं आठ सहायक अध्यापकों के पदों की भर्ती हेतु 19 जनवरी 2018 समाचार पत्र में हिन्दी, अंग्रेजी, वाणिज्य, सामाजिक विज्ञान, जीव विज्ञान, व्यायाम शिक्षक, विज्ञान, गणित तथा अर्थशास्त्र के लिए विज्ञापन कराया गया और तीन-तीन सौ रुपए के फार्म बेचकर शिक्षित बेरोजगारों से लाखों रुपए की ठगी की गयी। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक आगरा ने भर्ती चयन प्रक्रिया पर रोक लगा दी और प्रबन्ध समिति के विरूद्ध विभागीय व वैधानिक कार्यवाही की चेतावनी दी। आदेशों का खुला उल्लंघन करते हुए कॉलेज के प्रबन्धक ने 22 फरवरी से 27 फरवरी 2018 तक साक्षात्कार सम्पन्न कराये, जिनमें व्यापक स्तर पर धांधली बरती गयी और आठ पदों पर नियुक्तियाँ कर दी। इस तरह विद्यालय प्रबन्धक ने अपने पद का खुला दुरूपयोग कर तथा अपनी तुच्छ स्वार्थ पूर्ति के लिए एक सुनियोजित षडयन्त्र द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के साथ बड़ा धोखा किया, उनको गुमराह किया और उनको ठगा गया। मा0 उच्च न्यायालय में रिट संख्या 27555/2018 तथा रिट संख्या 20371/2019 दायर कर प्रकरण को उलझाया गया तथा इन दोनों रिटों में कूटरचित फर्जी अनुमति पत्र दिनांक 18.04.2017 के द्वारा मा0 उच्च न्यायालय को गुमराह व भ्रमित किया गया तथा हाईकोर्ट के सम्मान, गौरव व गरिमा से खिलवाड़ की गयी।

# दो युवकों ने शिक्षिका को किया सम्मोहित, आनंद विहार का पता पूछकर उतरवाए तीन लाख के गहने

जन एक्सप्रेस | गाजियाबाद

वैभवखंड में कृष्णा सफायर सोसायटी के पास एक शिक्षिका से आनंद विहार जाने का पता पूछकर दो टप्पेबाजों ने तीन लाख के गहने लूट लिए। घटना मंगलवार शाम करीब साढ़े छह बजे की है। दोनों टप्पेबाज उन्हें सम्मोहित करके पार्क में ले गए। वहां उनकी सोने की चूड़ी और अंगूठी उतरवाकर रूमाल में बांध ली। फिर दूसरे रूमाल में तीन पत्थर और एक आर्टिफिशियल चूड़ी देकर भाग गए। घटना के बाद शिक्षिका को गिरोह के सदस्य ने व्हाट्सएप कॉल की। उनसे चोरों को पकड़ने की एवज में पांच हजार रुपये मांगे। इंदिरापुरम पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी है।
शिकायतकर्ता रेनू गुप्ता ने पुलिस को बताया कि वह शाम साढ़े छह बजे कृष्णा सफायर सोसायटी की तरफ जा रही थीं। कृष्णा अपरा के गेट नंबर-2 के पास दो युवकों ने उनसे आनंद विहार जाने का पता पूछकर पैदल चलने की बात कही। उन्होंने



युवकों को ऑटो से जाने के बारे में कहा तो बड़ा युवक उन्हें घूरने लगा। इस बीच वह अपना होश खो बैठीं। दोनों शातिर उन्हें पास के पार्क में ले गए। वहां उनसे बातों में फंसाकर चार सोने की चूड़ियां और चार अंगूठी उतरवाकर अपने रूमाल में रखीं और उसे बांध दिया। टप्पेबाज के पास दूसरे रूमाल में तीन पत्थर और एक आर्टिफिशियल चूड़ी पहले से बंधी थी। उसने असली गहनों वाले रूमाल को बदलकर उन्हें दूसरा देकर पर्स में रखने के लिए कहा। कुछ सेकेंड बाद अपने साथ छोटे युवक के खाना खिलाने की बात कहकर दोनों भाग गए। शिक्षिका ने कुछ देर बाद ठीक होकर रूमाल खोला तो पत्थर और नकली चूड़ी देखकर होश उड़ गए। वह तुरंत पार्षद के पास गईं और पुलिस को घटना की सूचना दी। हैरत की बात है कि कुछ देर बाद शिक्षिका को एक व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें अनजान दरोगा की फोटो लगी थी। वह उनसे बोला कि, मैंने दोनों चोर पकड़ लिए हैं। तुम जल्दी से चौकी आ जाओ, लेकिन इसको खिलाने में पैसे खर्च हुए हैं। तुम मुझे पांच हजार रुपये ट्रांसफर कर दो। पार्षद ने शिक्षिका को रोका और डायल-112 के पुलिसकर्मियों के आने का इंतजार किया। सूचना पर इंदिरापुरम पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर टप्पेबाजों की तलाश शुरू कर दी।
इंदिरापुरम एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज से टप्पेबाजों की पहचान कर तलाश तेज कर दी है। शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रहे हैं।

# ट्रक क्लीनर की मौत के बाद देर रात रामघाट रोड पर रखा शव

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

दुर्घटना में ट्रक क्लीनर की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया। 14 मई शाम को परिजन शव यहां ले आए। पहले तो शव घर पर ही रखे रखा। देर रात परिजन बिना अंतिम संस्कार किए मुआवजे की मांग करते हुए शव एसएमवी स्कूल के बाहर ले आए और जाम लगा दिया।
अलीगढ़ महानगर के बेगमबाग इलाके के एक ट्रक क्लीनर की जेवर के पास दुर्घटना में मौत के बाद परिजन शव को साथ ले आए। मगर देर रात शव यहां रामघाट रोड पर रखकर जाम लगा दिया। वह पुलिस स्तर से सुनवाई न होने से नाराज थे और मुआवजे की मांग कर रहे थे। क्वार्सी इंस्पेक्टर ने पहुंचकर उनकी बात सुनकर समझाकर जाम खुलवाया और सुबह दनकौर जाकर मुकदमा दर्ज कराने की बात पर सहमति बनी। देर रात शव को सड़क से हटाकर घर ले जाया जा रहा था।
बताया गया है कि 55 वर्षीय जितेंद्र दो बच्चों के पिता थे। वह मोहल्ले के ही एक ट्रक पर क्लीनर थे। 13 मई देर शाम दुर्घटना में जितेंद्र की मौत हो गई।
पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया। 14 मई शाम को परिजन शव यहां ले आए। पहले तो शव घर पर ही रखे रखा। देर रात परिजन बिना अंतिम संस्कार किए मुआवजे की मांग करते हुए शव एसएमवी स्कूल के बाहर ले आए और जाम लगा दिया। उनका कहना था कि न तो पुलिस ने उनकी बात सुनी और न ट्रक मालिक ही उनसे मिलने आया और न मुआवजे पर बात बनी। जाम से कुछ ही देर में वहां यातायात व्यवस्था गड़बड़ा गई।
लोगों ने पुलिस विरोधी नारे भी लगाए। क्वार्सी इंस्पेक्टर ने पहुंचकर परिवार को समझाते हुए पहले जाम खुलवाया, फिर उनसे तहरीर देने की बात कही। इसी बीच बातचीत में पता चला कि वह तहरीर दनकौर में दे आए हैं। इस पर दनकौर पुलिस से वार्ता के बाद तय किया गया कि परिजन सुबह दनकौर जाएंगे।

# स्वामी प्रसाद की पार्टी के प्रत्याशी पर दर्ज हुई एफआईआर

जन एक्सप्रेस | आगरा

स्वामी प्रसाद मौर्य की राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के फतेहपुर सीकरी लोकसभा सीट से प्रत्याशी होतम सिंह मुश्किल में फंस गए हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य पर जूता फेंकने के बाद जुबान और हाथ कटाने वाले को 11 लाख रुपए देने का ऐलान किया था।
इसके विरोध में अखिल भारत हिन्दू महासभा की ओर से तहरीर दी गई थी। मुकदमा दर्ज न होने पर पिछले दिनों सदर थाना पर प्रदर्शन भी किया गया था। बता दें कि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य तीन मई को फतेहाबाद के सती माता मंदिर में सभा करने आए थे। सभा में उन पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के कार्यकर्ता ने जूता फेंका था। गाड़ी पर काली स्याही फेंकने के साथ काले झंडे भी दिखाए थे। इसके बाद पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इसमें उन्होंने घटना को अंजाम देने वाले का हाथ और जीभ काटकर लाने वाले को 11 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी। वीडियो के बाद अखिल भारत हिंदू महासभा की ओर से सदर थाने में तहरीर दी गई थी। पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज न करने पर हिंदूवादियों ने थाने में प्रदर्शन किया था। उन्होंने आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। इसके बाद सदर थाने में प्रत्याशी होतम सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर हुआ सुंदर कांड भंडारा

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** फूल सैयद चौराहे के निकट दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर सुंदर कांड और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे बड़ी संख्या मे भक्तो ने पाठ सुना और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीमती शंकर देवी इंटर कालेज के संचालक रामबीर सिंह यादव और निदेशक पंकज यादव द्वारा आयोजित कराया गया। इस दौरान एससी विद्यापीठ के संचालक अनिल यादव, श्रीमती शंकर देवी इंटर कॉलेज के गुरूशरन सिंह, कुलदीप सिंह, रवींदर सिंह, डीके शर्मा, दीपक कुमार, मुन्ना लाल, संगीता शर्मा, रीता सिंह, उत्तर प्रदेश प्रबंधक परिषद जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिह परमार आदि मौजूद रहे।

## इंडोनेशिया की महिला पर्यटकों की सहायता

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** इंडोनेशिया देश से ताजमहल घूमने आई महिला पर्यटकों के समूह का थाना ताज सुरक्षा पुलिस की क्विक रिस्पांस टीम द्वारा ताजमहल के पश्चिमी गेट पर प्रभारी निरीक्षक तिलक राम भाटी के निर्देशन में फ्रेंडली वातालाॅप कर अतिथि देवो भव की भावना के साथ स्वागत करते हुए उनकी हर संभव सहायता कर ताजमहल में भ्रमण कराया गया। ताज सुरक्षा पुलिस की कार्यशैली से प्रभावित होकर उन्होंने ग्रुप फोटो खिंचवाए और अपने अनुभव साझा किये। पुलिस टीम में उप निरीक्षक शिवराज सिंह, आरक्षी अनुज सिंह पौनिया, महिला आरक्षी सुधा कुमारी सम्मिलित है।

## भाइयों के बीच मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत कौध गांव में घरेलू विवाद को लेकर आए दिन बड़े भाई पिता के साथ मारपीट करते थे। मंगलवार रात को पिता के साथ मारपीट का विरोध करने पर बड़े भाइयों ने छोटे भाई के साथ भी लाठी डंडों से मारपीट कर दी। जिससे वह घायल हो गया। पीड़ित ने थाना पिढ़ौरा में तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है।

# एकल परिवार के लिए मिसाल बने हैं संयुक्त परिवार

जन एक्सप्रेस | अलीगढ़

आज विश्व परिवार दिवस है। यह हर साल 15 मई को मनाया जाता है। सबसे पहले विश्व परिवार दिवस संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने मनाना शुरु किया गया था। 15 मई 1994 को पहली बार इसका आयोजन हुआ।
यहां एक तवे पर रोटियां ही कई सिकती हैं, पर चूल्हा सिर्फ एक है। भौतिकवादी युग में जहां एकल परिवार का चलन बढ़ रहा है, वहीं शहर में अभी भी ऐसे कई परिवार हैं, जिसकी तीन से चार पीढ़ियां आज भी एक ही छत के नीचे एक साथ रहती हैं। यह उन एकल परिवारों के लिए एक मिसाल हैं जो संयुक्त परिवार में नहीं रह पाते हैं। ऐसे में संयुक्त परिवार दूसरे एकल परिवारों के लिए उदाहरण है। आज विश्व परिवार दिवस है। यह हर साल 15 मई को मनाया जाता है। सबसे पहले विश्व परिवार दिवस संयुक्त राष्ट्र अमेरिका ने मनाना शुरु किया गया था। 15 मई 1994 को पहली बार इसका आयोजन हुआ। रामघाट रोड स्थित विष्णुपुरी निवासी प्रमुख कारोबारी सुभाष चंद्र अग्रवाल स्वदेशी ने धर्मपत्नी कमलेश अग्रवाल के साथ करीब 59 वर्ष पहले 1965 में कपड़ों की एक दुकान खोली थी। धीरे-धीरे उन्होंने कारोबार को बढ़ाया। दूसरी पीढ़ी में उनके तीन बेटे क्रमशः अरुण अग्रवाल, संजय अग्रवाल व पंकज अग्रवाल ने रेलवे रोड पर एक शोरूम खोला। अब अरुण अग्रवाल के बेटे अंकित अग्रवाल, अर्पित अग्रवाल, संजय अग्रवाल के बेटे अभिषेक अर्ग्रवाल, पंकज अग्रवाल के बेटे असीम अग्रवाल इसे आगे बढ़ा रहे हैं। परिवार की तीसरी पीढ़ी ने अपना तीसरा प्रतिष्ठान मैरिस रोड पर खोला है। तीनों प्रतिष्ठानों का संचालन संयुक्त रूप से परिवार के सदस्यों द्वारा किया जा रहा है। परिवार के सभी सदस्य एक साथ ही एक ही छत के नीचे रह रहे हैं। एक ही चूल्हे में बना खाना खा रहे हैं। चौथी पीढ़ी के रूप में अंकित अग्रवाल के बेटे अयांश भी 23 सदस्यों वाले इस परिवार का हिस्सा हैं। यह संयुक्त परिवार एक मिसाल बन चुका है।
गांधीनगर निवासी प्रमुख समाजसेवी राजाराम मित्र का तीन पीढ़ियों वाला 24 लोगों का संयुक्त परिवार भी मिसाल है। इस परिवार में दूसरी पीढ़ी में पुत्र व पुत्रवधु के रूप में अटल कुमार वार्ष्णेय, उमा वार्ष्णेय, नितिन कुमार वार्ष्णेय, सरिता वार्ष्णेय, रतन वार्ष्णेय मित्र, ममता गुप्ता, विपिन राजा, वंदना गुप्ता, भुवनेश आधुनिक, दीपिका वार्ष्णेय, रंजन आधुनिक, अंजना वार्ष्णेय शामिल हैं। तीसरी पीढ़ी में अभिनव वार्ष्णेय, सक्षम वार्ष्णेय, वरुण वार्ष्णेय, कल्प वार्ष्णेय, तनिष्क वार्ष्णेय, प्रांजुल वार्ष्णेय, मोहित वार्ष्णेय, लव वार्ष्णेय, शुभांगी वार्ष्णेय, यशी वार्ष्णेय हैं।

# मंडलायुक्त ने टटोली आगरा मंडल विकास निगम लिमिटेड की नब्ज

जन एक्सप्रेस | आगरा

लघु सभागार में मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में आगरा मंडल विकास निगम लिमिटेड की समीक्षा बैठक बुधवार को संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न जनपदों में विकास निगम लिमिटेड की संपत्तियों से जुड़े प्रकरण की समीक्षा की गयी। जनपद आगरा में पेट्रोल पंप, फतेहाबाद रोड पर चीनी गोदाम, फतेहपुर सीकरी बहुउद्देशीय ग्राम सेवा केंद्र एवं किरावली व कीरतपुर सहित पांच प्रकरण हैं। इन सभी प्रकरणों से संबंधित संपत्तियों का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया। मंडलायुक्त ने संबंधित अधिकारी को सभी प्रकरणों में भौतिक सत्यापन एवं संपत्तियों का मूल्यांकन तथा



मूल्यांकन के बाद जमा होने वाली धनराशि का विवरण उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। जनपद मैनपुरी में आधुनिक धानमील के मामले में अवगत कराया गया कि वर्तमान में इस जगह पर घर बना हुआ है। नीलामी से संबंधित कागजात मिल गए हैं लेकिन धनराशि जमा करने के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। मंडलायुक्त ने नीलामी होने के बाद जमा कराई गई धनराशि से संबंधित रिकॉर्ड मिलने के बाद उपलब्ध सभी अभिलेखों का जिलाधिकारी/अपर जिलाधिकारी से सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। जनपद मथुरा से संबंधित एक प्रकरण में अवगत कराया गया कि भौतिक सत्यापन में नीलामी कराए जाने की पुष्टि नहीं हुई है। इस प्रकरण में भी जिलाधिकारी से सत्यापन कराये जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में गरिमा सिंह जी अपर आयुक्त न्यायिक, शुभांगी शुक्ला अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, चंद्रभान भास्कर उपायुक्त उद्योग, रामेंद्र कुमार उपायुक्त उद्योग, उत्कर्ष चंद्र उपायुक्त उद्योग, सोनाली जिंदल सहायक आयुक्त उद्योग, सुधीर चंद्र गर्ग सहायक आयुक्त उद्योग आदि मौजूद रहे।

# छात्र असफलता को स्वीकार कर पुन: करें परिश्रम: डॉ. आकाश अग्रवाल

जन एक्सप्रेस | आगरा




शास्त्रीपुरम स्थित रवि ग्रुप ऑफ इंस्टीटूशन की ओर से शिक्षा स्वावलंबन में शिक्षाविदों की भूमिका और मार्गदर्शन विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ सरस्वती के समक्ष एमएलसी डॉ. आकाश अग्रवाल, असवा के प्रदेश अध्यक्ष मधुसूदन शर्मा, ग्रुप चेयरमैन डॉ. रविंद्र मोहन पचौरी, निदेशक राकेश भटनागर और प्रधानाचार्य डॉ. राहुल तिवारी ने दीप प्रवज्जलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. आकाश अग्रवाल ने कहा कि शिक्षाविदों का लक्ष्य समाज के लिए प्रासंगिक क्षेत्रों में ज्ञान को आगे बढ़ाना होता है। शिक्षा स्वावलंबन का मतलब है कि छात्र ने अपनी हर कार्यशक्ति का सही इस्तेमाल करना सीख लिया है।
अगर कोई छात्र रोज तीन घंटे काम करके अपनी जीविका के लिए पैसा कमा लेता है, तो वह अपनी विकसित बुद्धि और आत्मा को लगाकर उस काम को करने पर ज्यादा पैसा कमा सकता है। धनोपार्जन को दूसरे स्थान पर रखते हुए शिक्षा को पहले स्थान पर रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि मधुसूदन शर्मा ने कहा कि किसी भी समाज और देश के विकास के लिए युवा पीढ़ी का स्वावलंबी होना जरूरी है। स्वावलंबन व्यक्तिगत ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय गौरव में भी बढ़ोतरी करता है। शिक्षा और स्वावलंबन के सहारे हर मुकाम हासिल कर सकती है। छात्र को अपनी असफलता को स्वीकार कर पुन: अपने लक्ष्य को भेदने के लिए कठिन परिश्रम करना चाहिए। चेयरमैन डॉ. रविंद्र मोहन पचौरी ने कहा कि इण्टर के बाद अपनी क्षमता के अनुसार ही विद्यार्थी को रोजगार परक कोर्स कि पढाई करनी चाहिए। बच्चो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शिक्षक को उन्हें डिजिटल व तकनिकी के क्षेत्र में जाने के लिए प्रेरित करे। नर्सिंग के कॅरियर को चुन कर विदेशो में अच्छे पैकेज के साथ आसानी से ग्रीन कार्ड भी मिल जाता है। शहर में मेडिकल विश्वविद्यालय की स्थापना होनी चाहिए। कार्यक्रम में करीब 60 इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्यो ने हिस्सा लिया। संगोष्ठी में डॉ. संगीता बघेल, नेत्रपाल सिंह चौहान और वीरेंद्र मित्तल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन जितेंद्र परिहार और पूजा पाठक ने किया। धन्यवाद डॉ. आरके मिश्रा ने दिया। इस अवसर पर डॉ. सतीश कुमार, डॉ. केपी तिवारी, अरुन मिश्रा, भुवनेश कुमार, धर्मेंद्र त्यागी, अशोक कुमार, संजीव शर्मा, त्रिलोकी शर्मा, अभिषेक शर्मा, पवन धाकड़, डॉ. करन सिंह, संतोष चौधरी, कृष्णकांत, मिताली, राजकुमार, सोहन लाल, धर्मेंद्र, अक्षय आदि मौजूद रहे।

## अंतरिक्ष अन्वेषण पर बनाये विभिन्न मॉडल

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** अटल आवासीय विद्यालय कोरई छात्र-छात्राओं में विभिन्न अन्वेषण मॉडल बनाकर प्रस्तुत किये। विद्यालय प्राचार्या सुनीता विशिष्ट प्रशासनिक अधिकारी श्री अशोक कुमार के कुशल मार्गदर्शन में उत्कृष्ट अटल कार्यक्रम की बढ़ती श्रृंखला के क्रम में 卐अंतरिक्ष अन्वेषण卐 कार्यक्रम के अंतर्गत अटल आवासीय विद्यालय समिति द्वारा भेजे गए प्रशिक्षकों द्वारा विविध क्रियाशील मॉडल में लगने वाले उपकरणों की जानकारी दी गई और उन्हें संकलित कर कर मॉडल बनाने की विधि का विस्तृत रूप से वर्णन किया गया अधिकांश छात्रों ने स्वयं अपने द्वारा मॉडल बनाकर प्रशिक्षकों के सामने प्रेषित किए। विद्यार्थियों द्वारा निर्मित मॉडल क्रमशः ब्लाइंड टूल, स्मार्ट डस्टबिन, फायर फाइटिंग कार एवं रोबोट थे। प्रशिक्षकों द्वारा ड्रोन की कार्यप्रणाली एवं उसे बनाने की विधि का भी विस्तृत रूप से वर्णन किया गया। साथ ही समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की अगवानी हेतु विद्यार्थियों को मार्च पास्ट का भी प्रशिक्षण और रिहर्सल कराया गया।

# नशे में धुत सिपाही ने रेलवे ट्रैक पर किया हंगामा

जन एक्सप्रेस | आगरा

पुलिस के एक सिपाही ने मंगलवार को नशे में धुत होकर फतेहाबाद में गढ़ तिराहे के पास रेलवे पटरी पर काफी देर तक हंगामा किया। वह ट्रैक पर लेट कर जान देने की धमकी देता रहा। काफी कोशिश के बाद ग्रामीणों ने उसे वहां से हटाया। फिरोजाबाद के गांव किशनदास का पुरा (थाना मटसैना) निवासी रविंद्र कुमार गाजियाबाद में सिपाही है। इंस्पेक्टर फतेहाबाद ने बताया कि पूछताछ में सिपाही ने बताया कि कुछ दिन पूर्व वह छुट्टी पर आया है। मंगलवार को वह बाइक से फतेहाबाद आया। रेलवे पटरी के किनारे उसने अपनी बाइक खड़ी की। इसके बाद पटरी पर लेट गया। यह देखकर वहां आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। कुछ लोगों ने वीडियो बना लिया। कुछ लोगों ने उसे खींचकर वहां से हटाया और सूचना थाना फतेहाबाद पुलिस को दी। पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई। इंस्पेक्टर ने बताया कि पूछताछ में सिपाही ने बताया कि पत्नी से विवाद चल रहा है। इससे वह परेशान है। इसके कारण ही उसने यह सब किया। लोगों ने बताया कि इससे पहले सिपाही ने डायल 112 पर फोन करके पुलिस को बताया था कि उसने जान देने के लिए जहर खा लिया है, लेकिन बार-बार पूछने के बाद भी अपना पता नहीं बताया। पुलिस काफी देर उसकी खोजबीन करती रही, लेकिन वह फोन पर बात नहीं कर रहा था। इसी दौरान उसने फोन भी फेंककर तोड़ दिया।

# सही समय पर उपचार न होने पर जानलेवा हो सकता है डेंगू

जन एक्सप्रेस | आगरा

मुख्य चिकित्सा अधिकारी आगरा डॉ. अरुण श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष 16 मई को नेशनल डेंगू दिवस मनाया जाता है। जिसका उद्देश्य डेंगू जैसी बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करना है। इस साल 2024 के लिए राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम डेंगू रोकथाम: एक सुरक्षित कल के लिए हमारी जिम्मेदारी है। सीएमओ ने बताया कि डेंगू एक मच्छर जनित वायरल रोग है जो एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। डेंगू या डेंगी डेंगू वायरस से संक्रमित मच्छरों के काटने से होती है। यह मादा एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। यह साफ पानी में पनपता है। इस साल राष्ट्रीय डेंगू दिवस की थीम है-कनेक्ट विद कम्युनिटी, कंट्रोल डेंगू। यह थीम इस तथ्य का समर्थन करती है कि सभी के प्रयासों से ही डेंगू से बचाव, नियंत्रण और इसके प्रसार पर जटिलताओं को रोका जा सकता है। वेक्टर बोर्न रोगों के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र मोहन प्रजापति ने बताया कि डेंगू के लक्षणों के बावजूद समय से जांच न होने की स्थिति में जब इसका बुखार छठवें से आठवें दिन में पहुंचता है तो खतरा भी ज्यादा बढ़ जाता है, लेकिन ऐसे मरीज भी समय से



अस्पताल आएं तो भर्ती कर ठीक हो जाते हैं। शरीर में चकत्ते आना या नाक, मुंह व मसूड़ों से खून आना डेंगू के खतरनाक लक्षण हैं और ऐसी स्थिति में मरीज को भर्ती करना अनिवार्य है। प्लेटलेट उन्हीं मरीजों को चढ़ाने की जरूरत पड़ती है जिनके शरीर से ब्लीडिंग होने लगती है।
जिला मलेरिया अधिकारी राजेश गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर गुरूवार को सभी ब्लॉक क्षेत्रों में जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।
लोगों के बीच यह संदेश दिया जाएगा कि डेंगू का वाहक एडीज मच्छर साफ पानी में पैदा होता है। ऐसे में छत एवं घर के आसपास अनुपयोगी सामग्री इकट्ठा न होने दें। हफ्ते में एक बार टीन, डब्बा, बाल्टी का पानी खाली कर दें और दोबारा उपयोग के लिए उनको सुखाएं। प्रत्येक सप्ताह कूलर का पानी खाली कर दें और सूखा कर ही पानी भरें। पानी के बर्तन और टंकी आदि को ढंग कर रखें। हैंडपम्प के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। घर के आसपास के गड्ढों को मिट्टी से ढक दें। साफ जमा पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ इंजन का तेल डालें। दिन में भी पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें। सहायक मलेरिया अधिकारी नीरज कुमार ने बताया कि डेंगू से बचाव के लिए मच्छरों से बचाव करना जरूरी है। इसके लिए अपने आस-पास मच्छरों को न पनपने दें।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु, हत्या का आरोप

* पुलिस और फारेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य
* पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा शव

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**



> परिजनों ने बताया कि विवाहिता का शव घर के अंदर साडी के फंदे से लटका था। मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाया है।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।
>
> **प्रकाश सिंह**
> **थानाध्यक्ष सेहरामऊ उत्तरी।**

संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु हो गई। शव घर के अंदर जमीन पर पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी के बाद ससुराल पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फारेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए।पुलिस ने पति और देवर को हिरासत में लिया है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बहादुरापुर निवासी महेंद्र ने अपनी पुत्री काजल (22) का विवाह चार बर्ष पूर्व महादेव माती निवासी अमित के साथ किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग लगातार विवाहिता को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। बुधवार संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मृत्यु हो गई। शव घर के आंगन में जमीन पर पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी से हड़कंप मच गया। पुत्री की मौत की सूचना पर मायके पक्ष के लोग ससुराल पंहुच गए। बेटी का शव देख मायके पक्ष के लोगों में चीत्कार मच गया। विवाहिता के पिता ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर घटना की जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पर थाना प्रभारी प्रकाश सिंह, नायब तहसीलदार अभिषेक त्रिपाठी, फारेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पति व देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक दो बर्ष का पुत्र शिववांकर के सर से मां का साया छिन गया।

विवाहिता की मौत से मायके पक्ष के लोगों का रो रो कर बुरा हाल है।

### चौकी पर समझौते के बाद देर शाम घर पंहुची थी विवाहिता

मंगलवार ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता के साथ मारपीट की। विवाहिता ने मारपीट की जानकारी मायके में अपने पिता को दी। पिता की ओर से लड़की के साथ मारपीट करने के मामले की तहरीर सुल्तानपुर चौकी पुलिस को दी गई।देर शाम दोनों पक्षों को समझौते के बाद घर भेज दिया गया।बुधवार सुबह विवाहिता की मृत्यु हो गई।

## आपरेशन न होने से 26 घंटे तक पीड़ा से तड़पती रही महिला

* पूरनपुर के एक अस्पताल के संचालक पर पीड़ित महिला ने लगाए गंभीर आरोप
* कार्रवाई के लिए महिला ने डीएम, एसपी, सीएमओ, स्वास्थ्य मंत्री से लगाई गुहार

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

नगर के एक अस्पताल के डाक्टर की लापरवाही के चलते गर्भवती महिला के पेट में ही नवजात की मौत हो गई। महिला की जान भी जोखिम में पड़ गई। उसको उपचार के लिए जिले के एक निजी अस्पताल में ले जाया गया। आरोप है कि यहां के डाक्टर ने उस अस्पताल के डाक्टर को आपरेशन करने से मना कर दिया। इससे महिला करीब 26 घंटे तक पीड़ा से तड़ती रही। डाक्टरों के हाथ जोड़े लेकिन उन्होंने एक न सुनी। इसपर महिला के तीमादारदारों ने सीएमओ को अवगत कराया। उनके निर्देश पर डाक्टर ने महिला का आपरेशन किया। पीड़िता ने नगर के डाक्टर पर कार्रवाई करने के लिए डीएम, एसपी, सीएमओ, स्वास्थ्य मंत्री को पत्र भेजकर न्याय दिलाने की गुहार लगाई है।

शेरपुरकलां के रहने वाले मुसर्रफ ने शिकायती पत्र में कहा कि उनकी पत्नी सीमा छह माह की गर्भवती थी। पूरनपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। समय समय पर डाक्टर से सलाह ली। वह हर बार बार सब कुछ ठीक होने की बात कहकर रुपए लेते रहे। इस दौरान महिला से करीब 18 हजार रुपए लिए गए।

छह मई को महिला अल्ट्रासाउंड कराकर डाक्टर के पास पहुंची। उन्होंने पानी की कमी से पेट में ही शिशु की मौत होने की बात कही। आरोप है कि डाक्टर की लापरवाही से नवजात की मौत हुई। साथ ही महिला की जान भी खतरे में पड़ गई। मामले की शिकायत पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से की। महिला के परिजन उन्हें जिले के एक निजी अस्पताल ले गए।

आरोप है कि शिकायत से नाराज डाक्टर ने उस अस्पताल के डाक्टर को फोन कर आपरेशन न करने को कह दिया।

इससे उस डाक्टर ने महिला का आपरेशन करने से मना दिया। इससे 26 घंटे तक पत्नी गंभीर हालत में पीड़ा से चीखती रही। अगले दिन सात मई को डाक्टर द्वारा आपरेशन न करने की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की गई।

इसके बाद मुख्य चिकित्साधिकारी ने अस्पताल संचालक को फोन कर ऑपरेशन करने के लिए कहा।

इसपर महिला का ऑपरेशन किया गया।

आरोप है कि नगर के चिकिस्तक द्वारा उसपर लगातार समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। विरोध करने पर डाक्टर द्वारा पूरनपुर कोतवाली में मनगढंत कहानी बनाकर मरीज व उसके तीमारदारों पर आरोप लगाते हुए तहरीर दी गई। पत्र में मामले की जांच कराकर दोषी डाक्टर पर कार्रवाई की मांग की गई है।

> शिकायतकर्ता को दवाईयों के पर्चे, बिल आदि साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए पत्र भेजा गया है। पीड़ित की ओर से अभी तक कोई भी साक्ष्य उपलब्ध नहीं कराए गए हैं। रिमाइंडर भेजा गया है। साक्ष्य मिलने पर शीघ्र ही जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> **हरिदत्त नेमी**
> **एसीएमओ पीलीभीत।**

## फंदे से लटककर महिला की मौत, हन्या का आरोप

**जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर**

**पटेहरा।** संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा कला के फारम मौजा में मंगलवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में गर्भवती महिला की फंदे से लटककर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

मड़िहान थाना क्षेत्र के शेरुआ गांव निवासी राजकुमार कोल ने अपनी पुत्री रिंकी (23) की शादी तीन साल पहले संतनगर थाना क्षेत्र के पटेहरा कला के फारम मौजा निवासी परदेशी कोल के पुत्र रामबाबू के साथ की थी। मंगलवार को सुबह रिंकी की संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर मौत हो गई। सूचना पर मायके वाले वहां पहुंचे। रिंकी के पिता राजकुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही पुत्री को उसका पति मारता-पीटता था। मंगलवार को पुत्री के ससुराल के पड़ोसी ने बताया की रिंकी की मौत हो गई है। मौके पर पहुंचे तो ससुराल के लोगों ने बताया कि फंदे से लटकने से मौत हुई है। राजकुमार ने आरोप लगाया कि दहेज के लिए पुत्री की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने का प्रयास किया जा रहा था।

## बगैर इस्टीमेट से बन रही है पंचायत भवन की बाउंड्री वाल

* घटिया निर्माण कार्य से कराया जा है निर्माण ग्रामीणो में भारी रोष

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा**





ब्लाक क्षेत्र की ग्राम पंचायत भैंसहा ग्वालपुर में बन रहे पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल में लग रही है घटिया सामग्री। गौरतलब हो की गांव के ग्रामीणों ने बताया है कि कई लाखों रुपए की कीमत से बन रही पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल जिसमें मोरंग की जगह देसी रेट से कराया जा रहा है निर्माण। वही इस नव निर्माण पंचायत भवन का ना तो कोई इस्टीमेंट बना हुआ है। बगैर स्वीकृति से बनाई जा रही है घटिया पंचायत भवन की बाउंड्रीवाल जो कभी भी धराशाई हो सकती है। जिसकी बुनियाद ही कमजोर घटिया निर्माण सामग्री से बनाई जा रही है। सरकार से मिलने वाला भारी भरकम बजट को लगाया जा रहा है

ठिकाने प्रधान खूद अपने-आप करवा रहे है निर्माण कार्य। वही इसकी जानकारी करने पर सचिव रमावीर गंगवार ने बताया है मुझे गांव के ग्रामीणो के द्वारा सूचना मिली थी मै मौके गया था जिसमे खरंजा ईट और देशी रेत लग रही थी मुझसे बगैर पूछे और बगैर इस्टीमेट के निर्माण कार्य कराया जा रहा है जिसका पेमेंट भी नही होगा और मैने अपने उच्चाधिकारियो को सूचना भेज दी है।

## नर्सिंग होम की आड़ में नशीली दवाओं की बिक्री, एमओआईसी से शिकायत

* पूरनपुर में संचालित एक निजी अस्पताल पर लगा आरोप, शिकायत

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

नगर में संचालित एक निजी नर्सिंग होम के कुछ लोगों पर अस्पताल की आड़ में नशीनी दवाओं की बिक्री करने का आरोप लगा है। मामले की शिकायत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की गई है।

पूरनपुर के मोहल्ला ढका निवासी अकरम ने नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि नगर में कोतवाली रोड पर एक नया अस्पताल खुला है। आरोप है कि यह अस्पताल स्वास्थ्य विभाग में बगैर रजिस्ट्रेशन कराए मनमाने तरह से चलाया जा रहा है। इसमें झोलाछाप डाक्टरों द्वारा मरीजों का उपचार किया जा रहा है।

अस्पताल की आड़ में नशीली दवाओं का भी व्यापार हो रहा है। आरोप है कि इस अस्पताल की बजह से कई युवा नशे का शिकार हो रहे हैं।

पत्र में जांच कर अस्पताल को बंद कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

एमओआईसी डा. अनिकेत गंगवार का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है।

जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## रघुनाथपुर परिषदीय विद्यालय में स्मार्ट बोर्ड से होगी पढ़ाई




* रोटरी क्लब पूरनपुर रायल्स ने स्कूल को उपलब्ध कराया स्मार्ट बोर्ड

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

गांव रघुनाथपुर के उच्च प्राथमिक स्कूल के बच्चे अब स्मार्ट बोर्ड से पढ़ाई-लिखाई करेंगे। स्कूल में स्मार्ट बोर्ड लगने से छात्र-छात्राओं में खुशी देखी जा रही है।यह बोर्ड रोटरी क्लब पूरनपुर द्वारा उपलब्ध कराया गया है। क्लब के कौशलेंद्र भदौरिया ने बताया रघुनाथपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में रोटरी फाउंडेशन के सीएसआर ग्रांट के अंतर्गत सीएसआर चेयर राजन विद्यार्थी के सहयोग से एक स्मार्ट बोर्ड प्रदान किया गया। इससे छात्र-छात्राओं को शिक्षण कार्य में काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा समय-समय पर तहसील क्षेत्र के स्कूलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम किए जा रहे हैं। स्मार्ट बोर्ड प्रदान करने के दौरान इंचार्ज शिक्षक ऋषि सक्सेना, ग्राम प्रधान बबलू पांडे, क्लब के सदस्य प्रतीक सक्सेना, रामसागर पांडे, इशाक अहमद, पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे। इंचार्ज शिक्षक ने क्लब के लोगों का आभार जताया।

## पत्रकार हत्याकाण्ड में चार नामजद पांच अज्ञात के विरूद्ध मुकदमा दर्ज

* चार नामजद आरोपित में एक मुम्बई से गिरफ्तार
* रसूखदार व्यक्ति का भी तहरीर में नाम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की सोमवार साढ़े नौ बजे इमरानगंज बाजार चौक के समीप अपाचे बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या के मामले में मंगलवार देर शाम मृतक के भाई द्वारा पुलिस को तहरीर सौंपा गया। मृतक के बड़े भाई संतोष श्रीवास्तव ने चार नामजद व पांच अज्ञात के विरूद्ध तहरीर पुलिस को सौंप दिया। वहीं नामजद एक आरोपित जमीरुद्दीन पुत्र हनीफ कुरैसी को मंगलवार की रात पुलिस ने मुम्बई के भिवंडी से गिरफ्तार करने का पुलिस उपाधीक्षक अजीत सिंह चौहान दावा किया है। बताया कि घटना के बाद से ही जमीरुद्दीन चिंहित हों चुका था। जांच में प्रकाश में आने के बाद कोतवाली पुलिस के जवान मुम्बई रवाना हो गये थे। मुम्बई पुलिस के सहयोग से जमीरुद्दीन कों गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल ट्रांजिट रिमांड पर उसे शाहगंज लाया जायेगा। वहीं तीन नामजद आरोपित फरार बताए जाते हैं। पुलिस की यह बड़ी उपलब्धि बताईं जाती है। तहरीर के पूर्व ही सक्रियता से जुटी पुलिस ने हत्यारोपितों व साजिश कर्ता में एक को खंगाल लिया। वहीं घटना को अंजाम देने वाले शूटरों का पता लगने में पुलिस टीम पूरी तरह से नाकाम है। मालूम रहे गिरफ्तार सबरहद गांव निवासी जमीरुद्दीन कुरैशी की गिनती पूर्वांचल के बड़े गो तस्करों में होती है। इस पर गुण्डा एक्ट, गैंगस्टर, हत्या, हत्या का प्रयास, पशु क्रूरता अधिनियम गो बध निवारण अधिनियम में जौनपुर अम्बेडकर नगर बस्ती आदि जिलों में डेढ़ दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज हैं। मृतक के भाई संतोष श्रीवास्तव के मुताबिक भाई आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा गो तस्करों के विरुद्ध चलाए गए खबर के बाद जमीरुद्दीन कों गांव व घर छोड़ मुम्बई भागना पड़ा। जिससे यह उन्हें दुश्मन मानने लगा। वहीं सरकारी जमीनों पर एक रसूखदार का कब्जा हटवाना भी एक पहलू है।

## जौनपुर लोकसभा 73 सीट पर भाजपा सपा में सीधी टक्कर






* भाजपा को जीत का अति आन्मविश्वास कही भारी न पड़ जाए।
* सपा भाजपा के कोर वोटरों में सेंध मारी के प्रयास में जुटी

**जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित**

जौनपुर लोकसभा 73 सीट पर भाजपा सपा में सीधी टक्कर देखी जा रही है जहां भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह मोदी योगी के नाम के सहारे जीत के अति आत्मविश्वास के साथ लबरेज दिखाई दे रहे है और अपने ही कार्यकर्ताओं के उत्साह में कमी का नब्ज नहीं पकड़ पा रहे है तो वहीं दूसरी तरफ सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा इंडिया गठबंधन एंव स्वंग के दल से आए प्रदेश भर के हजारों समर्थकों के सहारे भाजपा को चुनावी मात देने में जुटे है तो बसपा के निवर्तमान सांसद श्याम सिंह यादव बसपा से पुनः नांमाकन कर अपने विकास कार्यों के साथ बेदाग छवि के साथ बसपा के वोटरों के साथ सपा के सजातीय वोटों में सेंध मारी कर चुनाव को त्रिकोणीय मुकाबले में कर जीत का दावा ठोक रहे हैं वहीं कुशवाहा समर्थक सपा संगठन से अलग हटकर भाजपा के कोर वोटर बिंद प्रजापति पाल नाई मौर्य कहार जैसे जातिगत वोटरों के बीच पीडीए की बात रखकर सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के पक्ष में वोट करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं यही नहीं गांवो में अगडी जातियों से छुप छुपाकर सपा के कार्यकर्ताओं एवं जिले के संगठन से अलग कुशवाहा समर्थक जीत के लिए दिन रात जुटे हुए हैं वहीं भाजपा कार्यकर्ता समाजिक चुनावी ताना बाना जोड़ने के बजाय पर्चा झंडा खर्चा चर्चा में परेशान नजर आ रहे हैं बहरहाल इस मामले में भाजपा के कार्यकर्ता अकेले नहीं परेशान हैं इसमें सपा के जिला ईकाई व जन प्रतिनिधियों की उदासीनता के चलते उनके संगठन के लोग भी कम परेशान नहीं हैं इनमें भी काफी उदासीनता देखी जा रही है

लेकिन सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा को टिकट मिलने के बाद जिस तरीके से सपा में विरोध का सामना करना पड़ा था उससे सीख लेकर सपा जिला इकाई के समकक्ष अपने दल के जिम्मेदार लोगों की अलग-अलग स्थानों पर टीम उतार कर सपा जिला संगठन की अंतर्कलह से निपटने का प्रयास कर रहे हैं वहीं इसी बीच सपा के कद्दावर नेता पूर्व विधायक ओमप्रकाश दुबे बाबा ने भी पार्टी छोड़ दी जिसे सपा को एक और झटका लग गया है

फिर भी कुशवाहा समर्थको में उत्साह की कमी नहीं दिखाई पड़ रही है वहीं भाजपा मोदी योगी के नाम पर चुनावी नैया पार कर लेना चाहती है और अब तो बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्री कला धनंजय सिंह का बसपा से टिकट कटने व भाजपा का समर्थन पा जाने से और भी जीत के अति आत्मविश्वास में दिखाई पड़ रही है कहीं यही अति आत्मविश्वास कार्यकर्ताओं की नाराजगी समाजिक चुनावी तालमेल न जोड़ पाना कहीं भाजपा को नुक्सान देह साबित न हो जाए।

### दो रसूखदार पूर्व मंत्री के बीच भी सीधी टक्कर ?

जौनपुर लोकसभा 73 में भाजपा सपा ने जिन प्रत्याशियों को चुनावी समर में उतारा है दोनों ही अपने आप में राजनीतिक धुरंधर है कोई किसी से कम नहीं है दोनों प्रत्याशी अपने-अपने समय में अपने-अपने दल के काफी रसुकदार नेता थे जहां भाजपा प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के साथ गृह राज्य मंत्री रह चुके हैं और लोगों की माने तो महाराष्ट्र में आज भी प्रशासनिक सेवा में आज भी इनका सिक्का चलता है लेकिन मंत्री रहने के दौरान इन पर भी तमाम भ्रष्टाचार के आरोप लगे तो सपा प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा भी कम असर दार नेता नहीं है ये भी बसपा सरकार के बड़े कद्दावर नेता रहे और मायावती सरकार में कैबिनेट मंत्री के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के सबसे करीबियों में गिनती होती थी साथ ही सरकार के महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री भी रह चुके हैं बसपा सरकार में इनका सिक्का इस कदर चलता था कि जिस पर इनकी नजर पड़ती विधायक मंत्री बना देना चुटिकियो का काम था। बहरहाल उसी दौरान इन पर भी भ्रष्टाचार समेत कई आपराधिक मामले में आरोपित होने के बाद बसपा ने निकाल दिये गये फिर इन्होंने अपनी पार्टी बनाई और आज सपा के सिंबल पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे है।

## बालिकाओं व महिलाओं के साथ होने वाले गलत आचरण का प्रारंभ से ही करे विरोध : एडीजे



* कहा कि महिलाओं पर हो रहे अन्याचार के विरुद्ध सजगता से खड़ा होना

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी पर बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय द्वारा बालश्रम, शिक्षा के अधिकार एवं बालको के कल्याण के लिए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विधिक जागरूकता/ साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर को संबोधित करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय प्रशांत कुमार सिंह ने छात्राओं से संवाद करते हुए उन्हें बाल संरक्षण कानून, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित कानूनी जानकारियां दी। छात्रा आकृति यादव, देवनंदिनी सिंह, ऋतिका यादव, रागिनी यादव, स्मिता पांडेय, सृष्टि गुप्ता, खुशबू यादव व कशिश प्रजापति द्वारा पूछे गए सवालों का जबाब देकर उनके शंकाओं का समाधान किया साथ ही बालिकाओं सहित सभी महिलाओं से प्रत्येक गलत आचरण का प्रारंभ से ही विरोध करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यौन अत्याचार, अन्याय के विरुद्ध उन्हें सजगता से खड़ा होना होगा। कहा कि समाज में किसी भी तरह का लिंग भेदभाव न किया जाए। उन्होंने छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। श्रम परिवर्तन अधिकारी रीना ने कहा कि बच्चो से बालश्रम करवाना गुनाह का काम है। उनसे मजदूरी न कराकर उन्हें शिक्षित करे जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो। पैनल लायर देवेंद्र कुमार यादव ने भी आवश्यक जानकारी दी।

प्रारंभ में एडीजे तृतीय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन अर्चन किया।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने स्वागत भाषण के माध्यम से अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र भेंट किया। संचालन प्रधानाचार्य शरद सिंह व आभार श्रवण यादव ने ज्ञापित किया। कार्यक्रम में रामचंद्र सिंह, सुशील सिंह, दिलीप सिंह, अजय जायसवाल, कविता सिंह, राहुल यादव, कार्तिकेय प्रजापति, जितेंद्र सिंह, प्रवीण सिंह, सौरभ सिंह, दामिनी सिंह, सविता पांडेय आदि का सक्रिय योगदान रहा।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण, देखी व्यवस्थाऐं

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत।** बुधवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय के परिसर में स्थित ई0वी0एम0 एवं वी0वी0पैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। जिसमें भवन की स्थिति, अग्निशमन उपकरणों, सुरक्षा व्यवस्था एवं सी0सी0टी0वी0 सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखा, समस्त व्यवस्थाऐं मानक के अनुरूप पाई गई। निरीक्षण के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतु पूनिया, राजनैतिक दलों के प्रतिनिधिगण सहित जिला निर्वाचन कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### दो सप्ताह पूर्व हुए सड़क हादसे मे मृतक की पन्नी की ओर से अज्ञात वाहन के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा।** बीसलपुर-पीलीभीत हाइवे पर दो सप्ताह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया के निकट मोटर साईकिल से हुआ सड़क हादसे मे एक युवक की मौत में अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज। 29 अप्रैल को सुबह 5 बजे थाना बीसलपुर क्षेत्र के ग्राम जसोली निवासी जगदीश प्रसाद अपनी साली खुशबु के साथ रुदपुर जा रहे थे रास्ते मे पतरसिया पैट्रोल पंप के पास उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे जगदीश प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी थी।और उनकी साली को गंभीर चोट आई थी। वही आज मृतक जगदीश प्रसाद की पत्नी नीतू ने थाना बरखेड़ा में अज्ञात वाहन के खिलाफ तहरीर दी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक अरिवंद चौहान ने मृतक की पत्नी नीतू की तहरीर पर अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।




## कायस्थ समाज ने आशुतोष के परिवार को मांगा नौकरी, सौंपा ज्ञापन

* सारे काम छोड दो पहले चलो वोट दो: ईओ चंदन सिंह गोड

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



कायस्थ समाज जौनपुर के लोगों ने आज राज्यपाल को संबोधित एक मांग पत्र जिलाधिकारी महोदय को सौप कर पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव श्रीवास्तव के हत्यारो किं गिरफ्तारी वी मुवाबजा की मांग की।

ज्ञात हो की शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के शबराहद गांव निवासी आशुतोष श्रीवास्तव पत्रकार व भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। जिससे मर्माहत कायस्थ समाज के लोगो ने राकेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में एक मांग पत्र जिलाधिकारी महोदय की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को सोपा। जिसमे आशुतोष के परिवार को नौकरी, बच्चो की पढ़ाई फी करने व परिवार वालो को भरण पोषण हेतु 50 लाख रुपया सरकार से दिलाया जाय। हत्यारो की शीघ्र गिरफ्तारी की जाय। उपरोक्त लिखित मांग पत्र सौंपा गया। ज्ञापन देने वालों में संजय अस्थाना, श्याम रतन श्रीवास्तव, दयाल शरण श्रीवास्तव, विपिनेश श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, पंकज श्रीवास्तव हैप्पी, डा.संजय श्रीवास्तव, रवि श्रीवास्तव, अरुण कुमार श्रीवास्तव, विश्व प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज कुमार श्रीवास्तव सहित तमाम कायस्थ बंधु उपस्थित रहे।

## किशोरी रहस्यमय ढंग से लापता

**जन एक्सप्रेस । वाराणसी**

मिर्जामुराद क्षेत्र स्थित एक गांव निवासिनी एक 14 वर्षीया किशोरी श्रृंगार का सामान लेने पास के बाजार में गई हुई थी। इसी दौरान वह रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। परिजनों द्वारा काफी तलाशने के बाद किशोरी का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद किशोरी के पिता मिर्जामुराद थाने पहुंच क्षेत्र के मेहंदीगंज निवासी आदित्य भारती के खिलाफ तहरीर दे अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले में मिर्जामुराद थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि किशोरी को तलाशने के लिए टीम गठित कर दी गई है।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर।** रामपुर। 25 मई को वोट पड़ेगा लोकसभा चुनाव में मतदान की प्रतिशत बढ़ाने को लेकर बुधवार को जागरूकता अभियान को लेकर नगर पंचायत परिसर से बरसठी तिराहा, कठवातिया तिराहा तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित जागरूकता अभियान रैली नेतृत्व कर रहे अधिशासी अधिकारी चंदन सिंह गोड ने कहां की चुनाव में अधिक से अधिक मतदान होना चाहिए। क्योंकि मतदान से ही हम एक सही सरकार का निर्माण कर सकते हैं कार्यक्रम की अगली कडी में वरिष्ठ लिपिक मनीष कुमार मिश्रा ने कहा कि सारे काम छोड़ दो पहले चलो वोट दो का नारा लगाते हुए रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान हंस राज कैरियर इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य बीएम मिश्रा अध्यापक विकास पांडेय कंप्यूटर ऑपरेटर शशांक तिवारी राजा बाबू विश्वकर्मा राम आसरे अंशु जायसवाल मनीष शुक्ला अच्छे सिंह सुजीत गुप्ता सुशील साहिल नगर के अन्य संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित मौजूद रहे।

# गुप्त सूचना पर खुदाई में बरामद हुई नव विवाहिता की लाश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज



एक गांव में सुबह पुलिस टीम पहुंची। फावड़ा मंगवाकर तालाब में मिट्टी की खुदाई कराई। यहां एक महिला का शव निकला तो गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। बताया गया कि डेढ़ महीने पहले ही युवक ने शादी की थी। उसे पत्नी पर अवैध सम्बंध का शक था। घटना ठठिया थाना क्षेत्र के कौलेपुरवा गांव की है। एक दिन पहले थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव के बाहर तालाब में एक महिला का शव दफन किया गया है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम गांव पहुंच गई और ग्रामीणों की मदद से मिट्टी की खुदाई कराई। यहां महिला का शव देखकर ग्रामीणों में हड़कम्प मच गया। महिला की पहचान गांव के ही रहने वाले 30 वर्षीय शीलू दोहरे की पत्नी निक्की के रूप में हुई। पुलिस ने शीलू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। शीलू ने बताया कि डेढ़ महीने पहले ही उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद कई बार पत्नी निक्की को किसी दूसरे व्यक्ति से फोन पर बातें करते देखा। 13 मई को भी उसकी पत्नी निक्की फोन पर किसी से बातें कर रही थी। जब उससे पूछताछ की तो वह झगड़े पर आमादा हो गई। इसके बाद वह कमरे में चली गई। थोड़ी देर बाद जब शीलू कमरे में गया तो पत्नी निक्की का शव फांसी के फंदे पर टंगा पाया। शीलू ने बताया कि पत्नी का शव देखकर वह डर गया था। इसलिए रात में चुपचाप गांव के बाहर तालाब में पत्नी का शव दफना दिया था हालांकि पुलिस ने शीलू और उसके परिजनों को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतका के परिजनों को भी फोन पर सूचना दे दी गई। फिलहाल पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शीलू और बिहार में पूर्णिया जिले के कलम्बा गांव निवासी निक्की के प्रेम सम्बंध मोबाइल फोन के जरिये हो गए थे। दोनों के बीच प्रेम परवान चढ़ा तो शीलू ने निक्की से डेढ़ महीने पहले शादी कर ली थी लेकिन शादी के कुछ दिन बाद ही शीलू को शक हुआ कि उसकी पत्नी किसी अन्य व्यक्ति से फोन पर देर-देर तक बात करती रहती है। जिसको लेकर पति-पत्नी में विवाद होने लग गया था। दोनो के बीच विवाद की परिणीति इस अंजाम तक पहुंची।

# निवर्तमान सांसद सुब्रत पाठक ने शहर कोतवाल पर लगाये गम्भीर आरोप



जन एक्सप्रेस । कन्नौज

कोतवाली प्रभारी की कार्यशैली को लेकर भाजपाइयों में आक्रोश है। भाजपा प्रत्याशी ने मतदान के दिन पार्टी कार्यकर्ताओं को धमकाने और पीटने का आरोप लगाते हुए कोतवाल की जांच कराने की बात कही है। मतदान के दिन कन्नौज शहर के कुछ बूथों पर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच गहमा-गहमी हो गई थी। मकरंदनगर क्षेत्र में भगवा गमछा गले में डाले युवकों को कोतवाली प्रभारी ने हड़काया था और गमछा उतरवाने के आरोप लगे थे। एसडी गर्ल्स इंटर कॉलेज के मतदान बूथ पर पुलिस कर्मियों द्वारा सपा के पक्ष में मतदान कराने के आरोप लगे थे। यहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस कर्मियों की हरकतों का विरोध किया तो हंगामा हो गया। आरोप है कि कोतवाली प्रभारी दिग्विजय सिंह ने बूथ पर पहुंचकर भाजपा के एक कार्यकर्ता की जमकर पिटाई कर दी और फिर हिरासत में लेकर कोतवाली पहुंच गए।

## वीडियो में लगाए गंभीर आरोप

इस मामले की जानकारी कार्यकर्ताओं ने सांसद सुब्रत पाठक को दी तो कुछ देर में वह भी समर्थकों के साथ कोतवाली पहुंच गए, जहां इंस्पेक्टर के साथ उनकी झड़प हो गई। हालांकि मामला बढ़ता देख पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता को छोड़ दिया, जिसके बाद हंगामा शान्त हुआ। उधर इस मामले को लेकर भाजपा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक का एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कोतवाल पर गम्भीर आरोप लगाते नजर आ रहे हैं। सुब्रत पाठक ने कहा कि कोतवाल की लगातार शिकायतें आ रहीं थीं कि वह बात-बात पर लोगों से पैसा मांगते हैं और वोटिंग के दिन कोतवाल का भ्रष्ट आचरण भी सामने आ गया। कोतवाल ने बूथों पर भाजपा के वोटों को जानबूझकर डिस्टर्ब करने का काम किया है। जानकारी मिली है कि कुछ लोगों से पैसा लिया है। यही वजह है कि जिन बूथों पर सपा के लोगों की शिकायतें मिल रहीं थीं, उन बूथों पर कोतवाल गया तक नहीं था। वर्दी पहनकर कोतवाल ने गुंडागर्दी की है, जिसकी इजाजत किसी को नहीं है। कोतवाल की भूमिका की जांच कराई जाएगी। कोतवाल को जवाब देना होगा कि उन्होंने किस कानून के तहत भाजपा के जिम्मेदार कार्यकर्ता के साथ मारपीट की और किस धारा के तहत पकड़ कर कोतवाली ले गए थे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रुप से घायल

जन एक्सप्रेस/औरैया। दिबियापुर थाना क्षेत्र के कंचौसी ककोर मार्ग पर बिहारीपुर गांव के पास बुधवार शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार अधेड़ व्यक्ति घायल हो गया। एंबुलेंस से सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झीझक कानपुर देहात निवासी विमल सिंह गौर निजी कार्य से औरैया जा रहे थे। बताते हैं कि कंचौसी ककोर रोड पर बिहारीपुर गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें विमल का गंभीर चोटें आई हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर कंचौसी चौकी पुलिस पहुंची। इस संबंध में चौकी इंचार्ज ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया घायल का इलाज जारी सी सी टीवी कैमरे की मदद से टक्कर मारने वाले व्यक्ति की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

### जयपुरिया स्कूल के छात्र-छात्राओं ने लहराया परचम

जन एक्सप्रेस/औरैया। फफूंद रोड स्थित आनंदराम जयपुरिया स्कूल के छात्र-छात्राओं ने दसवीं की कक्षा में लहराया परचम । छात्र शिवा राठौर ने 96~ से प्रथम स्थान प्राप्त किया खुशी यादव ने 94~ से द्वितीय स्थान हर्ष यादव ने 93.8 प्रतिशत से तृतीय तथा ऋषा पांडेय ने 93.6~ अंक लाकर जिले में अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के शिक्षक - शिक्षिकाओं ने छात्र-छात्राओं को फूल माला पहनाकर एवं मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया । वहीं छात्र छात्रों ने कहा कि हमारी सफलता के पीछे अभिभावकों जैसा मार्गदर्शन करने वाले हमारे शिक्षकों का हमारी सफलता में अहम योगदान है । विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले व विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र-छात्रा अपने जीवन में लगातार सफलता की सीढ़ियों को चढ़ने के लिए हमेशा अग्रसर रहेंगे। हमारा आशीर्वाद उनके साथ सदैव रहेगा।

### तीन चरणों का चुनाव कराने फोर्स हुआ रवाना

जन एक्सप्रेस/कन्नौज। लोकसभा चुनाव के बाकी बचे तीन चरणों के मतदान में ड्यूटी करने के लिये कन्नौज से फोर्स रवाना किया गया।पुलिस लाइन से सीओ तिर्वा डॉ प्रियंका बाजपेयी ने हरी झंडी दिखाकर फोर्स को रवाना किया।कई बसों में करीब 500 पुलिस अफसर व कर्मी सभी बची हुई लोकसभा क्षेत्रो में भेजे गये हैं।लोकसभा सामान्य निर्वाचन में भेजे जाने वाले फोर्स को चुनाव ड्यूटी कराने के लिये करीब 3 महीने से प्रशिक्षित किया जा रहा था। उन्हें चुनाव के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिये दंगा ड्रिल करवाई गई,गोली चलाने की स्थित में निशाना अचूक करने के लिये ट्रेंड किया गया। एसपी अमित कुमार आनंद खुद कई बार चुनाव ड्यूटी करने वाले फोर्स को ब्रीफ कर निष्पक्ष और निर्भीक होकर ड्यूटी करने के निर्देश दिये थे।बसों में सवार होने से पहले सीओ तिर्वा ने भी फोर्स को निष्पक्षता और ईमानदारी से ड्यूटी करने का पाठ पढ़ाया।साथ ही चुनाव आयोग के निर्देशों के बारे में भी बताया।

### डीएम के सख्त निर्देश के बाद चला टीकाकरण अभियान

जन एक्सप्रेस/कन्नौज। नगर में टीकाकरण अभियान चलाया गया।अभियान में एएनएम ने स्वास्थ्य केंद्रों पर गर्भवतियों और बच्चों के टीके लगाये।आशा बहु और आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने गांवों में घर घर जाकर टीके लगवाये। जिले में प्रत्येक बुधवार ओर शनिवार को वीएचएनडी दिवस का आयोजन किया जाता है। लगातार वीएचएनडी में लापरवाही के मामले सामने आने के बाद डीएम ने सख्त रुख अख्तियार किया था और सीएमओ को इस स्वास्थ्य अभियान में लापरवाही खत्म करने के निर्देश दिये थे। वीएचएनडी में अतिकुपोषित बच्चों,गर्भवती महिलाओं की जांच कराई गयी।प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर महिलाओं और बच्चों का वजन किया गया। अतिकुपोषित बच्चो को आयरन की खुराक दी गयी।गर्भवती महिलाओं को पुष्टाहार और बच्चों के टीकाकरण किया गया। हाईरिस्क महिलाओं को चिन्हित कर टीके व दवा उपलब्ध कराई गयी।इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर अतिकुपोषित व कुपोषित बच्चों को पोषाहार का वितरण किया गया।

### ईवीएम की सुरक्षा परखने निकले एसपी,फोर्स को बताए चुनाव आयोग के निर्देश

जन एक्सप्रेस/कन्नौज। स्ट्रांग रूम की एसपी अमित कुमार आनन्द ने सुरक्षा व्यवस्था चेक की। एसपी ने इनर व आउटर कोर्डन सहित आइसोलेशन वार्ड में लगाई गई जवानों की ड्यूटी को परखा।यहां उन्होने सुरक्षा में मुस्तैद फोर्स को चुनाव आयोग की गाइडलाइन की गहनता से जानकारी दी। साथ ही सीआईएसएफ व तैनात पुलिस बल को जरूरी दिशा निर्देश देते हुये आयोग के एक एक आदेश को अवगत कराया।एसपी ने स्ट्रांग रूम में लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर सतर्क दृष्टि बनाकर ड्यूटी करने को कहा। सदर तहसील क्षेत्र में स्थित नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम बनाया गया है। यहां त्रिस्तरीय सुरक्षा में मतदान के बाद सारी ईवीएम सील करने के बाद रखी गयी हैं।

### ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप हेतु इच्छुक विधि छात्र जमा करें आवेदन पत्र

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुधीर कुमार के आदेशानुसार दि. 01 जून से 30 जून तक ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप का आयोजन किया जायेगा, जिसमें विधि के छात्रों को 01 जून से 10 जून एवं 11 जून से 30 जून तक इंटर्नशिप कराया जायेगा। उन्होने कहा कि इस हेतु इच्छुक विधि छात्र ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप करना चाहते हैं, वह अपना आवेदन पत्र कॉलेज के विभागाध्यक्ष से संस्तुति कराकर आवश्यक प्रपत्र संलग्न कर दि. 20 मई तक व्यक्तिगत रूप से कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीवानी न्यायालय में जमा करा सकते हैं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 जुलाई को

जन एक्सप्रेस/मैनपुरी। अपर न्यायाधीश, पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कमल सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार दि. 13 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा, जिसमें यातायात, लघु आपराधिक प्रकरण, नगर पालिका विवाद, बैंक मामले, वसूली प्रकरण के साथ-साथ आवश्यकतानुसार सभी सुलह योष्य स्टांप वादों, उपभोक्ता फोरम वादों, राजस्व वादों, चकबंदी वादों, श्रम मामलों, मध्यम प्रकरण, टैक्स वसूली मामलों तथा अन्य वादों का निस्तारण किया जायेगा, राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण हेतु प्री ट्रॉयल मीटिंग आयोजित हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित किया गया है। उन्होने बताया कि उक्त निर्देश के क्रम में दि. 21 मई, 28 मई, 06 जून, 18 जून तथा 02 जुलाई को प्री ट्रॉयल मीटिंग का आयोजन होगा, प्री ट्रॉयल मीटिंग में अधिक से अधिक वादों का नियत कर निस्तारण होगा, तथा निस्तारित वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें, जिससे उक्त सूचना राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को प्रेषित की जा सके।

# गाय में होता है 33 कोटि देवी-देवताओं का वास : विमल द्विवेदी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



उन्नाव जनपद में गत कई वर्षो गौ सेवा करते आ रहे नर सेवा - नारायण सेवा के संस्थापक / अध्यक्ष विमल द्विवेदी ने भीषण गर्मी को देखते हुए गायो व बेजुबान पसुओ के पानी पीने के लिए नगर की अलग - अलग बस्तियों में दो दर्जन निःशुल्क नाँद रखवाई गयी। विमल द्विवेदी ने बताया कि गाय में 33 कोटि देवी - देवताओ का वास होता है। इनकी सेवा मात्र से ही मनुष्य के कष्ट मिट जाते है और घर में सुख - समृद्धि व स्वस्थ जीवन प्रदान होता है। उन्होंने बताया कि वो गत कई वर्षो से गायो व बेजुबान पशुओं सहित जरुरत मंदो की सेवा करते आ रहे है उसी क्रम में आज से नगर के रामदेई खेड़ा में संकल्प दीक्षित ,आवास विकास सी ब्लाक में नरेंद्र अवस्थी ,जवाहर नगर ज्ञानेंद्र पाठक, छोटा चौराहा में श्याम बहादुर प्रजापति, कोयला वाली गली में हरिशंकर तिवारी,व डब्बू गुप्ता, पी डी नगर सरिता सिंह सहित नगर की अलग अलग बस्तियों में दो दर्जन निःशुल्क नाँद रखवाई गयी । ये क्रम चलता रहेगा और गौ सेवको से फोन पर मिली सूचना पर उनके यहाँ पानी की नाँद पहुचायी जाएगी ढ्इस अवसर पर गौ सेवक जिला संयोजक अजय त्रिवेदी ,सुरेश सिंह सेंगर, शिवम् शुक्ल, मनीष मिश्रा ,विकास सिंह सेंगर अभी तिवारी आदि मौजूद रहे।

## दो नवसृजित विदेशी मदिरा की दुकानों का ई-लॉटरी के माध्यम से हुआ आवंटन

औरैया। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित मानस सभागार में जनपद की 02 नवसृजित विदेशी मदिरा की दुकानों के व्यवस्थापन हेतु ई- लॉटरी के माध्यम से आवंटन सुनिश्चित किया गया जिसके अंतर्गत चिमकुनी स्थित दुकान की लॉटरी श्रीमती गीता पत्नी स्व0 मनोहर लाल सिन्धी कलोनी भरथना, इटावा तथा जुआ स्थित दुकान की लॉटरी वीरेन्द्र कुमार पुत्र श्री राधेश्याम खुशहाल पुरा भिडोरा के नाम से पारदर्शिता के साथ आवंटित की गयी।




# पीट पीट कर मार डालने वाले 7 लोगों को दस-दस वर्ष की कैद

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

छिबरामऊ कस्बे में कुछ लोगों ने मिलकर युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया था। जिससे उसकी अस्पताल में मौत हो गई थी। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने 7 लोगों को दोषी करार देते हुए 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। सभी आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है। छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के चौधरियान मोहल्ला के रहने वाले वाले इरशाद खान, जुल्फिकार, हाशिम, राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद से मोहल्ले के ही रहने वाले शहजाद के भांजे सोहेल से 27 अप्रैल 2021 की रात किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। कहासुनी और गाली-गलौज होने पर इरशाद खान, जुल्फिकार, हाशिम, राशिद, शाहनवाज उर्फ शानू, शीबू व अरशद लाठी-डंडा लेकर आ गए थे और उन्होंने बेहरमी से सोहेल की पिटाई कर दी थी। जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया था। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां सोहेल की मौत हो गई थी। इस मामले को लेकर सोहेल के मामा शहजाद अहमद ने छिबरामऊ कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर 7 लोगों को नामजद करते हुए रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। शासकीय अधिवक्ता संत कुमार दुबे ने बताया कि युवक की हत्या मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्रनाथ के न्यायालय में चल रही थी। साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर 7 लोगों को दोषी करार देते हुए उन्हें 10-10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। दोषियों पर 7-7 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना न देने पर 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।

# अ.भा.सा.परिषद के प्रांतीय सम्मेलन की बनी रूपरेखा

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

अखिल भारतीय साहित्य परिषद की महत्वपूर्ण बैठक डॉ राजेश शर्मा की अध्यक्षता मे दीप होटल गोविन्द नगर कानपुर मे सम्पन्न हुई। बैठक का संचालन कोषाध्यक्ष डॉ प्रीती सोनकर ने तथा विषय प्रवर्तन डॉ नीलम सिंह ने किया। परिषद के उपाध्यक्ष डॉ विजय कांत सचान ने आगम ए शरद पूर्णिमा के दिन आयोजित होने वाले प्रांतीय सम्मलेन की रुप रेखा प्रस्तुत की। राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत डॉ शैलेन्द्र सचान तथा डॉ शशि प्रभा सचान ने समर्थन करते हुए कहा कि सभी सदस्यों का प्रांतीय सम्मेलन आयोजित कराने में पूर्ण सहयोग रहेगा। साथ ही परिषद की बैठकों के साथ साथ अन्य क्रियाकलापों में रूचि नही रखने वाले सदस्यों का क्रमश~ विलोपन करने की जरूरत है। गुजरात प्रदेश में आगामी 31 अगस्त तथा 1 सितंबर को दो दिवसीय महिला साहित्य सम्मलेन मे प्रतिभाग करने पर सभी की सहमति बनी। कानपुर नगर मे प्रांतीय सम्मलेन आयोजित किया जायेगा। शरद पूर्णिमा पर आदि कवि महर्षि बाल्मीकि जयंती मनाने पर भी संगठन की सहमति बनी। आयोजन समिति की अध्यक्ष के लिए राज्य अध्यापक पुरस्कार से अलंकृत कवियत्री डॉ शशि प्रभा सचान को सर्वसम्मति से नामित किया गया। उन्होंने दस सदस्य प्रति कार्यकारिणी सदस्यों को बनाने पर जोरदार वकालत की। आगामी बैठक 15 जुलाई के बाद उनके आवास अथवा उनके निर्धारित स्थान पर सम्पन्न होंगी। संगठन में सम्पर्क प्रमुख का दायित्व निर्वहन करने वाले तथा बैठको के संचालन का दायित्व ग्रहण करने वाले डॉ अनूप सचान को प्रांतीय सम्मलेन के संचालन का दायित्व सर्व सम्मति से प्रदान किया गया। डॉ शैलेन्द्र सचान को डॉ रीना कटियार सहित अन्य सदस्यों के सहयोग से संगठन को पूर्ण सक्रिय करने का दायित्व प्रदान दिया गया। बैठक मे डॉ विजय कांत सचान ने कल्याण मन्त्र से समापन कर सभी का आभार व्यक्त किया।

# डीबीटी कार्य 20 मई तक करें पूर्ण अन्यथा रुक जायेगा वेतन : बीएसए

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पाण्डेय ने डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) कार्य अपने स्तर पर किसी रूप में अपूर्ण रखने वाले प्रधानाध्यापकों का वेतन रोकने का आदेश दिया है। बीएसए ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को प्रेषित पत्र के माध्यम से बताया है कि पूर्व में प्रधानाध्यापकों को प्रेरणा पोर्टल पर लंबित अभिभावकों के नान सीडेड, एक अभिभावक के एक से अधिक बच्चों व संदिग्ध चिह्नित खातों के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे पर अभी भी 124300 बच्चों के सापेक्ष करीब 65050 बच्चों का डाटा लंबित है। जिससे सरकारी विद्यालयों में कक्षा एक से आठ तक अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों के खाता में यूनिफार्म, बैग, स्वेटर, जूते व मोजे की धनराशि स्थानांतरित नहीं हो सकेगी। बीएसए ने निर्धारित समय अवधि में यदि संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उक्त कार्य नहीं किया जाता है तो उस विद्यालय के समस्त स्टाफ का वेतनध्मानदेय अग्रिम आदेशों तक के लिए अवरुद्ध कर दिया जाएगा। पिछले साल कई नौनिहाल इससे वंचित रह गए थे। कारण यह था कि अभिभावकों के खाते आधार से सीडेड नहीं थे। इस समस्या को देखते हुए बीएसए ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। अभिभावकों को 5 दिन का समय दिया गया है कि वह इस अवधि में अपने बैंक खाते आधार से सीडेड करवा लें। अगर खाता चालू नहीं है तो उसे चालू करवा दें। अगर यह प्रक्रिया नहीं अपनाते हैं तो उन्हें डीबीटी का लाभ नहीं दिया जाएगा।

# कैबिनेट मंत्री और पूर्व विधायक संग भ्रमण कर भाजपा प्रन्याशी ने मांगे वोट

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

पंचम चरण के चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के जालौन गरौठा लोकसभा सीट के प्रत्याशी भानु प्रताप वर्मा ने पुखरायां कार्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की तथा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला पुखरायां मंडल के मंडल अध्यक्ष मुकुल पांडेय व बूथ के अध्यक्षों से 20 मई को होने वाले चुनाव का हाल जाना। जालौन से लगातार 8वीं बार भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानु प्रताप सिंह वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। भानु प्रताप 5 बार सांसद रह चुके हैं। वो लगातार शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर अपने लिए वोट मांग रहे हैं। उनका कहना है कि 1996 से बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे की मांग कर रहा था, जिसको मोदी-योगी सरकार ने पूरा किया है, हमारी लोकसभा क्षेत्र में डिफेंस कॉरिडोर बनने से यहां के लोगों को रोजगार मिलेगा, उन्हें पलायन नहीं करना पड़ेगा।उन्होंने बताया जब एमएसएमई मंत्री बना तो प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना लॉन्च की। 13500 करोड़ रुपए खर्च के लिए दिए और जो भी ट्रेनिंग लेगा उन्हें स्थाई फंड दिया जाएगा। आने जाने का भत्ता भी दिया जाएगा। जब वह ट्रेनिंग पूरी हो जाएगी तो उन्हें घ्15000 का एक कूपन दिया जाएगा, जो फ्री में है, यह उनके लिए है जो परंपरागत अपना व्यवसाय करते थे जिसमें सुनार, दर्जी, बढ़ई लोहार, जिसमें 18 प्रकार के लोग हैं, जो गांव में अपना व्यवसाय करते थे, यह सारी योजना देश की इस प्रधानमंत्री ने लॉन्च की है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ देने की लगातार कोसिस कर रही है। बैठक के बाद मेन रोड पुखरायां में विशाल रैली निकाल कर पुखरायां की जनता से वोट मांगे।

# अब पढ़ाते समय क्लास रूम की होगी रिकॉर्डिंग, होगा शिक्षकों का मूल्यांकन

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में शिक्षण व्यवस्था में किए जा सुधार के क्रम में अब बच्चों के साथ ही शिक्षकों का भी मूल्यांकन होगा। बेसिक शिक्षा विभाग शिक्षकों के पठन-पाठन के तरीकों की पांच मिनट की वीडियो रिकॉर्डिंग कराएगा। इसका डायट स्तर पर मूल्यांकन होगा। वहीं जिन शिक्षकों के पढ़ाने के तरीके आदि में कमियां होंगी उसमें सुधार के लिए भी काम किया जाएगा।परिषदीय विद्यालयों में प्रभावी कक्षा शिक्षण के लिए एससीईआरटी की ओर से विभिन्न कवायद की जाती हैं। इसमें टेक्स्ट बुक से लेकर विभिन्न सपोर्टिंग सुपरविजन भी किया जाता है। इसी के तहत अब पठन-पाठन को और बेहतर करने के उद्देश्य से यह कवायद शुरू की गई है। हर परिषदीय, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, कंपोजिट विद्यालय के शिक्षकों की कक्षावार, विषयवार, लर्निंग आउटकम आधारित वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी डायट प्राचार्य व उप शिक्षा निदेशक को निर्देश दिए हैं कि यह वीडियो 20 मई तक तैयार कराकर बीईओ को उपलब्ध कराएं। इन वीडियो का मूल्यांकन करते हुए उनकी गुणवत्ता के आधार पर उत्कृष्ट, मध्यम व सामान्य श्रेणी में इसका विभाजन किया जाएगा। वहीं मध्यम व सामान्य श्रेणी में आने वाले शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर उनके पठन-पाठन के तरीके को और बेहतर किया जाएगा जबकि उत्कृष्ट शिक्षकों के वीडियो को विभिन्न कार्यशालाओं में प्रयोग किया जाएगा। इन्हें एक्सपोजर विजिट भी कराई जाएगी ताकि वे और बेहतर कर सकें। उन्होंने कहा है कि यह प्रक्रिया 15 जून तक पूरी करा ली जाए ताकि जुलाई में जब विद्यालय खुलें तो नए उत्साह के साथ पठन-पाठन की शुरुआत हो सके।

# पंचम चरण के निर्वाचन में वोट परसेंटेज बढ़ाने हेतु स्वीप अभियान तेज

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

**भोगनीपुर विधानसभा के मतदाताओं को जागरूक करने की ओर केंद्रित कर दिया गया है**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में स्वीप अभियान लगातार जारी है। अभी विगत 13 मई को जनपद की तीन लोकसभाओं के अंतर्गत आने वाली तीन विधानसभाओ में संपन्न हुए चुनाव में स्वीप अभियान गतिविधियां जारी रहने के चलते भीषण गर्मी के बावजूद मतदान प्रतिशत अन्य जनपदों की अपेक्षा काफी अच्छा रहा जनपद में करीब 60 फीसदी मतदान हुआ है। अब जनपद की शेष बची एक विधानसभा भोगनीपुर, जो कि लोकसभा क्षेत्र जालौन गरौठा के अंतर्गत आती है, में पंचम चरण यानी आगामी 20 मई को चुनाव होना है। जिसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में स्वीप अभियान को और गति प्रदान कर दी गई है। अब आगामी चार दिनों में पूरा ध्यान भोगनीपुर विधानसभा के मतदाताओं को जागरूक करने की ओर केंद्रित कर दिया गया है। जनपद के स्वीप आइकॉन डॉ अनूप सचान भी भोगनीपुर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में आमजन के साथ संपर्क तथा बैठक व चौपाल आदि के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में क्रियाशील है। वहीं स्वीप गतिविधियों की जानकारी देते हुए इसी क्रम में सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा ने समाचार पत्र को अवगत कराया कि स्वीप अभियान की नोडल मुख्य विकास अधिकारी के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ अचल कुमार मिश्र ने भोगनीपुर विधानसभा के अंतर्गत संचालित समस्त परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों, समस्त शिक्षण संस्थानों के एक पत्र जारी कर 16 मई से लेकर 20 मई तक आयोजित होने वाली गतिविधियों का कैलेंडर जारी कर दिया गया है। जिसके अंतर्गत चुनाव का पर्व, देश का गर्व का बैनर लगाकर शिक्षण संस्थाओं के प्रधानाध्यापक एवं अध्यापकों के नेतृत्व में 16 मई को स्वीप चौपाल, 17 मई को व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से समस्त बच्चों अभिभावकों को मतदान के प्रति जागरूक करना, 18 एवं 19 में को हां मैं हूं जागरूक मतदाता के अंतर्गत बुलावा टोली गठित करते हुए बीएलओ के माध्यम से घर-घर वोटर पर्ची का वितरण करते हुए उन्हें मतदान की शपथ दिलाना तथा 20 मई को मतदान के दिन बूथ मित्र के रूप में समस्त मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की सहायता करने का निर्देश प्रदान किया गया है।

# सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने पर जोर

जन एक्सप्रेस । औरैया

दिबियापुर नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों के एक वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन राघव मिश्रा की अध्यक्षता में सभासदों की बैठक हुयी। बैठक में अध्यक्ष राघव मिश्रा ने मौजूद सभासदों से वार्डों की समस्याओं पर चर्चा करते हुये कहा कि लोकसभा चुनाव के कारण जो निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहे हैं उन्हें जल्द पूरा कराया जायेगा उन्होंने बताया कि इस सम्बध में सम्बधित ठेकेदारों को समय से काम पूरे करने को निर्देशित किया गया है। शास्त्री नगर के सभासद द्वारा बारिस में वार्ड में जलभराव होने की आशंका जताने पर बताया कि जलनिगम द्वारा एकाध दिन में जलनिकासी के लिये प्रस्तावित कार्ययोजना पर काम शुरू कराया जायेगा। विधायक प्रतिनिधि अजय पोरवाल ने जलनिगम द्वारा बिछाई जा रही पेयजल लाइन से क्षतिग्रस्त हुयी सडकों और नालियों के सवाल पर अध्यक्ष ने बताया कि जलनिगम को नई लाइनों की खुदाई पर रोक लगायी है।

# ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे का निधन

## ग्वालियर राजघराने की राजमाता माधवी के निधन पर सीएम समेत अन्य नेताओं ने जताया दुख



**✻ दिल्ली के एम्स से जुड़े सूत्रों ने कहा कि माधवी राजे ने सुबह 9:28 बजे अंतिम सांस ली**

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

ग्वालियर राजघराने की राजमाता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां माधवी राजे सिंधिया का बुधवार सुबह निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं। माधवी राजे लंबे समय से बीमार चल रही थीं। 15 फरवरी को उन्हें एम्स में भर्ती किया गया था और तब से ही उनकी तबियत खराब चल रही थी। दिल्ली के एम्स से जुड़े सूत्रों ने कहा कि माधवी राजे ने सुबह 9:28 बजे अंतिम सांस ली। पिछले कुछ दिन से वह वेंटिलेटर पर थीं और जिंदगी के लिए संघर्ष कर रही थीं। उन्हें 15 फरवरी को एम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें सेप्सिस के साथ निमोनिया भी हो गया था। ज्योतिरादित्य सिंधिया गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से भाजपा के प्रत्याशी हैं, जहां सात मई को मतदान हुआ था। चुनाव प्रचार के दौरान भी सिंधिया का लगातार दिल्ली दौरा होता रहा था। भाजपा के कद्दावर नेता और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मां राजमाता माधवी राजे सिंधिया मूल रूप से नेपाल की रहने वाली थीं। उनका नेपाल के राजघराने से संबंध था। उनके दादा जुद्ध शमशेर बहादुर नेपाल के प्रधानमंत्री थे। साल 1966 में उनका माधवराव सिंधिया के साथ उनका विवाह हुआ था।

### 15 फरवरी को किया गया था भर्ती

माधवी राजे को सांस में तकलीफ होने पर 15 फरवरी को दिल्ली के एम्स में भर्ती किया गया था। वह लाइफ सपोर्ट सिस्टम (वेंटिलेटर) पर थीं। खुद ज्योतिरादित्य ने गुना में चुनाव प्रचार के दौरान राजमाता के बीमार होने की जानकारी दी थी। दो मार्च को 195 प्रत्याशियों की सूची में भाजपा ने सिंधिया को गुना-शिवपुरी से उम्मीदवार बनाया था। इसके तीन दिन बाद सिंधिया ने अपने क्षेत्र में पहला कार्यक्रम किया था। इस दौरान उन्होंने बताया था कि राजमाता पिछले कुछ दिनों से बीमार है। आप लोगों में भी तो मेरा भाई, बहन, मां-पिता हैं। मैं परिवार को परेशानी में नहीं देख सकता। ओलावृष्टि ने फसलों को बर्बाद किया है। ऐसे दुख के समय में मुझे भी आपसे मिलने आना ही था।

### मां के करीब थे ज्योतिरादिन्य

ज्योतिरादित्य को अपनी मां के काफी करीब माना जाता है। मां की तबियत ठीक नहीं होने की वजह से ज्योतिरादित्य भी भाजपा के कार्यक्रमों से दूर ही रहे। सिर्फ केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इसके बाद से वे लगातार दिल्ली में ही बने हुए थे। चुनाव प्रचार के दौरान भी बीच-बीच में दिल्ली दौरा करते रहे। चुनाव प्रचार थमते ही ज्योतिरादित्य का पूरा परिवार दिल्ली आ गया था।

### सिंधिया कार्यालय से यह बयान किया गया जारी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कार्यालय से जारी बयान में कहा गया है कि फ्बड़े दु:ख के साथ ये साझा करना चाहते हैं कि राजमाता साहब नहीं रहीं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की माता व ग्वालियर राज घराने की राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी का इलाज पिछले दो महीनों से दिल्ली के एम्स अस्पताल में चल रहा था। पिछले दो सप्ताह स्थिति बेहद क्रिटिकल थी। आज सुबह 9.28 बजे उन्होंने दिल्ली के एम्स अस्पताल में आखिरी सांस ली।

### आज ग्वालियर में होगा अंतिम संस्कार

राजमाता माधवी राजे सिंधिया का अंतिम संस्कार ग्वालियर में होगा। इससे पहले बुधवार दोपहर तीन बजे से शाम सात बजे तक उनका पार्थिव शरीर नई दिल्ली स्थित आवास 27 सफदरजंग रोड पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। इसके बादा उन्हें अंतिम संस्कार के लिए ग्वालियर लाया।

### सीएम यादव बोले, मां जीवन का आधार होती है

मध्य प्रदेश के सीएम डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर की राजमाता के निधन पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने एक्स कर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधया की पूज्य माता जी माधवी राजे सिंधिया जी के निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। मां जीवन का आधार होती हैं, इनका जाना जीवन की अपूरणीय क्षति है। बाबा महाकाल से दिवंगत पुण्य आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और परिजनों को यह गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करता हूं।

### मंत्री लोधी ने शोक व्यक्त किया

राजमाता माधवी राजे सिंधिया के निधन पर प्रदेश के संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने एक्स (ट्वीट) कर दु:ख व्यक्त किया है। उन्होंने लिखा- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी की पूजनीय माताजी माधवी राजे सिंधिया जी के निधन का दुःखद समाचार मिला। परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें और शोकाकुल परिवार को यह दु:ख सहने की शक्ति दें।

### कमलनाथ ने जताया दुख

मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने राजमाता सिंधिया के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने एक्स कर लिखा- स्वर्गीय माधव राव सिंधिया की धर्मपत्नी और ज्योतरादित्य सिंधिया की माता जी माधवी राजे सिंधिया जी के निधन का समाचार अत्यंत दुखद और पीड़ादायक है। मैं शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति और सिंधिया परिवार को यह असीम दुख सहने की शक्ति देने के लिये ईश्वर से प्रार्थना करता हूं।

# न्यूजक्लिक के संस्थापक की गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट ने बताया अवैध, रिहा करने का दिया आदेश



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत एक मामले में न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ की गिरफ्तारी को अवैध करार दिया। इसके साथ ही जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने उन्हें जल्द रिहा करने का आदेश दिया। बता दें कि न्यूजक्लिक पर भारत की संप्रभुता को बाधित करने और देश के खिलाफ असंतोष पैदा करने के लिए चीन से धन लेने का आरोप लगाया गया था। समाचार पोर्टल के खिलाफ दर्ज एफआईआर में पुरकायस्थ पर 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनावी प्रक्रिया में व्यवधान पहुंचाने के लिए पीपल्स अलायंस फॉर डेमोक्रेसी एंड सेक्युलरिज्म (पीएडीएस) नामक समूह के साथ साजिश रचने का भी आरोप है।

### क्या है न्यूजक्लिक मामला

न्यूज क्लिक एक डिजिटल मीडिया प्लेटफॉर्म है। जिसके ऊपर विदेशी फंडिंग का मामला दर्ज हुआ है। भारतीय जनता पार्टी ने चीन का साथ देकर भारत में माहौल खराब करने का आरोप लगाया था। स्पेशल सेल से पहले ईडी भी छापेमारी की कार्रवाई कर चुकी है। ईडी ने जानकारी दी थी कि न्यूज क्लिक को विदेशों से लगभग 38 करोड़ रुपये की फंडिंग हुई थी। जिसके बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि साल 2005 से 2014 के बीच कांग्रेस को भी चीन से बहुत सारा पैसा मिला। इतना ही नहीं द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में भी बताया गया था कि न्यूज क्लिक को विदेशी फंडिंग से 38 करोड़ मिले थे। यह पैसा कुछ जर्नलिस्ट में शेयर हुआ था।

## गुजरात में बड़ा हादसा, नर्मदा नदी में नहाने उतरे एक ही परिवार के सात लोग डूबे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। वडोदरा

गुजरात के पोइचा में नर्मदा नदी में एक ही परिवार के सात लोगों के डूबने की खबर सामने आई है। बताया गया है कि मंगलवार दोपहर को यह लोग नर्मदा नदी में तैराकी करने आए थे। हालांकि, यहां तेज बहाव में सातों लोग डूब गए। इस घटना के बाद एनडीआरएफ और वडोदरा दमकल की टीम लोगों को खोजने की कोशिश में जुटी है। पुलिस ने बताया कि सभी पीड़ित सूरत के एक ग्रुप का हिस्सा थे, जो पोइचा आए थे। मंगलवार की सुबह घटना की सूचना पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे। दोपहर में जरोड से 6बीएन एनडीआरएफ की एक इकाई घटनास्थल पर पहुंची। बता दें कि पोइचा नर्मदा नदी में तैराकी के लिए एक मशहूर ग्रीष्मकालीन पिननिक स्थल है। हाल ही में नर्मदा जिला प्रशासन ने स्थानीय नाव संचालकों को बिना लाइसेंस नाव न चलाने के निर्देश दिए थे। वडोदरा एनडीआरएफ इंस्पेक्टर आशुतोष श्रीमल ने कहा, ÷एनडीरएफ और दमकल की टीम यहां मौजूद हैं। आज सुबह आठ बजे एक शव मिला। दो नाव के जरिए बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बाकी के छह शवों की तलाश जारी है।

# बंगाल गवर्नर पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का दूसरा केस

## क्लासिकल डांसर बोली, बोस ने दिल्ली के होटल में शोषण किया



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट का एक और केस सामने आया है। उन पर एक ओडिसी क्लासिकल डांसर ने दिल्ली के एक 5 स्टार होटल में यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। शिकायत अक्टूबर 2023 में दर्ज कराई गई थी। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, बंगाल पुलिस ने पिछले हफ्ते राज्य सरकार को जांच रिपोर्ट सौंपी है। 14 मई को मामला सामने आया है। ओडिशी डांसर ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह विदेश यात्रा से जुड़ी दिक्कतों को लेकर राज्यपाल से मदद मांगने गई थी।

### जांच रिपोर्ट में क्या

जांच रिपोर्ट में दावा किया गया कि सीसीटीवी फुटेज में राज्यपाल के होटल में एंट्री और एग्जिट का समय और महिला ने अपनी शिकायत में जो समय बताया है, वह एक है। हालांकि, ओडिशी डांसर ने यह नहीं बताया कि उसने 10 महीने बीतने के बाद अक्टूबर में शिकायत क्यों दर्ज कराई। पूरे मामले पर सीवी बोस या राजभवन की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

### राजभवन की पूर्व महिला कर्मी ने भी यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया

हाल ही में, आनंद बोस पर राजभवन की पूर्व महिला कर्मी ने भी यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। उसने 2 मई को हरे स्ट्रीट थाने में राज्यपाल के खिलाफ लिखित शिकायत दी थी। महिला ने आरोप लगाया कि वो 24 मार्च को स्थायी नौकरी का निवेदन लेकर राज्यपाल के पास गई थी। तब राज्यपाल ने बदसलूकी की। 2 मई को फिर यही हुआ तो वह राजभवन के बाहर तैनात पुलिस अधिकारी के पास शिकायत लेकर गई। हालांकि, राज्यपाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महिला के आरोपों का खंडन किया था। उन्होंने कहा- ये मुझे बदनाम करने की साजिश है। मेरे ऊपर बेबुनियाद आरोप लगाए गए हैं। सत्य की जीत होगी। उन्होंने आगे कहा कि मैं बनावटी नरेटिव से डरने वाला नहीं। कोई मुझे बदनाम करके चुनावी फायदा चाहता है तो भगवान भला करे। मैं भ्रष्टाचार-हिंसा के खिलाफ लड़ाई नहीं रोक सकता।

# राजस्थान में खदान हादसे में एक अधिकारी की मौत

## 15 घंटे में बचाए गए 14 लोग, लिफ्ट की चेन टूटने से 1875 फीट नीचे फंसे थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जयपुर

नीम का थाना जिले के खेतड़ी के कोहिलान खदान में फंसे 15 में से एक अधिकारी की मौत हो गई। हादसे में जान गंवाने वाले चीफ विजिलेंस ऑफिसर उपेंद्र पांडे हैं। बाकी सभी 14 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। जिनमें से तीन को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। मौके पर अभी भी पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौजूद हैं। दरअसल, मंगलवार देर रात हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड की कोलिहान खदान में करीब 1800 फीट गहराई में 15 लोग फंस गए थे। यह सभी ऑफिसर खदान में विजिलेंस का काम करके वापस लौट रहे थे इस दौरान अचानक लिफ्ट का रस्सा टूटने से लिफ्ट खदान में गिर गई और उसमें सभी लोग फंस गए। इसके बाद से लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन कर उन्हें बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे थे। करीब 15 घंटे बाद 14 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि एक की मौत हो गई है।

### किसी का हाथ तो किसी का पैर टूटा

झुंझुनू सरकारी अस्पताल के डॉ. प्रवीण शर्मा ने बताया कि खदान में फंसे सभी लोग सुरक्षित हैं। लेकिन, किसी के हाथ तो किसी के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। तीन लोगां की हालत गंभीर थी, ऐसे में उन्हें जयपुर रेफर किया गया है।

### फंसे हुए लोगों में थे बड़े अधिकारी

कोहिलान की खदान के अंदर फंसे अधिकारियों में केसीसी यूनिट चीफ जीडी गुप्ता, दिल्ली से आए मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र पांडे, कोलिहान खदान के उप महाप्रबंधक एके शर्मा शामिल थे. खदान में फंसे अन्य लोगों में विनोद सिंह शेखावत, एके बैरा, अर्णव भंडारी, वनेंद्र भंडारी, निरंजन साहू, करण सिंह गहलोत, प्रीतम सिंह, हरसीराम और भागीरथ शामिल थे। इनमें दिल्ली से आए मुख्य सतर्कता अधिकारी उपेंद्र पांडे की मौत हो गई है।

# पहले कश्मीर में आजादी के नारे लगते थे, अब पीओके के नागरिक आजादी के नारे लगा रहे: शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में महंगाई को लेकर हुई हिंसा के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने पीओके को भारत का हिस्सा बताया। पाकिस्तान को घेरते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत इसे (पीओके) ले लेगा। पश्चिम बंगाल के श्रीरामपुर में अमित शाह ने बुधवार को एक रैली की। इस रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने पीओके का मुद्दा उठाया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2019 में कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद वहां शांति वापस आ गई। अब पीओके के नागरिक आजादी के नारे लगा रहे हैं। पीओके को लेकर अमित शाह ने विपक्ष पर भी निशाना साधा। अमित शाह ने कहा, ÷सरकार द्वारा कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद क्षेत्र में शांति वापस आ गई। लेकिन अब हम पीओके में प्रदर्शन देख रहे हैं। पहले यहां आजादी के नारे गूंजा करते थे और अब यही नारे वहां (पीओके) लगाए जा रहे हैं। पहले यहां पथराव होता था और अब वहां हो रहा है।



### पीओके मुद्दे पर कांग्रेस को घेरा

पीओके पर कब्जे की मांग का समर्थन न करने पर अमित शाह ने कांग्रेस को घेरा। उन्होंने कहा, मणि शंकर अय्यर जैसे कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि ऐसा नहीं करना चाहिए, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है। लेकिन मैं यह कहना चाहूंगा कि पीओके भारत का हिस्सा है और हम इसे ले लेंगे। भाजपा नेता ने आगे कहा कि यह लोकसभा चुनाव इंडी गठबंधन के भ्रष्ट नेताओं और ईमारदार नेता नरेंद्र मोदी के बीच चयन करने का चुनाव है। नरेंद्र मोदी के खिलाफ मुख्यमंत्री और तत्कालीन प्रधानमंत्री होने के बावजूद आज तक एक पैसे का भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा, बंगाल को यह निर्णय लेना होगा कि उन्हें घुसपैठिए चाहिए या शरणार्थियों के लिए सीएए। बंगाल को तय करना है कि वह जिहाद को वोट देना चाहते हैं या विकास को।

### ममता सरकार पर साधा निशाना

सीएए का विरोध करने पर अमिता शाह ने बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, ममता बनर्जी मां-माटी-मानुष नारे के साथ सत्ता में आई थीं। लेकिन यह नारा अब मुल्ला, मौलवी, मदरसा में बदल गया। वह दुर्गा विसर्जन की अनुमति देने से मना करती हैं, लेकिन रमजान में मुसलमानों को छुट्टी देती हैं। शाह ने आगे कहा कि ममता सरकार वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों के समर्थन में रैलियां निकाल रही हैं।

## हुबली में फिर सिरफिरे आशिक ने महिला की चाकू मारकर की हत्या

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हुबली

कर्नाटक में एक बार फिर एक सिरफिरे आशिक ने प्यार का प्रस्ताव ठुकराने पर महिला की चाकू मारकर हत्या कर दी। गौरतलब है कि बीते कुछ दिनों में ही यह हुबली में ऐसी दूसरी घटना है। बीते दिनों हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी की भी सरेआम चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले पर राज्य की राजनीति गरमा गई थी और भाजपा ने कांग्रेस सरकार पर गंभीर आरोप लगाए थे। हुबली के बेंदीगेरी पुलिस स्टेशन इलाके में वीरापुर ओनी इलाके में 23 वर्षीय विश्व उर्फ गिरीश सावंत ने अंजलि अंबीगेरा की चाकू मारकर कर दी। गिरीश, अंजलि का परिचित था और बुधवार को सुबह करीब छह बजे वह अंजलि के घर पहुंचा।

## होर्डिंग दुर्घटना में मलबे के नीचे मिले 2 अन्य शव

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

मुंबई में विशाल होर्डिंग गिरने की वजह से 14 लोगों की मृत्यु हो गई थी। लेकिन दो अन्य लोगों की शव मलबे के नीचे मिले हैं। बचाव अभियान अभी भी जारी है। मुंबई में सोमवार को धूल भरी आंधी के दौरान घाटकोपर में एक पेट्रोल पंप 100 फीट लंबा अवैध होर्डिंग गिर गया था। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार होर्डिंग अवैध था। इसके गिरने का कारण धूल भरी आंधी और बेमौसम बारिश बताया गया। अवैध होर्डिंग के गिरने से 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी। बचाव दल को 14 शव बरामद हुए थे। वहीं इसके गिरने से लगभग 75 लोग बुरी तरह घायल हो गए थे। लेकिन अब इसके मलबे के नीचे दो और शव भी मिले हैं। मंगलवार रात को किसी ने इन दो शवों को देखा गया था। लेकिन इन शवों को अब तक बाहर नहीं निकाला जा सका है। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बुधवार को भी खोज और बचाव अभियान है। वहीं बचाव अभियान के दौरान घाटकोपर में घटना स्थल पर छोटी सी आग भी लग गई थी।

# प्रियंका गांधी गैर गंभीर और पर्यटक राजनेता हैं वे काल्पनिक दुनिया में रहती हैं: पीयूष गोयल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की आलोचना की। उन्होंने प्रियंका को गैर गंभीर और पर्यटक राजनेता बताया क्योंकि चुनाव के बाद वे गायब हो जाती हैं और असल भारत को अब तक नहीं समझ पाई हैं। गोयल ने कहा कि मैं स्वतंत्रता संग्राम में नेहरू-गांधी परिवार की भूमिका का सम्मान करता हूं। साथ ही उन्होंने दावा किया कि स्वतंत्रता के बाद से सिर्फ एक ही व्यक्ति की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा देशवासियों की इच्छा पर हावी रही।

### वे वास्तव में लोगों की सेवा नहीं कर सकतीं

गोयल ने बुधवार को प्रचार अभियान के दौरान एक साक्षात्कार में प्रियंका के बारे में कहा कि वे गंभीर राजनेता नहीं है। वे असल भारत से जुड़ती नहीं दिखतीं। वे एक अलग ही काल्पनिक दुनिया में रहती हैं। वे सिर्फ चुनाव के दौरान कभी-कभी मैदान में दिखती है फिर गायब हो जाती हैं। बता दें, साक्षात्कार में उनसे पूछा गया था कि क्या प्रियंका भविष्य में मजबूर राजनेता के रूप में उभरेंगी। इस सवाल के जवाब में उन्होंने आगे कहा कि वे वास्तव में लोगों की सेवा नहीं कर सकतीं। सिर्फ एक पर्यटक के रूप में वे भारत को कभी नहीं समझ सकतीं।

### पार्टी में सब कुछ सिर्फ एक परिवार के लिए होगा

गोयल ने साक्षात्कार के दौरान, आजादी के बाद कांग्रेस को खत्म करने और एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की महात्मा गांधी की सलाह का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सलाह के बावजूद सिर्फ एक परिवार के लिए सभी स्वतंत्रता सेनानियों के कामों को भुनाया गया। पिछले 75-77 वर्षों में साफ हो गया कि पार्टी में सब कुछ सिर्फ एक परिवार के लिए होगा। मुझे लगता है कि भारत के लोग यह सुनिश्चित करेंगे कि गांधी जी की कांग्रेस को खत्म करने की इच्छा लागू हो। क्या राहुल गांधी-प्रियंका गांधी ऐसा करेंगे।



### महन्वाकांक्षा देशवासियों की इच्छा पर हावी हो गई

'क्या नेहरू-गांधी परिवार द्वारा अनुभव की गई शहादत पर प्रियंका के बयान लोगों को पसंद आएंगे' इस सवाल पर गोयल ने कहा कि आजादी के बाद कांग्रेस ने एक व्यक्तिगत परिवार के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों के काम को भुनाया है। मैं सम्मान करता हूं कि आजादी की जंग में उनके परिवार की जो भूमिका रही पर यह भी सत्य है कि आजादी के बाद कांग्रेस के सभी लोगों ने सरदार पटेल को नेतृत्व के लिए चुना था लेकिन एक व्यक्ति की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा देशवासियों की इच्छा पर हावी हो गई।

# साल 2023 में दक्षिण एशिया में हुए कुल विस्थापन का 97 प्रतिशत अकेले मणिपुर में हुआ, रिपोर्ट में दावा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दक्षिण एशिया में साल 2023 में जितने लोग विस्थापित हुए, उनमें से 97 प्रतिशत लोग अकेले मणिपुर में विस्थापित हुए। जिनेवा आधारित आंतरिक विस्थापन मॉनिटरिंग सेंटर (ढ्ढष्ठरूष्ट) की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 में दक्षिण एशिया में कुल 69 हजार लोगों को विस्थापन का दंश झेलना पड़ा, इनमें से 67 हजार लोग अकेले मणिपुर में विस्थापित हुए। भारत में यह साल 2018 के बाद से हुआ सबसे बड़ा विस्थापन है।

### कुकी समुदाय कर रहा है मैतई को एसटी वर्ग में शामिल करने का विरोध

मणिपुर का कुकी समुदाय मैतई को एसटी वर्ग में शामिल करने का विरोध कर रहा है और इसकी वजह से ये दोनों समुदाय आमने-सामने हैं। राज्य के चुराचांदपुर, इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम, बिष्णुपुर, तेंगनुपाल, कांगपोकपी हिंसा से सबसे ज्यादा प्रभावित रहे और हिंसा के चलते राज्य में 67 हजार लोगों को अपना घर छोड़कर शरणार्थी कैंपों में शरण लेनी पड़ी। मणिपुर के अलावा मिजोरम, नगालैंड और असम में भी इस हिंसा का असर हुआ। हिंसा बढ़ने पर केंद्र ने मणिपुर में कर्फ्यू लगा दिया। विस्थापित लोग अभी भी अपने घर नहीं लौट सके हैं और हालात सामान्य होने में अभी भी काफी वक्त लग सकता है। आईडीएमसी की रिपोर्ट के अनुसार, साल 2023 तक दक्षिण एशिया में कुल 53 लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं और इनमें से 80 फीसदी अकेले अफगानिस्तान के हैं।

### हाईकोर्ट की सिफारिश से शुरू हुई हिंसा

मणिपुर में विस्थापन की वजह वहां जारी जातीय हिंसा है। मणिपुर हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में मणिपुर के बहुसंख्यक मैतई समुदाय को एसटी वर्ग में शामिल करने की सिफारिश की थी और केंद्र सरकार से इस पर विचार करने को कहा था। 3 मई 2023 मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में इसके खिलाफ ट्राइबल सॉलिडेरिटी मार्च निकाला गया। यह मार्च मैतई समुदाय को एसटी वर्ग में शामिल करने की मांग के विरोध में निकाला गया। इस मार्च के बाद मणिपुर में जातीय हिंसा भड़क गई। इस हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)